माघ शुक्ल पक्ष, पंचमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 14 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक 189, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पहली बार हुई चपटे आकार के एक्सोप्लैनेट ग्रह की खोज 16

लाहौर 1947 में सनी देओल संग काम करेंगी प्रीति 2

# दिल्ली जाने पर अड़े किसान, शंभू बॉर्डर पर बवाल

## सुरक्षाकर्मियों ने ड्रोन से दागे आंसू गैस के गोले डीएसपी समेत कई पुलिसकर्मी-किसान घायल

**चंडीगढ़, एजेंसी**

हरियाणा पुलिस ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानून बनाने की मांग कर रहे किसानों के दिल्ली कूच करने के बीच अंबाला के पास शंभू बॉर्डर पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। यहां किसान बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान अंबाला कैंट के डीएसपी समेत कई पुलिसकर्मी-किसान घायल हो गए। सूत्रों ने बताया कि कुछ किसानों को हिरासत में भी लिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च में शामिल युवाओं के एक समूह ने अंबाला में शंभू सीमा पर लगाए अवरोधक तोड़ने की कोशिश की, जिसके बाद हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। जब कुछ युवाओं ने लोहे के अवरोधक तोड़े और इसे घग्घर नदी पुल से फेंकने की कोशिश की तो पुलिस को आंसू गैस के कई गोले छोड़ने पड़े। उन्होंने बाद में आंसू गैस का गोला गिराने के लिए एक ड्रोन का भी इस्तेमाल किया। किसानों ने फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी देने समेत अन्य मांगों को लेकर दो केंद्रीय नेताओं के साथ बैठक बेनतीजा रहने के बाद दिल्ली की ओर कूच करने का फैसला किया है।

कई किसानों ने अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ फतेहगढ़ साहिब से सुबह करीब 10 बजे मार्च शुरू किया और वे शंभू सीमा के जरिए दिल्ली की ओर बढ़ रहे हैं। फतेहगढ़ साहिब और शंभू सीमा के बीच दूरी करीब 35-40 किलोमीटर है। किसानों के ट्रैक्टर ट्रॉली काफिले को शंभू सीमा की ओर बढ़ते हुए देखा गया। ट्रॉली में बुजुर्ग, युवा और महिलाओं को बैठे हुए देखा गया। हरियाणा की ओर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने पंजाब की ओर से सीमा पर आ रहे युवाओं के एक समूह को शंभू सीमा के समीप अवरोधकों से दूर रहने को भी कहा। हरियाणा में प्राधिकारियों ने कंक्रीट के अवरोधक, लोहे की कीलों और कंटीली तारों का इस्तेमाल कर अंबाला, जींद, फतेहाबाद, कुरुक्षेत्र और सिरसा में कई स्थानों पर पंजाब के साथ राज्य की सीमाओं की किलेबंदी कर दी है।



पंजाब-हरियाणा शंभू बॉर्डर पर पुलिस द्वारा आंसू गैस के गोले दागे जाने के बाद तितर-बितर किसान। ● एजेंसी

## पंजाब और हरियाणा बॉर्डर पर पुलिस ने रबर की गोलियां चलाईं, खनौरी बॉर्डर पर लाठियां भांजीं



शंभू बॉर्डर के पास लगाए गए कंक्रीट बैरिकेड को हटाने की कोशिश करते किसान।

### किसानों की हर समस्या के समाधान के लिए सरकार तैयार



**नई दिल्ली।** किसानों के दिल्ली कूच के बीच केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि सरकार किसानों की हर समस्या पर बात करने को तैयार है। मुंडा ने कहा कि कृषि और किसानों की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए लगातार प्रयास चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ बातचीत चल रही है और सरकार हर मुद्दे पर बात करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि जनता को परेशानी में नहीं डालना चाहिए और किसान संगठनों को इसे समझना चाहिए। मुंडा ने कहा कि सरकार बातचीत के लिए तैयार है।

**सरकार बनी तो हम एमएसपी पर कानून बनाएंगे :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही विभिन्न फसलों के लिए एमएसपी की गारंटी वाला कानून बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की देश भर के किसानों की लंबे समय से लंबित मांग है और सत्ता में आने पर सबसे पहले किसानों की इस मांग को पूरा किया जाएगा।



### हाईकोर्ट का हरियाणा, पंजाब और केंद्र को नोटिस

**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च से संबंधित दायर दो अलग-अलग याचिकाओं पर केंद्र के अलावा हरियाणा और पंजाब राज्यों को नोटिस जारी किए। याचिकाकर्ताओं में से एक ने अदालत से किसानों के विरोध-प्रदर्शन के खिलाफ हरियाणा और पंजाब तथा केंद्र सरकार की सभी 'अवरोधक' कार्रवाइयों पर रोक लगाने का अनुरोध किया है, जबकि दूसरे याचिकाकर्ता ने यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया है कि प्रदर्शनकारियों द्वारा कोई राजमार्ग अवरुद्ध न किया जाए, क्योंकि इससे आम जनता का दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 15 फरवरी तय की है।

## एक नजर

### तेजस्वी ने माफी मांगी मानहानि का मुकदमा रद

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राजद नेता तेजस्वी यादव के खिलाफ उनकी विवादास्पद टिप्पणी को लेकर अहमदाबाद की एक अदालत में दायर मानहानि का मुकदमा उनके माफी मांगने के साथ ही रद कर दिया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने मामले में राजद नेता के माफीनामे को स्वीकार करने के बाद उन्हें राहत प्रदान की। तेजस्वी ने पिछले साल मार्च में एक बयान में कहा था कि केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं। इसके बाद गुजरात के अहमदाबाद के निवासी व्यवसायी हरेश मेहता ने उनके खिलाफ अदालत में मानहानि शिकायत की थी।

### प. बंगाल में वायुसेना का हॉक विमान दुर्घटनाग्रस्त

**कोलकाता।** भारतीय वायुसेना का हॉक ट्रेनर विमान पश्चिम बंगाल के कलाईकुंडा एयरबेस पर एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में सवार दोनों पायलट सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे। फिलहाल इस दुर्घटना में जानमाल के नुकसान के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। भारतीय वायुसेना ने एक बयान में कहा कि विमान दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी (सीओआई) का गठन किया है, जो संभावित तकनीकी खराबी या मानवीय त्रुटि सहित घटना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जांच करेगी।

## फौजी ने दूल्हे समेत 7 लोगों को मारी गोली, एक की मौत

**गोंडा कार्यालय**

- जमीनी विवाद में 10-12 राउंड फायरिंग की, 6 लोग घायल
- छपिया थाना क्षेत्र के महुलीखोरी गांव के पांडेयपुरवा में हुई वारदात

**अमृत विचारः** छपिया थाना क्षेत्र के महुलीखोरी गांव के पांडेयपुरवा में मंगलवार की सुबह जमीन विवाद को लेकर एक फौजी ने दूल्हे समेत सात लोगों को गोली मार दी। गोली लगने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि 6 अन्य की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। मृतक महिला अपने भांजे की शादी में शामिल होने के लिए आई थी। फायरिंग करने वाले आरोपी सीताराम पुलिस गिरफ्त में है।

पुलिस के अनुसार छपिया थाना क्षेत्र के महुलीखोरी गांव के मजरे पांडेयपुरवा के रहने वाले बाबू राम जायसवाल व सीताराम यादव के परिवार के बीच जमीन को लेकर रंजिश चल रही है। बाबूराम जयसवाल के मुताबिक मंगलवार को उसके बेटे अमनदीप की बारात जानी थी। रिश्तेदारों की सहूलियत के लिए बाबू राम गली में टिन लगा रहे थे। इससे नाराज फौजी सीताराम यादव भड़क गया और उसने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से फायरिंग शुरू कर दी।

## स्वामी प्रसाद ने सपा के राष्ट्रीय महासचिव पद से दिया इस्तीफा



**लखनऊ।** स्वामी प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को संबोधित एक पत्र में न केवल इस्तीफा देने के कारणों की चर्चा की है, बल्कि यह भी स्पष्ट किया है कि उन्होंने केवल पद से इस्तीफा दिया है, पार्टी से नहीं। वह पार्टी को सशक्त बनाने के लिए तत्पर रहेंगे। स्वामी प्रसाद मौर्य ने सपा प्रमुख को लिखे पत्र में जहां स्वयं को विधान परिषद भेजने और राष्ट्रीय महासचिव का पद देने के लिए अखिलेश का आभार जताया, वहीं गंभीर आरोप भी लगाए हैं। सोशल मीडिया पर सामने आए इस पत्र में उन्होंने अपने हिंदू धर्म एवं कर्मकांड को लेकर की गई विवादित टिप्पणियों के कारण भी बताते हुए अपने बयानों को जायज ठहराया है। माना जा रहा है कि स्वामी प्रसाद को अपने राज्यसभा भेजे जाने की उम्मीद थी, न पूरी होने पर इस्तीफा दिया है।

## मोदी पहुंचे यूएई, रुपे कार्ड सेवा की शुरुआत

**आबू धाबी, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को यूएई (संयुक्त अरब अमीरात) के दौरे पर पहुंचे। यहां हवाईअड्डे पर यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद दोनों नेताओं मुलाकात की। इस दौरान दौरान दोनों नेताओं ने यूपीआई रुपे कार्ड सेवा की शुरुआत की। दोनों देशों के बीच कई अहम समझौते भी हुए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूएई और भारत के मजबूत होते संबंधों की चर्चा की। उन्होंने वहां बने मंदिर में मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए इसे दोनों देशों के अनोखे संबंधों की शक्ति बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मुलाकात का वीडियो अपने एक्स अकाउंट पर भी शेयर किया है।



- राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद ने की अगवानी, एक-दूसरे को गले लगाकर अभिनंदन किया

प्रधानमंत्री मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद से कहा, "आपका भारत के प्रति जो लगाव है और यूएई के उज्जवल भविष्य के लिए जो विजन है, उसका एक उदाहरण मैं देख रहा हूं- यहां बीएपीएस (बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था) का मंदिर बनना। आपके सहयोग के बिना यह संभव नहीं था। मेरी पहली मुलाकात में मैंने आपसे आग्रह किया की कि जरा आप देख लीजिए और आपने बता दिया कि जगह पर आप उंगली रख दीजिए, आपको जगह मिल जाएगी।"

### प्रगति में साझेदार हैं भारत और यूएईः प्रधानमंत्री मोदी

**अबू धाबी।** भारत और यूएई को 'प्रगति में साझेदार' बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि दोनों देशों के बीच रिश्ते दुनिया के लिए आदर्श हैं और वे 21वीं सदी के तीसरे दशक में नया इतिहास रच रहे हैं। मोदी ने कहा, 'हमारी साझेदारी सभी क्षेत्रों में मजबूत हो रही है और नई ऊंचाइयों पर पहुंच रही है।' प्रधानमंत्री ने अबू धाबी के जायद स्पोर्ट्स स्टेडियम में 'मोदी मोदी' के नारों के बीच 'अहलन मोदी' कार्यक्रम में शामिल हुए भारतवंशी लोगों का अभिवादन 'नमस्कार' कहकर किया।

## रामलला को मिले छह अंगरक्षक

**अयोध्या, अमृत विचार।** राम मंदिर में विराजमान बाल्य स्वरूप रामलला की सुरक्षा के लिए अब विशेष व्यवस्था भी पूर्ण हो गई है। दर्शन के लिए उमड़ रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए रामलला की सुरक्षा में छह अंगरक्षक तैनात कर दिए गए हैं। हर वक्त दो अंग रक्षक आठ-आठ घंटे रामलला की सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगे। बताया जाता है कि ये अंगरक्षक गर्भगृह और रामलला के श्रृंगार के आभूषण और वस्त्र की निगरानी भी करेंगे। बता दें कि बीते दिनों राम मंदिर स्थाई सुरक्षा समिति की बैठक में श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए अंगरक्षक नियुक्त किए जाने पर सहमति बनी थी। इसके बाद अब जिला प्रशासन की ओर से रामलला की सुरक्षा को लेकर छह अंगरक्षक प्रदान किए गए हैं।

## सपा को पल्लवी पटेल ने दिया झटका, उसे वोट न देने की अपील

**लखनऊ, अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी को मंगलवार को एक साथ दो झटके मिले। एक ओर राष्ट्रीय महासचिव पद से जहां स्वामी प्रसाद मौर्य ने इस्तीफा दिया वहीं, पार्टी की सहयोगी दल अपना दल कमेरावादी की नेता व विधायक पल्लवी पटेल ने राज्यसभा चुनाव में सपा उम्मीदवार को वोट ना देने की बात मीडिया से साझा की है।

विधायक पल्लवी पटेल ने मंगलवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। राज्यसभा में जया बच्चन और आलोक रंजन को भेजने नाराज पल्लवी पटेल ने कहा कि, पीडीए का मतलब मैं पिछड़ा दलित और अल्पसंख्यक समझती हूं, लेकिन इसे इसे बच्चन और रंजन से जोड़ कर देखा जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि, जब लड़ाई पिछड़ा दलित खेत-खलिहान की हो रही है तो फिर पीडीए कहां गया। ऐसे में सपा को अपने राज्यसभा के लिए तीसरे उम्मीदवार को जिताना भी मुश्किल होगा।

## कोटा में एक और कोचिंग छात्र ने की आत्महत्या

**कोटा, एजेंसी**

- जेईई परिणाम आने के बाद उठाया कदम बीते 20 दिनों में चौथी घटना

राजस्थान के कोचिंग सिटी कहे जाने वाले कोटा में संयुक्त प्रवेश प्रवेश परीक्षा (जेईई) का परिणाम आने के साथ ही एक और कोचिंग छात्र ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बीते 20 दिनों में किसी कोचिंग छात्र के आत्महत्या करने की चौथी घटना है।

जानकारी के अनुसार कोटा में रहकर एक निजी कोचिंग संस्थान से जेईई के लिए कोचिंग कर रहे छत्तीसगढ़ के एक कोचिंग छात्र शुभ कुमार चौधरी ने सोमवार रात किसी समय फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली, जिसका पता मंगलवार सुबह लगा। वह पिछले दो साल से कोटा में रहकर जेईई की प्रवेश परीक्षा के लिए महावीर नगर प्रथम के एक हॉस्टल में रहकर निजी शिक्षण संस्थान से कोचिंग कर रहा था। वह कोचिंग करने के अलावा 12वीं का छात्र भी था।

सोमवार रात ही जेईई मेंस की परीक्षा का परिणाम आया था। शुभ कुमार चौधरी के आत्महत्या करने का पता उस समय चला, जब परिणाम आने की जानकारी मिलने के बाद उसके माता-पिता ने उसे मंगलवार की सुबह फोन किया, लेकिन बार-बार फोन करने के बावजूद उसने फोन नहीं उठाया तो उन्होंने उस हॉस्टल के वार्डन को फोन किया, जिसमें वह रह रहा था। हॉस्टल का वार्डन ने शुभ कुमार चौधरी के कमरे में पहुंचा और उसने धक्का देकर दरवाजा खोला तो छात्र फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला।

## सोनिया गांधी राजस्थान से होंगी राज्यसभा के लिए उम्मीदवार

**नई दिल्ली/जयपुर।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी राज्यसभा चुनाव में राजस्थान से पार्टी की उम्मीदवार होंगी और वह बुधवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। पार्टी सूत्रों ने ने बताया कि सोनिया गांधी बुधवार को जयपुर में नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। इस मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रह सकते हैं। कांग्रेस राज्यसभा चुनाव के लिए बहुत जल्द अपने उम्मीदवारों की सूची जारी करेगी। नामांकन पत्र दाखिल करने की आखिरी तिथि 15 फरवरी है। सोनिया गांधी वर्ष 1999 से लगातार लोकसभा सदस्य हैं। यह पहली बार होगा कि वह संसद के उच्च सदन में जाएंगी। कांग्रेस कर्नाटक, तेलंगाना, राजस्थान, मध्य प्रदेश और हिमाचल से राज्यसभा की सीट जीतने की स्थिति में है। राजस्थान कांग्रेस ने पार्टी नेतृत्व से राज्य से सोनिया गांधी को नामित करने का आग्रह किया था।



### निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति का मामला

## नए कानून पर रोक से कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति से संबंधित नए कानून के अमल पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। नए कानून में मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति ऐसी समिति द्वारा किये जाने का प्रावधान है, जिसमें प्रधान न्यायाधीश शामिल नहीं होंगे।



न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने एक गैर-सरकारी संगठन 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) की ओर से दायर याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया और इस याचिका को इसी विषय पर लंबित अन्य याचिकाओं के साथ अप्रैल में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। याचिका में मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) अधिनियम, 2023 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। एनजीओ की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि यह कानून शीर्ष अदालत की संविधान पीठ के उस फैसले के विपरीत है, जिसने निर्देश दिया था कि सीजेआई उस समिति का हिस्सा होंगे, जो सीईसी और ईसी की नियुक्ति करेगा। जब भूषण ने कानून के क्रियान्वयन पर अंतरिम रोक लगाने पर जोर दिया, तो पीठ ने कहा, 'माफ करें, हम आपको इस मामले में अंतरिम राहत नहीं दे सकते।'

## अभिनेत्री मलिका राजपूत का पंखे से लटका मिला शव

**संवाददाता, सुलतानपुर**

- मौत के कारणों का खुलासा नहीं, अवसाद में थीं मलिका

**अमृत विचार :** अभिनेत्री व गायिका विजय लक्ष्मी उर्फ मलिका राजपूत की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मलिका का शव उनके घर के कमरे में लटका हुआ पाया गया। पुलिस के अनुसार कोतवाली नगर के सीताकुंड मोहल्ले में मंगलवार को गायिका व अभिनेत्री का शव घर के अंदर कमरे में पंखे से लटका मिला। मलिका काफी दिनों से अवसादग्रस्त थी। मलिका की मां सुमित्रा सिंह ने बताया कि सोमवार रात पूरा परिवार घर में सो रहा था। उसने अपने कमरे का दरवाजा बंद कर रखा था। रात दो बजे कमरे में लाइट जल रही थी। इस पर मां ने दो-तीन बार आवाज दी तो मलिका दरवाजा नहीं खोली। आखिरकार खिड़की से मां ने देखा तो वह खड़ी दिखी। दरवाजे में धक्का दिया हल्का सा तो देखा कि बिटिया पंखे के सहारे फंदे से लटकी हुई है। कोतवाली प्रभारी श्रीराम पांडेय ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। मलिका ने कंगना राणावत के साथ फिल्म रिवाल्वर रानी में काम किया था। इसके अलावा कई शार्ट फिल्में भी कर चुकी हैं।

## शत्रुघ्न-सनी लोस की किसी बहस में नहीं हुए शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के मोहन मंडावी और भागीरथ चौधरी 17वीं लोकसभा में ऐसे दो सदस्य रहे, जिन्होंने पांच साल की अवधि के दौरान कुल 274 बैठकों में 100 प्रतिशत उपस्थिति का गौरव हासिल किया। यह संयोग की कहा जाएगा कि पहली बार लोकसभा पहुंचे इन दोनों सदस्यों को सदन में एक-दूसरे के बगल वाली सीटें आवंटित की गई थीं। दूसरी तरफ, अभिनेता-राजनेता सनी देओल (भाजपा) और शत्रुघ्न सिन्हा (टीएमसी) उन नौ लोकसभा सदस्यों में से थे, जिन्होंने किसी भी चर्चा में भाग नहीं लिया।

## 75 जिलों में लगेंगी 10.11 लाख करोड़ की परियोजनाएं: योगी

### ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी

### मुख्यमंत्री ने की तीन दिवसीय जीबीसी 4.0 की तैयारियों की समीक्षा, आएंगे 35 सौ निवेशक

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चौथी ग्राउंड ब्रेक्रिंग सेरेमनी के जरिए प्रदेश के औद्योगिकरण को लेकर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने मंगलवार को विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, विकास प्राधिकरणों के सीईओ के साथ हुई विशेष बैठक में कहा कि 19 फरवरी को एक साथ प्रदेश के सभी 75 जिलों में 10.11 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं जमीन पर उतरेंगी। इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। कई केंद्रीय मंत्री, बड़े उद्योगपति, पार्टनर देशों के प्रतिनिधि समेत देशी-विदेशी 35 सौ निवेशक इसके गवाह बनेंगे।



मुख्यमंत्री ने तीन दिवसीय प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 को लेकर विभागवार और जनपदवार निवेश प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा एक साथ 14 हजार से अधिक निवेश प्रस्तावों के जमीनी क्रियान्वयन की शुरुआत होगी। इस अवसर पर उद्योग जगत के अनेक प्रतिष्ठित समूह, सीईओ, निवेशकों आदि की उपस्थिति होगी। यह समारोह प्रदेश के साथ-साथ पूरे देश के औद्योगिक विकास को गति देने का माध्यम होगा। निर्देश दिए कि समारोह की गरिमा और महत्ता के दृष्टिगत सभी आवश्यक प्रबंध कर लिए जाएं।

> नया उत्तर प्रदेश 'उद्यम प्रदेश' बनकर, भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में देश के विकास को सतत गति दे रहा है। प्रदेश आज 6 वर्ष बाद चतुर्थ जीबीसी में 10 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए पूरी तरह से तैयार है।
> -योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री

### वीवीआईपी मेहमानों को लेकर खास इंतजाम

मुख्यमंत्री ने कहा कि जीबीसी में अनेक केंद्रीय मंत्री, विभिन्न राजदूतों, जनप्रतिनिधिगणों की सहभागिता भी होनी है। निर्देश दिया कि अति विशिष्ट जनों के सुरक्षा व सत्कार प्रोटोकाल का पूर्णतः अनुपालन किया जाना चाहिए। सीएम फेलो की काउंसिलिंग/ट्रेनिंग करके उन्हें इन अतिविशिष्ट जनों के साथ संबद्ध किया जाए। औद्योगिक जगत के शीर्षस्थ उद्यमियों, निवेशकों आदि की आवासीय व्यवस्था, भोजन, आवागमन, पार्किंग आदि के समुचित प्रबंध किए जाएं।

**सभी जिलों में होगा सीधा प्रसारण :** मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि मुख्य समारोह में प्रधानमंत्री संबोधन का सभी जिलों में सीधा प्रसारण कराया जाए। इसके लिए स्क्रीन लगाई जाए। जिलाधिकारी द्वारा स्थानीय उद्यमियों/व्यापारियों को आमंत्रण पत्र भेजा जाए। यहां जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थिति हो।

# भारतीय टीम के सामने मजबूत नीदरलैंड की चुनौती

## भुवनेश्वर और राउरकेला में जारी एफआईएच महिला प्रो-लीग में भारतीय हॉकी टीम का प्रदर्शन रहा निराशाजनक

राउरकेला, एजेंसी



पिछले कुछ समय से खराब प्रदर्शन कर रही भारतीय महिला हॉकी टीम जब बुधवार को एफआईएच प्रो लीग के मौजूदा सत्र में अब तक अजेय रहे नीदरलैंड के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसके सामने लय हासिल करने की चुनौती होगी। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद से भारतीय टीम के प्रदर्शन में लगातार गिरावट आई है।

भुवनेश्वर और राउरकेला में जारी मौजूदा प्रो लीग में टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। सविता पूनिया की कप्तानी में टीम मौजूदा सत्र में पांच मैचों में सिर्फ एक मुकाबला जीतने में सफल रही है। भारतीय टीम को अपने घरेलू मैदान में चीन (1-2), नीदरलैंड (1-3) और ऑस्ट्रेलिया (0-3) के खिलाफ लगातार तीन हार का सामना करना पड़ा है। टीम ने इसके बाद अमेरिका को 3-1 हराकर वापसी की, लेकिन सोमवार को उसे चीन से फिर से 1-2 की शिकस्त का सामना करना पड़ा। भारत को अपने अगले मुकाबले में सबसे कठिन चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

नीदरलैंड की टीम नौ मैचों में 27 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है। भारत इस समय नौ टीमों की लीग में पांच मैचों में केवल 3 अंक के साथ पांचवें स्थान पर है। भारतीय कप्तान सविता पूनिया ने कहा कि हमें वे परिणाम नहीं मिले जो हम चाहते थे, लेकिन मेरा मानना है कि हमारे पास अच्छा प्रदर्शन करने और कुछ अंक हासिल करने के लिए आवश्यक चीजें हैं। मुझे लगता है कि हम टुकड़ों में अच्छा खेल रहे हैं लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है। भारतीय अग्रिम पंक्ति को अब तक आंशिक सफलता मिली है, जिसमें संगीता कुमारी, वंदना कटारिया, दीपिका, नवनीत कौर और सलीमा टेटे गोल करने में सफल रहे हैं। टीम को सबसे बड़ा झटका पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने की नाकामी से लग रहा है। ओलंपिक क्वालीफायर के बाद टीम को 5 मैचों में 21 पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन इसमें से एक भी गोल में नहीं बदला। नीदरलैंड को चुनौती देने के लिए बुधवार को गुरजीत कौर, दीपिका और उदिता जैसी खिलाड़ियों को पेनल्टी कॉर्नर के मौके को भुनाना होगा। साथ ही टीम को आसान गोल खाने से बचने के लिए पेनल्टी-कॉर्नर के खिलाफ अपने रक्षण को मजबूत करने की जरूरत होगी।

भारतीय कोच यानेक शॉपमैन ने कहा कि नीदरलैंड मजबूत टीम है लेकिन हमारे पास प्रतिभा की कमी नहीं है। हम तेज गति के साथ धैर्य बनाए रखेंगे। हम गोल करने के मौकों को भुनाने की कोशिश करेंगे।

# रविंद्र ने 3 विकेट लेकर अंतिम टेस्ट के पहले दिन द. अफ्रीका पर बनाया दबाव

हैमिल्टन (न्यूजीलैंड), एजेंसी

न्यूजीलैंड-द. अफ्रीका टेस्ट श्रृंखला



हरफनमौला रचिन रविंद्र के 3 विकेट से न्यूजीलैंड दो मैचों की श्रृंखला के अंतिम टेस्ट के पहले दिन 220 रन पर 6 विकेट लेकर द. अफ्रीका पर दबाव बनाने में सफल रहा।

बाए हाथ का स्पिनर रविंद्र ने मध्यक्रम में जुबैर हमजा (20), कीगन पीटरसन (दो) और डेविड बेडिघम (39) के विकेट चटकाए। उन्होंने 21 ओवर में केवल 33 रन दिए। रुआन डी स्वार्ड्ट ने अपना पहला अर्धशतक लगाकर हालांकि मैच में न्यूजीलैंड की वापसी करवाई। उन्होंने 37 साल की उम्र में टेस्ट पदार्पण कर रहे ऑलराउंडर शॉन वॉन बर्ग के साथ सातवें विकेट के लिए 70 रन की अटूट साझेदारी की। स्टंप्स के समय डी स्वार्डट 55 रन और वॉन बर्ग 34 रन बनाकर क्रीज पर थे। न्यूजीलैंड ने श्रृंखला के पहले मैच में 6 विकेट चटकाने वाले मिशेल सैंटनर को अंतिम एकादश में मौका नहीं दिया। टीम चार मुख्य तेज गेंदबाजों के साथ मैदान में उतरी, जिससे उसे स्पिन गेंदबाजी विभाग में रविंद्र पर बहुत ज्यादा निर्भर रहना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान नील ब्रांड ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। वह यहां के सेडॉन पार्क में 11 टेस्ट मैचों में ऐसा करने वाले दूसरे कप्तान बन गए। पिच पर घास होने का फायदा उठाते हुए तेज गेंदबाज मैट हेनरी, विल ओ'रूर्के और नील वैगनर ने पहले सत्र में एक-एक विकेट लिए। लंच के समय दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 3 विकेट पर 64 रन था। लंच के बाद रविंद्र ने अफ्रीका की रन गति पर अंकुश लगाया। उन्होंने 13 ओवर में 6 मेडन के साथ 15 रन दिए।

## खेल डायरी

### अर्जेंटीना ओपन टेनिसः वावरिंका अंतिम 16 में पहुंचे, सिलिच बाहर हुए



ब्यूनस आयर्स, एजेंसी। तीन ग्रैंड स्लैम खिताब के विजेता स्टैन वावरिंका अर्जेंटीना ओपन टेनिस के प्री-क्वार्टर फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त निकोलस जैरी का सामना करेंगे। विश्व रैंकिंग में 60वें स्थान पर काबिज वावरिंका ने सोमवार को स्थानीय खिलाड़ी पेड्रो कैचिन के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए 6-7, 6-1, 6-2 से जीत दर्ज की। अमेरिका ओपन (2014) के चैंपियन रहे मारिन सिलिक को लास्लो जेरे ने 4-6, 6-3, 6-0 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर किया।

### अर्जुन प्रसाद पहले दौर के बाद एकल बढ़त पर

कोलकाता, एजेंसी। दिल्ली के गोल्फर अर्जुन प्रसाद ने मंगलवार को यहां एक करोड रुपए इनामी पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप के पहले दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ अंडर 62 का कार्ड खेला। सोमवार को अपना 25वां जन्मदिन मनाने वाले अर्जुन प्रसाद पहले दौर के बाद एकल बढ़त पर हैं। उनके बाद दिल्ली के एक अन्य गोल्फर और मौजूदा चैंपियन सचिन बैसोया (63) का नंबर आता है। वह अर्जुन से एक शॉट पीछे हैं। चेक गणराज्य की स्टीपन दानेक तथा भारत के उदयन माने, करण प्रताप सिंह और मोहम्मद संजू ने 64 का कार्ड खेला। यह चारों खिलाड़ी संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। पीजीटीआई ऑर्डर का मेरिट के 2022 के चैंपियन मनु गंडास ने 65 का स्कोर बनाया तथा वह राहिल गंगजी और चार अन्य के साथ संयुक्त सातवें स्थान पर हैं।

### एसयूएफसी ने पुणे में 3 प्रशिक्षण केंद्र खोले

पुणे, एजेंसी। बेंगलुरु के निजी प्रोफेशनल फुटबॉल क्लब साउथ यूनाइटेड फुटबॉल क्लब (एसयूएफसी) ने पुणे में अपनी अकादमी के विस्तार की घोषणा की है। एसयूएफसी की प्रतिष्ठित अकादमी साउथ यूनाइटेड फुटबॉल अकादमी (एसयूएफए) ने हाल ही में पुणे में बावधन, खराड़ी और उंद्री में तीन अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्रों का उद्घाटन किया है। पुणे में एसयूएफ तीन साल की उम्र से ही बच्चों को उनकी फुटबॉल यात्रा शुरू करने के लिए स्वागत करेगा। साउथ यूनाइटेड अपने प्रशिक्षण केंद्रों पर 3 कार्यक्रम चलाएगा, जिसमें उनका अद्वितीय शिशु विकास कार्यक्रम (3-5 वर्ष), उनका प्रमुख युवा विकास (5-18 वर्ष), और उनकी विशिष्ट युवा टीमें (अंडर13, 15, और 17)) होंगी। जिसमें एथलीटों को क्लब से छात्रवृत्ति दी जाएगी, जिससे सीनियर टीम के लिए रास्ता खुलता है।

### रोहन बोपन्ना को 50 लाख का नकद पुरस्कार देगी कर्नाटक सरकार



बेंगलुरु, एजेंसी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मंगलवार को रोहन बोपन्ना को ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पुरुष युगल का खिताब जीतने पर बधाई देते हुए इस स्टार टेनिस खिलाड़ी के लिए 50 लाख के नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। बोपन्ना को यहां सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनका परिवार भी उपस्थित था। सिद्धारमैया ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि रोहन बोपन्ना से मिलकर उन्हें ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीतने पर बधाई दी और उनके लिए 50 लाख की पुरस्कार राशि देने की घोषणा की। बोपन्ना ने अपने साथी मैथ्यू एबडेन के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पुरुष युगल का खिताब जीता था। वह किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीतने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। उनसे पहले लिएंडर पेस और महेश भूपति ने यह उपलब्धि हासिल की थी। सानिया मिर्जा ने महिला टेनिस में यह कारनामा किया है।

# जुरेल और सरफराज को मिल सकता है पदार्पण का मौका

## गिल ने अभ्यास सत्र में नहीं लिया हिस्सा, दाहिने हाथ की अंगुली में लगी थी चोट

राजकोट, एजेंसी



खिलाड़ियों के चोटिल होने से परेशान भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की श्रृंखला के तीसरे मुकाबले में घरेलू दिग्गज सरफराज खान और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को पदार्पण का मौका दे सकती है। श्रृंखला का तीसरा मैच 15 फरवरी से यहां खेला जाएगा। मैच से पहले टीम के अभ्यास सत्र को देखे तो सरफराज ने स्लिप और गली क्षेत्र में क्षेत्ररक्षण का अभ्यास किया जबकि जुरेल ने विकेटकीपिंग का। पिछले मैच की दूसरी पारी में शतक जड़ने वाले शुभमन गिल ने टीम के इस वैकल्पिक अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं लिया।

गिल को विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में क्षेत्ररक्षण के दौरान दाहिने हाथ की तर्जनी अंगुली में चोट लग गई थी। उन्होंने इंग्लैंड की दूसरी पारी के दौरान क्षेत्ररक्षण नहीं की लेकिन यह भी कहा कि उनकी चोट ज्यादा गंभीर नहीं है। श्रेयस अय्यर के बाहर होने और केएल राहुल के चोट से उबरने में नाकाम रहने से सरफराज के लिए दरवाजे खुल गए हैं, जो कुछ वर्षों से रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करने वालों में से हैं। जुरेल को बेहतर बल्लेबाज होने के तमगे के कारण तरजीह मिल सकती है। भरत लगातार 7 टेस्ट मैचों में एक भी अर्धशतक बनाने में असफल रहे हैं। रजत पाटीदार, सरफराज और जुरेल चौथे से सातवें क्रम के बीच बल्लेबाजी करेंगे। मध्य क्रम के 4 खिलाड़ियों में से 3 (रविंद्र जडेजा को छोड़कर) कुल मिला कर एक टेस्ट के सामूहिक अनुभव के साथ मैच में उतरेंगे। पाटीदार ने विशाखापत्तनम में पदार्पण किया था। भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजरने को तैयार है, ऐसे में इस मैच को टीम के भविष्य की झलक देखने को मिलेगी। टीम के अभ्यास सत्र में पाटीदार और सरफराज दोनों को स्लिप क्षेत्ररक्षण में अभ्यास करते देखा गया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ यहां पिच का मुआयना करने के बाद लंबे समय तक गुफ्तगू करते दिखे। रोहित इसके बाद क्षेत्ररक्षण अभ्यास के लिए चले गए, लेकिन द्रविड़ मैदानकर्मियों से बात करते दिखे। पिछले मैच में शतक जड़ने वाले जडेजा ने अभ्यास करते हुए सबसे ज्यादा समय बिताया। टीम के चारों स्पिनर भारतीय बल्लेबाजों के साथ अभ्यास करते दिखे।

### जीवंत विकेट क्रिकेट के लिए अच्छा, लेकिन आगे टर्निंग विकेट देखने को मिल सकते हैंः कुलदीप

राजकोट, एजेंसी। भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ वर्तमान टेस्ट श्रृंखला के मैचों में टर्निंग विकेट देखने को मिल सकते हैं, इसके साथ ही उन्होंने स्वीकार किया कि पहले दो टेस्ट मैचों के लिए तैयार किए गए जीवंत विकेट क्रिकेट के लिए अच्छा है। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट मैचों की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबरी पर है। तीसरा टेस्ट मैच गुरुवार से सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एससीए) स्टेडियम में खेला जाएगा। कुलदीप ने भारतीय टीम के अभ्यास सत्र से पूर्व कहा कि कुल मिलाकर सभी चीज महत्वपूर्ण हैं। तेज गेंदबाज अपनी भूमिका निभा रहे हैं जैसे कि पिछले मैच में देखा होगा। इसलिए जीवंत विकेट क्रिकेट के लिए अच्छा होता है। लेकिन ऐसा नहीं है की आपको आगे टर्निंग विकेट देखने को नहीं मिलेंगे। उम्मीद है कि आपको आगे इस तरह के विकेट देखने को मिलेंगे। भारतीय टीम को अभी तक इंग्लैंड के आक्रामक खेल का सामना करना पड़ा है।

# बेन स्टोक्स ने कई मामलों में क्रिकेट को बदल दियाः पोप

राजकोट, एजेंसी



इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप ने 100वां टेस्ट खेलने की तैयारी कर रहे कप्तान बेन स्टोक्स की तारीफ में कहा कि उन्होंने कई मामलों में क्रिकेट खेलने के तरीके को बदल दिया है। अपने खेल से बल्लेबाजी और गेंदबाजी में प्रभाव छोड़ने वाले स्टोक्स ने कप्तानी मिलने के बाद 'बैजबॉल' रणनीति से टेस्ट क्रिकेट खेलने का नजरिया बदल दिया। स्टोक्स 15 फरवरी को राजकोट में तीसरे टेस्ट मैच के लिए मैदान में उतरते ही इंग्लैंड के लिए 100 टेस्ट खेलने वाले चुनिंदा खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो जाएंगे।



पोप ने एससीए स्टेडियम में मंगलवार को इंग्लैंड के अभ्यास सत्र के इतर कहा कि उन्होंने शायद खेल को कई मायनों में बदल दिया है। उनके पास वह तरीका है, जिससे वह जरूरत पड़ने पर टीम से उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवा सकते हैं। एशेज श्रृंखला के उस लॉर्ड्स टेस्ट को कौन भूल सकता है जब पूरी तरह से दबाव में होने के बाद भी उन्होंने टीम को जीत दिलाई।

पोप ने कहा कि अपने 99 टेस्ट के अब तक के कॅरियर में उन्होंने कई बार ऐसा किया है और यह अविश्वसनीय है। किसी के लिए भी 100 टेस्ट मैच खेलना शानदार है। जाहिर तौर पर उनके कॅरियर में उतार-चढ़ाव आए, लेकिन जब से वह कप्तान बने हैं तब से उनका प्रदर्शन अद्भुत रहा है। खिलाड़ियों का प्रबंध करने का स्टोक्स का तरीका उन्हें दूसरों से अलग बनाता है।

# दत्ताजीराव गायकवाड़ : हजारे को टक्कर देने वाले बल्लेबाज

नई दिल्ली, एजेंसी

किस्मत से भारतीय कप्तान बने दत्ताजीराव गायकवाड़ कवर ड्राइव के साथ अन्य शॉट खेलने के मामले में विजय हजारे को टक्कर देते थे लेकिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वह अपनी प्रतिभा के साथ न्याय करने में विफल रहे। बड़ौदा के इस बल्लेबाज को 11 से अधिक टेस्ट खेलने चाहिए थे। दत्ताजीराव का मंगलवार को 95 वर्ष की आयु में उनके गृहनगर बड़ौदा में निधन हो गया। वह 2016 में दीपक शोधन की मृत्यु के बाद सबसे उम्रदराज जीवित भारतीय टेस्ट क्रिकेटर थे। अपने शानदार कवर ड्राइव से 1950 के दशक की बॉम्बे (अब मुंबई) की मजबूत टीम को परेशान करने वाले दत्ताजीराव का अंतर्राष्ट्रीय करियर घरेलू क्रिकेट जितना परवान नहीं चढ़ा। उन्हें 1952 से 1961 तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वैसी सफलता नहीं मिली। उनके बेटे अंशुमान ने 1970 से 80 के दशक तक 40 टेस्ट खेले।

### उम्रदराज भारतीय टेस्ट क्रिकेटर

- दत्ताजीराव का 95 वर्ष की आयु में गृहनगर बड़ौदा में हुआ निधन



# महिला वनडे रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंचीं मंधाना

दुबई, एजेंसी

भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में दो पायदान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। मुंबई की 27 वर्षीय खिलाड़ी ने दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोलवार्ट का स्थान लिया जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला में लचर प्रदर्शन से पांचवें स्थान पर खिसक गई हैं। इंग्लैंड की नेट साइवर ब्रंट, श्रीलंका की चमारी अटापट्टू और ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी बल्लेबाजी रैंकिंग में पहले तीन स्थान पर काबिज हैं। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर दसवें स्थान पर बनी हुई हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में भारतीय स्पिनर दीप्ति शर्मा एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गई हैं, लेकिन ऑलराउंडर की सूची में वह एक पायदान ऊपर पांचवें स्थान पर पहुंच गई हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन शीर्ष पर बनी हुई हैं।




### जोसेफ, एमी हंटर आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

दुबई, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में शानदार गेंदबाजी करने वाले वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शामर जोसेफ मंगलवार को आईसीसी मासिक पुरस्कार को जीतने वाले वेस्टइंडीज के पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए। आयरलैंड की आक्रामक युवा बल्लेबाज एमी हंटर जिम्बाब्वे के खिलाफ प्रदर्शन के बाद महिला वर्ग में यह खिताब जीतने में सफल रहीं। पिछले सप्ताह खिलाड़ियों की सूची की घोषणा के बाद आईसीसी ने जनवरी के लिए पुरस्कार विजेताओं की घोषणा की।

# बॉलीवुड हलचल

## 'सेक्शन 108' में वकील बनेंगे नवाजुद्दीन



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपनी आने वाली फिल्म 'सेक्शन 108' में वकील की भूमिका में नजर आएंगे। 'सेक्शन 108' का निर्देशन रसिख खान ने किया है और यह फिल्म सिनेमावाला प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित है। इस फिल्म में नवाजुद्दीन ने बीमा क्लेम करने वाले वकील ताहूर खान की भूमिका निभाई है। 'सेक्शन 108' के निर्माताओं ने बताया कि यह फिल्म एक मनोरम सिनेमाई अनुभव देने का वादा करती है, जिसमें नवाजुद्दीन एक बार फिर प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ अपने बहुमुखी अभिनय कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इस फिल्म में अरबाज खान, रेजिना कैसेंड्रा, आसिफ खान, रूमी खान, सानंद वर्मा, अलीशा ओहरी और सहर्ष कुमार शुक्ला भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

## सोरारई पोटरु का हिंदी रीमेक 'सरफिरा' में नजर आएंगे अक्षय



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार फिल्म 'सरफिरा' में दिखाई देंगे। ये फिल्म दक्षिण भारतीय फिल्म सोरारई पोटरु का हिंदी रीमेक है। इस फिल्म में तमिल स्टारर सूर्या ने लीड रोल निभाया था। अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर फिल्म 'सरफिरा' का अनाउंसमेंट वीडियो जारी किया है। अक्षय कुमार ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर 'सरफिरा' का वीडियो शेयर किया है। इसके साथ ही उन्होंने रिलीज डेट की जानकारी देते हुए कैप्शन में लिखा, इतना बड़ा सपना देखों, वो तुम्हें पागल बुलाए 'सरफिरा' सिनेमाघरों में 12 जुलाई, 2024 को रिलीज हो रही है।

## लाहौर 1947 में सनी देओल संग काम करेंगी प्रीति जिंटा



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा फिल्म निर्देशक राजकुमार संतोषी की फिल्म लाहौर 1947 में नजर आएंगी। आमिर खान फिल्म लाहौर 1947 का निर्माण कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन राजकुमार संतोषी कर रहे है। लाहौर 1947 में सनी देओल की अहम भूमिका है। लाहौर 1947 मे अब प्रीति जिंटा का नाम भी जुड़ गया है। राजकुमार संतोषी ने बताया कि लंबे समय के बाद, प्रीति जिंटा फिर से सिल्वर स्क्रीन पर लाहौर 1947 के साथ एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वह वास्तव में हमारे इंडस्ट्री के एक बेहद प्रतिभाशाली बेहतरीन और सबसे स्वाभाविक अभिनेत्री हैं। प्रीति जो भी किरदार निभाती हैं, उसमें खुद को पूरी तरह से निवेश कर देती हैं और दर्शकों को यह महसूस कराती हैं कि वह उस किरदार के लिए ही बनी हैं। फिल्म 1947 की स्क्रिप्ट एक ऐसी जोड़ी की मांग करती है जो सनी और प्रीति की तरह सटीक हो।

## भूल-भुलैया 3 में हुई विद्या की एंट्री

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन फिल्म 'भूल-भुलैया 3' में नजर आएंगी। फिल्म भूल भुलैया में विद्या बालन ने अहम भूमिका निभाई थी। भूल भुलैया 2 में विद्या बालन ने काम नहीं किया। 'भूल-भुलैया 3' में विद्या बालन की एंट्री हो गई है। कार्तिक आर्यन ने सोशल मीडिया पर बताया कि भूल भुलैया 3 में विद्या बालन की एंट्री हो गई है। कार्तिक आर्यन ने कैप्शन में लिखा, 'और ये हो रहा है... ऑरिजनल मंजुलिका की दोबारा भूल भुलैया की दुनिया में एंट्री हो चुकी है। विद्या बालन का स्वागत करते हुए सुपर थ्रिल महसूस कर रहा हूं।' कार्तिक आर्यन के इस पोस्ट के बाद विद्या बालन ने सोशल मीडिया पर लिखा, मेरे ढोलना... आ रही है वापस, आपकी मंजुलिका, इस बार रूह बाबा कार्तिक आर्यन के साथ।



## रश्मिका ने पुष्पा 2 के सेट से की तस्वीरें साझा



अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना अपनी आगामी फिल्म पुष्पा 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म का निर्माण जोरों पर है और टीम इसकी सफलता में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। इस दौरान मंदाना ने सेट से फिल्म निर्माता सुकुमार की तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की है। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर ये तस्वीर साझा की। मेकर्स ने हाल ही में फिल्म की रिलीज से पहले ओटीटी रिलीज की घोषणा की है। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इसकी जानकारी खुद ओटीटी प्लेटफॉर्म ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की है कि जल्द ही पुष्पा 2 नेटफ्लिक्स पर हिंदी, तमिल और तेलुगु में आएगी। हालांकि, फिल्म की ओटीटी रिलीज डेट अभी तय नहीं हुई है। ये फिल्म दुनिया भर के सिनेमाघरों में कई भाषाओं में रिलीज होगी। सुकुमार द्वारा निर्देशित और माइथरी मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित, पुष्पा 2 में अल्लू अर्जुन, रश्मिका और फहद फासिल मुख्य भूमिका में हैं। संगीत राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता देवी श्री प्रसाद ने दिया है।

## माही और गोल्डी का गाना मरद बनाइब रंगदरवा के रिलीज



मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री माही श्रीवास्तव और गायिका गोल्डी यादव का गाना मरद बनाइब रंगदरवा के रिलीज हो गया है। 'मरद बनाइब रंगदरवा के' गाना वर्ल्डवाइड रिकॉर्डस भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। गाने में माही श्रीवास्तव कहती हैं कि 'तू ही कहा केहू से डेराई केहु के, खात बानी आपन लजाई काहे के... ढील देले बानी इयारवा के, राखेला सवख हथियरवा के, जाईब खिलाफ भले घरवा के, बाकी मरद बनाइब रंगदरवा के...' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत मरद बनाइब रंगदरवा के' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने की सिंगर गोल्डी यादव हैं। इसके वीडियो में माही श्रीवास्तव हैं। गीतकार आशुतोष तिवारी हैं और संगीतकार प्रियांशु सिंह हैं। वीडियो डायरेक्टर विझेल, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, डीओपी राजन वर्मा हैं। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के पास है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### सड़क हादसे में युवक घायल

तारुन, अयोध्या। अमृत विचार : थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्राम पंचायत किछूटी मजरे मिश्राने निवासी अतुल पुत्र रामनेवल निषाद बाजार से पैदल घर जा रहा था। तारुन नंसा मार्ग के मिश्राने मोड़ के पास सोमवार रात करीब आठ बजे एक कार की चपेट में आने से घायल हो गया। प्रधान अखंड मौर्य घायल युवक को सीएचसी पहुंचाया। जिला अस्पताल से ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष ओपी राय ने बताया तहरीर मिलती है तो विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### पिस्टल के साथ युवक गिरफ्तार

पूराबाजार, अयोध्या। महाराजगंज पुलिस ने मंगलवार को एक युवक को पिस्टल, मैगजीन व कारतूसों के साथ गिरफ्तार का जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष अमरजीत सिंह ने बताया कि मंगलवार शाम करीब 4:00 बजे बरई पारा पेट्रोल पंप के आसपास एक युवक संदिग्ध स्थिति में घूम रहा है। उप निरीक्षक मनोज प्रजापति ने पुलिस बल के साथ संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक पिस्टल, मैगजीन सहित व दो कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में उसकी पहचान दादूपुर बनगवां निवासी सुधीर तिवारी के रूप में हुई। मुकदमा दर्ज करके जेल भेज दिया गया है।

# जीबीसी में शामिल होंगे 75 उद्यमी, लोधा ग्रुप करेगा तीन हजार करोड़ का निवेश

## 87 उद्यमी जिले के आयोजन में होंगे शामिल, 9700 करोड़ के उद्यम होंगे स्थापित

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** आध्यात्मिक नगरी के नाम से जानी जाने वाली अयोध्या जल्द ही उद्योग नगरी के रूप में भी निखर कर सामने आएगी। इसके लिए 162 उद्यमियों ने जिले में अपना उद्यम लगाने का मन बनाया है। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 19 फरवरी को होने वाली निवेशकों की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) में जिले के 75 उद्यमी शामिल होंगे। वहीं पर भूमि पूजन भी होगा। कुल 9700 करोड़ के निवेश की उम्मीद जगी है। सबसे अधिक इन्वेस्टमेंट द अभिनंदन ऑफ लोधा ग्रुप तीन हजार करोड़ रुपये का करेगा।

राममंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त होने के बाद से अयोध्या में अपना उद्यम स्थापित करने के लिए हर कारोबारी बेकरार है। अब तक कुल 162 उद्यमियों ने उद्योग लगाने के लिए इच्छा जाहिर की है। 75 उद्यमी सेरेमनी में शामिल होने के लिए लखनऊ जाएंगे, जबकि 87 उद्यमियों के लिए उस दिन जिले में ही आयोजन होंगे। लखनऊ कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट कराकर सभी उद्यमियों को दिखाया जाएगा। जिसमें जिले के अलावा शासन से अधिकारी व जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। उपायुक्त उद्योग अमरेश पांडेय ने बताया कि जिन उद्यमियों को भूमि पूजन में शामिल होना है। उनके पास आमंत्रण पत्र ईमेल किया गया है। सभी अपने खर्च पर सेरेमनी स्थल पर जाएंगे।



▸▸ 10 करोड़ से अधिक का निवेश करने वाले उद्यमियों को लखनऊ जाने का आमंत्रण

### सेरेमनी में शामिल होंगे ये प्रमुख उद्यमी

| ग्रुप | इन्वेस्टर | इन्वेस्टमेंट | इंप्लायमेंट |
|---|---|---|---|
| लोधा ग्रुप | समुजवाल घोष | 3000 | 100 |
| पक्का लिमिटेड | सचिन श्रीवास्तव | 550 | 600 |
| महर्षि महेश योगी रामायन यूनिवर्सिटी | डॉ. अखंड प्रताप सिंह | 480 | 480 |
| अमृत बॉटलर्स | विनोद लोकवानी | 250 | 200 |
| भारद्वाज ग्लोबल इंफ्रावेंचर प्रा.लि. | रामेंद्र सिंह | 176626 | 100 |
| सिबान टेक्नोलॉजी | सलोनी शुक्ला | 175 | 50 |
| सन इंफ्राइंजीनियरिंग | संतोष सिंह | 150 | 150 |
| सावरथिया डवलपर्स | राजेंद्र अग्रवाल | 125 | 50 |
| द अयोध्या ग्रैंड वैदिक होटल | ओपी गुप्ता | 125 | 350 |
| सिमी कंस्ट्रक्शन | मीरा वर्मा | 108 | 150 |

नोट- इंवेस्टमेंट करोड़ों रुपये में है।

### सबसे अधिक हैं होटल और रिसॉर्ट निवेशक

10 करोड़ से अधिक का निवेश करने वाले उद्यमियों को लखनऊ जाने का आमंत्रण मिला है। लखनऊ जाने वाले 75 उद्यमियों में सबसे अधिक होटल और रिसॉर्ट के लिए निवेश करने वाले शामिल हैं। अयोध्या ग्रैंड वैदिक होटल, राम सुचित सरस्वती रिसॉर्ट, होटल रामायणा, रामप्रस्थ होटल एंड रिसॉर्ट, एसएस कमोडिटीज, शाने अवध होटल प्राइवेट लिमिटेड, सागर पैलेस, द अयोध्या गैलेक्सी होटल, होटल श्रीकैलास, द अशोका रेजीडेंसी, रामाकुलम रेजेंसी, डिवाइन पैराडाइज होटल, सन इन, सरयू रत्न होटल एंड रिसॉर्ट, रामाय इंटरनेशनल होटल, सूर्या पैलेस, श्रीरामम होटल एंड रिसॉर्ट, होटल रघुवंशम, परमेश्वरी होटल, यथार्थ होटल एंड रिसॉर्ट, द होली अवध होटल, अवध ग्रैंड, श्रीसरयू होटल, यश होटल एंड रिसॉर्ट, आदी वशिष्ठ रेजीडेंसी और होटल हनुमान वाटिका समेत अन्य निवेशकों ने अपना प्रस्ताव दिया है।

# जैव उर्वरक से पैदावार में 20 प्रतिशत तक बढ़ोतरी : कुलपति



समापन अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले को प्रमाणपत्र देते कुलपति।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में सतत कृषि उत्पादकता में जैव उर्वरकों का उपयोग विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ।

समापन अवसर पर कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि जैव उर्वरकों का प्रयोग करने से जड़ों एवं तनों का अधिक विकास होता है। जिससे पौधे में तेज हवा, अधिक वर्षा एवं सूखे की स्थिति की सहने की क्षमता बढ़ जाती है। उन्होंने कहा जैव उर्वरकों के प्रयोग से फसलों की लगभग 10 से 20 प्रतिशत तक पैदावार में भी बढ़ोतरी हो जाती है। अधिष्ठाता डा. प्रतिभा सिंह ने कहा कि जैव उर्वरकों के प्रयोग से अंकुरण शीघ्र और स्वस्थ होते हैं तथा जड़ों का विकास अधिक एवं शीघ्र होता है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के नोडल अधिकारी डॉ. सुबोध सचान ने बताया कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग के कारण मिट्टी का जीवाश्म कार्बन कम होता जा रहा है। मृदा विज्ञान विभाग के डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. सुशील, डॉ. रोबिन सिंह, डॉ. आनंद सिंह ने भी किसानों को संबोधित किया। आयोजन डॉ. आलोक पांडेय के संयोजन और संचालन डॉ. महेंद्र सिंह ने किया।

# बारिश और हवा से गुल हुई चालीस गांवों की बिजली

पूराबाजार, अयोध्या

**अमृत विचार :** विद्युत उपकेंद्र रसूलाबाद अंतर्गत स्थित नरायनपुर फीडर के करीब 40 गांवों की विद्युत आपूर्ति सोमवार रात हुई बारिश और तेज हवा से गुल हो गई। जिसके चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मंगलवार दोपहर कुछ इलाकों में आपूर्ति जैसे तैसे बहाल की गई। अभी भी अधिकतर गांवों में बिजली नहीं आई है।

हनुमतनगर, डेहवा, पलिया, चिरैधापुर, कछौली, खनुवावां, कोडरी बाजार, लक्ष्मीदासपुर, झलियावां, पासी का पुरवा, कर्मा, लोहरा का पुरवा, कर्मा डेहवा, सकरी का पुरवा, गड़ेरिया का पुरवा, अंकवारा, गजराज का पुरवा, कोडरी चौराहा, भवानीपुर, अंजना, भिदूरा, सूरापुर, दतिया, रामपुर सरधा, सुरजी विरवा, कर्मा चौराहा समेत लगभग चालीस गांव प्रभावित हो गए हैं। अंजना के सोनू पाण्डेय, सुरेंद्र तिवारी, खनुवावां के मंसाराम निषाद, भूपेंद्र पांडे, कछौली के प्रमोद मौर्या, धर्मपाल निषाद, गिरीश दत्त पांडे, लक्ष्मीदासपुर के गिरजा शंकर लक्ष्मी प्रसाद, द्वारिका मौर्य, दिनेश मौर्य, अमित मौर्य, सियाराम, धर्मराज, आशाराम ने बताया कि बरसात और तेज हवा के बीच बीच रात को करीब ढाई बजे बिजली चली गई। बताया पावर हाउस के नंबर पर फोन लगाया गया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। मंगलवार को अवर अभियंता रसूलाबाद राकेश प्रसाद ने बताया कि नरायनपुर फीडर के रात में तेज हवा के चलते मोहतशिमपुर के पास एच टी लाइन के दो क्रॉस और एक तार टूट कर गिर गया थे। जिससे ठीक करा कर आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।



पूराबाजार के मोहतशिमपुर के पास खराब हुई है लाइन।

▸▸ सोमवार रात से बाधित हुई बिजली आपूर्ति, मंगलवार दोपहर कुछ इलाकों में बहाल

### भोर में हुई बारिश से बढ़ी सर्दी की सिहरन

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अचानक बदले मौसम के मिजाज के बीच मंगलवार भोर में तेज गरज के साथ हुई बारिश ने फिर सर्दी की सिहरन बढ़ा दी है। मंगलवार भोर में अचानक आसमान में काले बादल घिर आए और बादलों की गड़गड़ाहट के साथ बारिश हुई। अचानक हुई बारिश से तापमान में गिरावट हुई। हवा में भी खासी ठंडक महसूस की जाने लगी और फिर से स्वेटर, टोपी, मफलर, दस्ताने निकल आए। ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं-कहीं बांसगांव आदि में आठ मिलीमीटर बारिश हुई। पिरखैली सोहावल क्षेत्र में बस बूंदा-बांदी हुई। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विभाग के अनुसार आगामी 24 घंटे बादल छाए रहने और वर्षा न होने की संभावना है।

# सड़क दुर्घटना में एलआईसी अभिकर्ता की हुई मौत

मसौधा, अयोध्या

**अमृत विचार :** भारतीय जीवन बीमा निगम फैजाबाद मुख्य शाखा से जुड़े एलआईसी अभिकर्ता कि सोमवार रात अयोध्या लखनऊ हाईवे पर सांड से टकराकर मौत हो गई। घटना से स्तब्ध फैजाबाद शाखा के अधिकारियों और अभिकर्ताओं ने शोक सभा कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

फैजाबाद मंडल कार्यालय की मुख्य शाखा के वरिष्ठ एलआईसी अभिकर्ता व जोनल क्लब मेंबर्स वीर बहादुर सिंह निवासी मीरपुर कांटे सोहावल थाना क्षेत्र रौनाही सोमवार रात करीब 8 बजे बाइक से वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए गांव मीरपुर कांटे जा रहे थे। लखनऊ हाईवे पर जुबेर गंज बाजार के निकट सांड़ से टकराकर बाइक समेत गिर पड़े। पुलिस ने घायल अभिकर्ता को जिला अस्पताल भिजवाया। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई

भारतीय जीवन बीमा निगम फैजाबाद शाखा के मुख्य प्रबंधक आरके पांडे सीएलआईए शाखा प्रबंधक शेष मणि मिश्रा, सहायक शाखा प्रबंधक संजय कुमार बीपी मिश्रा, चीफ लाइफ इंश्योरेंस एडवाइजर राम अजोर वर्मा, एसके सिंह गणेश कुमार मिश्रा, केपी त्रिपाठी सहित कई वरिष्ठ अभिकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया।

## सार-संक्षेप

### एडीजी रेलवे ने यात्रियों को कराया सुरक्षा का एहसास

अयोध्या, अमृत विचार : एडीजी रेलवे जय नारायण सिंह मंगलवार को अयोध्या पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अयोध्या कैंट व धाम का निरीक्षण कर यात्रियों को सुरक्षा का एहसास कराया। इस दौरान उन्होंने आस्था स्पेशल ट्रेन से आने वाले यात्रियों से बातचीत भी की। सालारपुर रेलवे स्टेशन का भ्रमण कर पुलिस प्रबंध के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। पुलिस उपाधीक्षक रेलवे विकास पांडेय, प्रभारी निरीक्षक राकेश राय आदि मौजूद रहे।

### पंकज का ईएमआरएस टीजीटी गणित में हुआ चयन



मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत उरुवा वैश्य मजरे जमोलिया निवासी पंकज यादव पुत्र राम कृपाल का चयन ईएमआरएस टीजीटी गणित में होने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उन्होंने इसके पहले एसएससी सीजीएल परीक्षा में कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी की परीक्षा में भी सफलता प्राप्त की थी। वर्तमान में भारतीय रेलवे के वाणिज्य विभाग में सीनियर सीसीटीसी के पद पर कार्यरत हैं। पंकज ने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, मित्रों और प्रधानाचार्य स्व. सर्वादीन त्रिपाठी को दिया है।

### सीडीओ को सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश

अयोध्या, अमृत विचार : जिलाधिकारी नितीश कुमार ने विकास विभाग के समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी व कार्यदायी संस्था से अपेक्षा की है कि शासन के निर्देशानुसार विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं का विवरण तैयार किया जाना है। इसके क्रम में समस्त विकास विभाग के अधिकारियों व कार्यदायी संस्था आदि को वंछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु सीडीओ ऋषिराज द्वारा संबंधित विभाग को सूचना उपलब्ध कराने के लिए निर्देश दिया है।

### मरीजों को किया गया फल का वितरण



अस्पताल में फल वितरित करते साधक।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : नीलकंठ दिवस पर आनंद मार्ग प्रचारक संघ की ओर से मंगलवार को जिला चिकित्सालय में लगभग दो सौ मरीजों को फल वितरित किया गया। संघ के मुक्ति प्रधान विवेक देव ने बताया कि 1972 में आनंदमार्ग के संस्थापक प्रवर्तक आनंदमूर्ति को जेल में विष दिया गया था और उन्होने समाज के कल्याण के लिए उसे स्वीकार कर लिया और स्वस्थ रहे। तब से 12 फरवरी को नील कंठ दिवस के रूप में मनाते हैं। आनंदमूर्ति के निर्देश पर इस दिन मरीजों व मजलूमों के फल आदि वितरित किया जाता है। फल वितरण में अवधूतिका नम्रता आचार्या, मनोज गुप्त, शकुन्तला, वर्षा, पूजा, दीक्षा आदि शामिल रहीं।

### पेड़ की डाल गिरने से गिरी दीवार, दिव्यांग घायल

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : थाना इनायत नगर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भागीपुर के मजरे पूरे पाठक के रहने वाले बलिकरन यादव दीवार गिरने से घायल हो गए। जिला अस्पताल पर भर्ती कराया गया है। मंगलवार की रात्रि में अचानक वर्षा होने लगी। भागीपुर के पूरे पाठक के रहने वाले 55 वर्षीय बलिकरन यादव के ऊपर दिवार गिर गई। पहले सीएचसी मिल्कीपुर ले जाया गया। जहां गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### फिर से होगी प्रसव के दौरान लापरवाही मामले की जांच

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : मसौधा सीएचसी पर प्रसव के दौरान लापरवाही बरतने की आरोपी स्टाफ नर्स पर धीरे-धीरे शिकंजा कसता जा रहा है। सीएमओ डॉ. संजय जैन ने सख्ती दिखाते हुए मामले की दोबारा जांच कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पांच सदस्यीय कमेटी का गठन करते हुए एक हफ्ते के भीतर रिपोर्ट मांगी है। मसौधा सीएचसी पर तैनात संविदा नर्स अंकिता राय पर आरोप लगे थे कि उन्होंने महिला का सामान्य प्रसव कराया था, जिसके बाद नवजात के जांघ की हड्डी टूट गई थी। सिविल लाइन्स स्थित एक निजी चिकित्सालय में नवजात की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मामले में पहले बैठी जांच में भी नर्स की लापरवाही बताई गई थी। इसके बाद आरोपी महिला नर्स से सीएमओ ने स्पष्टीकरण मांगा था। हालांकि सीएमओ उस स्पष्टीकरण से संतुष्ट नहीं हुए और उन्होंने पांच सदस्यीय जांच कमेटी का गठन कर दिया, जिसमें जिला प्रशासन के भी अधिकारी शामिल हैं। जांच एक सप्ताह में पूरी करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने बताया कि सरकारी कर्मचारी होने के नाते किसी भी पुलिस केस करने से पहले उच्च अधिकारियों से अनुमति लेनी चाहिए। सीएमओ ने माना कि प्रसव कराने से पूर्व महिला चिकित्सक व अधीक्षक को भी जानकारी देनी चाहिए थी।

### स्ट्रीट लाइट से जगमग हुआ क्षेत्र



नैपुरा नहरी पर लगी स्ट्रीट लाइट

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार : नगर पंचायत भदरसा प्रशासन द्वारा लगातार क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट लगवाई जा रही है। नैपुरा नहरी नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा के अंतर्गत स्थित नैपुरा नहरी पर चेयरमैन मोहम्मद राशिद द्वारा मंगलवार को स्ट्रीट लाइट लगवाई गई। दुकानदार अरविंद सिंह, मोनू निषाद, महेश निषाद, उमाशंकर सिंह ने बताया कि शाम होते ही स्ट्रीट से बाजार में उजाला हो गया जो बहुत ही अच्छा लग रहा है।

### ट्रक की चपेट में आकर डाल टूटी, हादसा बचा

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : भेलसर शुजागंज मार्ग पर मंगलवार को ट्रक की चपेट में आकर पेड़ की डाल टूट कर गिर गई। भेलसर शुजागंज मार्ग पर जा रहा ट्रक पेड़ की डाल को तोड़ता हुआ निकला। ट्रक के पीछे आ रही हयातनगर निवासी नबील अहमद की स्कार्पियो पर जा गिरा। स्कार्पियो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। भेलसर शुजागंज मार्ग पर लम्बा जाम लग गया। जेसीबी से गाड़ी हटवाए जाने के बाद जाम खुला।

# आठ केंद्रों पर शुरू हुई मदरसा बोर्ड की परीक्षा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित मदरसों में अध्ययनरत मुंशी मौलवी और कामिल फाजिल के छात्रों की परीक्षा मंगलवार से आठ केंद्रों पर शुरू हुई। दो पालियों में आयोजित परीक्षा में करीब एक हजार से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। हालांकि तमाम दावों के बाद भी निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर समुचित व्यवस्थाएं नहीं दिखी। यहां तक की परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे का भी इंतजाम नहीं रहा। हालांकि विभाग की ओर से शुचिता के लिए परीक्षा का दावा किया जा रहा है।

आगामी 21 फरवरी तक चलने वाली इन परीक्षाओं में जिले भर में कुल आठ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जहां बोर्ड परीक्षा की तर्ज पर केन्द्र व्यवस्थापकों और सहायकों को तैनात किया गया है। मंगलवार को पहले दिन प्रथम पाली की मुंशी और मौलवी की परीक्षा प्रातः आठ से 11 बजे तक हुई। वहीं दूसरी पाली की परीक्षा दो से पांच बजे तक हुई। पहली पाली में परीक्षार्थियों की संख्या ढाई सौ से अधिक रही तो दूसरी पाली में छह सौ ने परीक्षा दी। अल्पसंख्यक विभाग की ओर से दावा किया गया है कि कहीं से भी कोई गड़बड़ी की सूचना नहीं है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अमित प्रताप सिंह के अनुसार सभी केंद्रों पर कड़ी निगरानी के बीच परीक्षा संचालित की जा रही है। कहीं से भी कोई गड़बड़ी नहीं है। वह स्वयं और अधिकारियों द्वारा केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है।

### रौनाही मदरसे में 125 बच्चों ने दी परीक्षा



मदरसा बोर्ड की परीक्षा में मंगलवार को रौनाही मदरसा में परीक्षा देते परीक्षार्थी।

सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार : मदरसों की शुरू हुई परीक्षा में मंगलवार को पहले दिन रौनाही के मदरसा अलजामे अतुल इस्लामिया में दोनों पाली में 125 छात्र - छात्राओं ने परीक्षा दी जबकि पहली पाली में 15 बच्चो ने परीक्षा छोड़ दी वह गैर हाजिर रहे। प्रधानाचार्य मोहम्मद मुर्तुजा खान ने बताया पहली पाली में मौलवी के 38 में से 23 ने परीक्षा दी तो दूसरी पाली में आलिम के 28 कामिल के 54 फाजिल के 20 बच्चे परीक्षा के लिए पंजीकृत थे। जिन्होंने शांतिपूर्ण और नकल विहीन व्यवस्था में परीक्षा दी। उन्होंने बताया कि इनमें 59 छात्राए शामिल रहीं।

# शिक्षक नेता को माफिया व शिक्षकों को बताया गुंडा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में सोमवार को हुए घटनाक्रम ने तूल पकड़ लिया है। वरिष्ठ सहायक और बोर्ड परीक्षा प्रभारी प्रदीप कुमार ने जानमाल का खतरा बताते हुए एफआईआर के लिए तहरीर दी है। इतना ही नहीं तहरीर में पीड़ित वरिष्ठ सहायक ने एक शिक्षक नेता को नकल माफिया और धमकी देने वाले शिक्षकों को गुंडा बताया है।

जिला विद्यालय निरीक्षक और संयुक्त शिक्षा निदेशक को भेजे पत्र में वरिष्ठ सहायक ने सोमवार के पूरे घटनाक्रम का उल्लेख किया है। आरोप है कि पूर्व शिक्षक राकेश पाण्डेय के साथ कुछ गुण्डे कई दिनों से परीक्षा केन्द्रों पर जो केन्द्र व्यवस्थापक तथा अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापक लगे है उनको हटा कर उनके अनुसार लगाने का दबाव बना रहे थे। विभागीय नियमों का हवाला देते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय से मिलकर अपनी बात करने को कहा गया। आरोप है कि सोमवार को शिक्षक आलोक तिवारी तथा रामानुज तिवारी कई विद्यालयों के कक्ष निरीक्षक बदलने के लिए दबाव बना रहे थे। नकल माफिया के दबाव में काम न करने से क्षुब्ध होकर कार्यालय में 20-30 की संख्या में आकर जान से मारने की धमकी, लाठी से मारने का प्रयास किया। आरोप है कि बोर्ड परीक्षा 2024 से सम्बन्धित अभिलेखों को बाबू से छीन कर फाड़ने लगे तथा परीक्षा कक्ष को अन्दर से बन्द करके आग लगाने के प्रयाग किया। वरिष्ठ सहायक का आरोप है कि जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। दिए गए प्रार्थना पत्र में पीड़ित ने लिखा है कि इनके द्वारा प्रार्थी को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। बोर्ड परीक्षा सम्बन्धी कार्यों में यदि व्यवधान उत्पन्न होता है तो उसके लिए प्रार्थी उत्तरदायी नहीं होगा। लिखा है भविष्य में कोई अप्रिय घटना होती है तो उसके लिए एकमेव राकेश पाण्डेय शिक्षा माफिया - नकल माफिया जिम्मेदार होगें।

▸▸ जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के वरिष्ठ सहायक ने जान का खतरा बताते हुए दी तहरीर

> तहरीर की जानकारी नहीं है, मै बाहर था, दिखवा लेता हूं, यदि तहरीर मिली होगी तो नियमानुसार जांच कर केस दर्ज किया जाएगा।
> – अश्वनी पांडेय, नगर कोतवाल

> संबधित वरिष्ठ सहायक के विरुद्ध सोमवार को ही जिलाधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक, संयुक्त शिक्षा निदेशक से शिकायत दर्ज करा दी गई है। शिक्षकों को माफिया और गुंडा बताने वाला लिपिक स्वयं भ्रष्टाचार में लिप्त है। इसके विरोध संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वारा जांच कराई गई थी जिसमें जांच अधिकारी एडी बेसिक थे। जांच में गबन और अनुशासनहीनता में दोषी पाया गया है। विभागीय अधिकारियों से मिलीभगत के कारण अभी तक निलंबित नहीं किया गया है। सोमवार को उन्होंने ही अभद्रता की और धमकी दी।
> – राकेश पांडेय, जिलाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ



रामोत्सव में रामकथा पार्क में आयोजित भजन संध्या में प्रस्तुति देतीं गायिका



कलाकारों को सम्मानित करतीं अतिथि।

### जरा देर ठहरो राम अभी हमने जी भर के देखा नहीं है

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : रामोत्सव में सोमवार को रामकथा पार्क में आयोजित भजन संध्या में गायकों और कलाकारों की प्रस्तुतियों ने छाप छोड़ दी। महादेव की नगरी से पधारे प्रणव सिंह ने ओज पूर्ण भजन प्रस्तुत कर राम भक्तों को थिरकने पर मजबूर कर दिया तो वहीं रश्मि मिश्रा के संस्कार गीतों सियाराम लखन खेले होली मूढ़े फगुन चढ़ी आव सखी से श्रद्धालुओं को राम नाम की महिमा का गुणगान किया। वहीं विभा श्री ने सब दुखियों की सुनने पुकार मेरे राम आये हैं और जरा देर ठहरो तमन्ना यही है अभी हमने जी भर के देखा नहीं है जैसे भजनों से राम के प्रति आस्था निवेदित की। इस अवसर पर विशेष आमंत्रित अतिथियों ज्युडीशियल मैजिस्ट्रेट प्रत्यूष आनंद मिश्र, प्रशांत शुक्ल, सोनल उपाध्याय, पूर्व अपर महाधिवक्ता मदन मोहन पाण्डेय, डा. मयंक पाण्डेय, रजनी पाण्डेय व कलाकारों प्रणव सिंह, रश्मि उपाध्याय, विभा श्री का संस्कृति विभाग कार्यक्रम अधिशासी कमलेश कुमार पाठक ने स्वागत किया।

**भजन संध्या के कलाकारों को किया गया सम्मानित :** अयोध्या कार्यालय। संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित राम उत्सव में मंगलवार शाम भजन संध्या स्थल पर राम विनोद शरण ने राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी प्रस्तुति दी। जगदीश बृजवासी ने जय सियाराम बोलो जय जय सियाराम प्रस्तुति दी। संस्कृति विभाग के कार्यक्रम अधिशासी कमलेश कुमार पाठक के नेतृत्व में मंच संचालन वैभव मिश्रा द्वारा किया गया। सभी कलाकारों को सम्मान शीला पाठक द्वारा प्रदान किया गया। अमित कुमार पांडेय व्यवस्था में रहे।

संकट | स्त्री व बाल रोग विशेषज्ञों की कमी को देखते हुए सीएमओ ने लिखा पत्र

# एमबीबीएस चिकित्सक पर्याप्त, विशेषज्ञों का भारी टोटा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले की स्वास्थ्य सेवाओं का हाल जानना है तो ग्रामीण क्षेत्रों में चले जाइये। वहां स्त्री व बाल रोग विशेषज्ञों का टोटा है। यही कारण है कि गांव-देहात से अधिकतर मरीज शहर के सरकारी अस्पतालों में रेफर कर दिए जाते हैं। यह हाल तब है जब यहां कि स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने के लिए खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगे आए हैं, लेकिन असर नहीं दिख रहा है। अब स्वास्थ्य विभाग खुद आगे आया है। सीएमओ डॉ. संजय जैन ने शासन को पत्र लिख चिकित्सकों की पूर्ति करने की मांग की है।

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के अस्पतालों मे चिकित्सकों की कमी का इतना बुरा हाल है कि स्वीकृत पदों के सापेक्ष 50 प्रतिशत से भी कम चिकित्सकों के भरोसे ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराई जा रही है। अभी हाल ही में सीएमओ ने 10 अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित चिकित्सकों की सूची भी शासन को भेजी थी, जिसमें दो से तीन वर्ष से अनुपस्थित रहे चिकित्सकों पर कार्रवाई की मांग की गई थी। निदेशक को भेजे गए पत्र के अनुसार लेबल एक से लेकर पांच तक के अभी कुल 170 चिकित्सकों के पद स्वीकृत हैं। लेबल वन के 24, थ्री के 13 व फोर के 10 चिकित्सकों के पद रिक्त हैं। लेबल टू में छह और फाइव में एक चिकित्सक सरप्लस हैं। हालांकि एमबीबीएस चिकित्सक के 44 स्वीकृत पदों के सापेक्ष 67 चिकित्सक कार्यरत हैं।

▸▸ 50 प्रतिशत से भी कम चिकित्सकों के भरोसे ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं



### खाली पदों के आंकड़े

| चिकित्सक | रिक्त पद | चिकित्सक | रिक्त पद |
|---|---|---|---|
| स्त्री रोग चिकित्सक | 09 | रेडियोलाजिस्ट | 14 |
| निश्चेतक | 15 | जनरल सर्जन | 14 |
| बाल रोग विशेषज्ञ | 07 | जनरल फिजीशियन | 13 |
| | | ईएमओ | 02 |

> निदेशक प्रशासन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं को पत्र लिखकर चिकित्सकों की कमी के बारे में अवगत करा दिया गया है। उनसे रिक्त पदों पर चिकित्सकों की तैनाती की मांग की गई है। – डॉ. संजय जैन, सीएमओ

# कम उम्र का प्यार बन रहा मनोविकृति का आधार

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : युवा व किशोरों में बढ़ता मनचलापन एक मनो रुग्णता का रूप ले चुका है। जिसे फ़्लर्ट फिलिया या आम भाषा मे रोड-रोमियों कहा जा रहा है। मनचली मनोवृत्ति इम्पल्स कंट्रोल डिसआर्डर का ही एक रूप है। जिसमें मनोवेग को नियंत्रित कर पाने की क्षमता में कमी के साथ ही दोस्तों की मौजूदगी या इंटरनेट सोशल मीडिया उत्प्रेरक का कार्य करती है। यह बात वैलेंटाइन्स डे की पूर्व संध्या पर मनो परामर्शदाता डॉ. आलोक मनदर्शन ने कही। उन्होंने बताया कि लव पार्टनर की खोज का उत्प्रेरक बन जाता है जो कि वैलेंटाइन्स वीक से शुरू होकर वर्ष भर प्रेमी युगल बनाने की मनचली मनोदशा से आशक्त हो जाता है। डॉ. आलोक मनदर्शन के अनुसार ऐसे लोगों में अन्तर्दृष्टि जागरुकता के माध्यम से उनमें रूग्ण- मनोवेग की पहचान करने तथा कम्पल्सिव व्यवहार को रोकने की चेतना विकसित की जाती है। बुरी संगति से दूर रहने तथा सोशल मीडिया पर अपने इम्पल्सिव व्यवहार पर संयम रखने का अभ्यास सकारात्मक परिणाम देता है। अभिभावक भी रोल माडलिंग करते हुए मैत्रीपूर्ण व सजग व्यवहार रखें।



डॉ. आलोक मनदर्शन

## एक नजर

### गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** थाना इब्राहिमपुर पुलिस टीम ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। वाछिंत अभियुक्त रिजवान पुत्र अब्दुल रऊफ निवासी हक्कानीपुर तलवापार थाना अलीगंज को मंगलवार को डिहवा दौलतपुर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। इसके बाद थाना स्थानीय पर अग्रिम विधिक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया। अभियुकत को गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष दीपक सिंह रघुवंशी, कांस्टेबल सोनू यादव, कांस्टेबल विनय कुमार रहे।

### सीओ ने वर्षों से चल रहा विवाद सुलझाया

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** कब्रिस्तान में पानी जाने को लेकर वर्षों से दो पक्षों में उपजे विवाद को क्षेत्राधिकारी ने आखिरकार पटाक्षेप कर दिया। जलालपुर थाना क्षेत्र के रामपुर कला गांव में कब्रिस्तान की जमीन में गांव के निषाद बस्ती का पानी जा रहा था जिसे लेकर विवाद वर्षों से बना हुआ था। इसकी शिकायत दोनों पक्ष बार-बार कर रहे थे। इस मामले को सुलझानेके लिए क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य स्वयं विवादित स्थल पर पहुंचे और हल कर दिया।

### असलहे के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** थाना इब्राहिमपुर क्षेत्र में पुलिस ने अवैध असलहे के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उप निरीक्षक रामाग्रय ने आर्म्स एक्ट में अभियुक्त मोहम्मद अकील उर्फ बंसीलाल पुत्र बाबू राजा निवासी लुटावनगंज उतारेतु थाना इब्राहिमपुर के कब्जे से एक असलहा 315 बोर व कारतूस बरामद किया है।

# पुलिस भर्ती परीक्षा में लापरवाही पर होगी कार्रवाई : डीएम

## जिलाधिकारी ने मातहतों के साथ की बैठक, जनपद में 39 केंद्रों पर 17 व 18 फरवरी को होगी परीक्षा, 20 हजार 736 अभ्यर्थी होंगे शामिल

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर



पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर तैयारी बैठक करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह व साथ में एसपी डॉ. कौस्तुभ व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षित नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती 2023 की लिखित परीक्षा के संबंध में जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में तैयारी बैठक का आयोजन किया गया।

पुलिस भर्ती परीक्षा में प्रदेश में लगभग 48 लाख परीक्षार्थी प्रतिभाग कर रहे है। यह परीक्षा दो दिन चार पालियों में आयोजित की जाएगी। 17 फरवरी को प्रथम पाली 10 बजे से 12 तक, द्वितीय पाली 3 बजे से 5 तक और 18 फरवरी को प्रथम पाली में 10 बजे से 12 तक और द्वितीय पाली में 3 बजे से 5 तक आयोजित की जाएगी। प्रदेश की अब तक सबसे बड़ी भर्ती परीक्षा आयोजित होने जा रही है। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी सदानंद गुप्ता ने परीक्षा संबंधित आयोग द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनपद में परीक्ष के लिए कुल 39 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें दो पालियों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। एडीएम ने इस दौरान केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट सहित अन्य अधिकारियों को उनके दायित्वों को गंभीरता पूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने केंद्र व्यवस्थापक को सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे, परीक्षा कक्षा में पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था, परीक्षार्थियों के लिए स्वच्छ पेयजल और स्वच्छ वॉशरूम की व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया है। जनपद में पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए 39 केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें कुल 20 हजार 736 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा को सकुशल व नकलविहीन संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। जिन परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की संख्या 500 से अधिक है वहां पर दो स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए जाएंगे। दो दिन आयोजित होने वाली परीक्षा में प्रत्येक दिन 10 हजार 368 अभ्यर्थी परीक्षा दने पहुंचेगे। परीक्ष का आयोजन 17 व 18 फरवरी को होगा। बैठक के दौरान समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह सहित संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

### आयोग के निर्देशों का करें पालन

जिलाधिकारी ने आए हुए सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरस पालन किया जाए। जिससे उक्त परीक्षा को सुचिता पूर्ण, पारदर्शी, निष्पक्ष और नकल विहीन कराया जा सके। उन्होंने परीक्षा में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तुरंत उच्च अधिकारियों को मामले की जानकारी देने के निर्देश दिए हैं। भर्ती परीक्षा के समय लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के लिए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है।

# मजबूत आत्मबल के साथ आगे बढ़ें छात्र

मिझौड़ा, अंबेडकरनगर



विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय।

**अमृत विचार :** बच्चों की प्रतिभा को तराश कर एक योग्य और संस्कारवान नागरिक बनाना शिक्षकों व अभिभावकों की जिम्मेदारी है। योग्य नागरिक ही देश को सशक्त और समृद्ध बना सकता है। उक्त बातें विधान परिषद सदस्य डॉक्टर हरिओम पांडेय ने कही। वह पीएम श्री योजना के तहत चयनित भीटी शिक्षा क्षेत्र के पीएम श्री विद्यालय बसोहरी के औपचारिक शुभारंभ और वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने छात्र-छात्राओं को मजबूत आत्मबल के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि कटेहरी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अवधेश द्विवेदी ने छात्रों के प्रति शिक्षकों की निष्ठा को खूब सराहा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्राओं ने सरस्वती वंदना सहित विभिन्न गीतों पर शानदार प्रस्तुति कर आए हुए मेहमानों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण कर अध्यनरत की। इसके बाद छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन गिरीश चतुर्वेदी ने किया। बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी भी लगाई। राणा वीर सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रसून लता सिंह, डॉ. पीएन सिंह, अनुपम पांडेय, भोलेंद्र प्रताप सिंह, कमल प्रकाश सिंह, श्याम प्रताप सिंह, दिलीप सिंह, शारदा देवी आदि रहे।

# स्वास्थ्यकर्मियों की लापरवाही से गर्भस्थ शिशु की मौत, हंगामा

**आलापुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** महिला स्वास्थ्यकर्मियों की लापरवाही से प्रसव के दौरान गर्भस्थ शिशु की मौत के बाद प्रसूता के परिवारजनों ने पीएचसी में जमकर हंगामा किया। अधीक्षक ने वेतन रोकने की संस्तुति के साथ ही लापरवाह नर्सों से स्पष्टीकरण मांगा है।

सोमवार को इंदईपुर निवासी राजकुमार की पत्नी नीलम को प्रसव वेदना शुरू होने के उपरांत परिजन उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर पर ले आए। जहां पर रात में प्रसव के दौरान ही गर्भस्थ शिशु की मृत्यु हो गई, जिसके बाद प्रसव कक्ष में तैनात महिला कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रसूता के पारिवारीजनो ने अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू कर दिया और जिम्मेदार नर्सों पर कार्रवाई की मांग करने लगे। मौके पर पहुंचे अधीक्षक डॉ.आशीष राय ने कार्रवाई का भरोसा दिया तो पारिवारीजन माने। मामले की गंभीरता को देखते हुए अधीक्षक ने स्टाफ नर्स सपना, गीता व नर्स मेंटर सीमा को प्रथम दृष्टया लापरवाही का जिम्मेदार माना है। अधीक्षक डॉ. आशीष राय ने बताया कि अस्पताल में जरूरी दवाओं का स्टॉक पूरा होने के बावजूद नर्सों ने प्रसूता के तीमारदारों को बाहर से दवा मंगाई। विभागीय कार्रवाई की सिफारिश की गई है।

## सार-संक्षेप

### तालाब के किनारे मिला युवक का शव



शव मिलने के बाद मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी व स्थानीय लोग। अमृत विचार

**आलापुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मामला जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के रामपुर रामगुलाम गांव का है। मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने तालाब के किनारे मुख्य मार्ग के बगल में युवक का शव देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। शव की शिनाख्त बबलू पांडेय (45) पुत्र रामसहाय निवासी रामपुर रामगुलाम के रूप में हुई है। बताया जाता है कि बबलू बीते सोमवार को बढ़ईपुर से हथिनालाला गांव में निमंत्रण में गए थे। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### कपड़े के गोदाम में लगी आग, लाखों का सामान खाक

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** बीते देर शाम कपड़े के गोदाम में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। जिससे लाखों रुपए का रखा हुआ सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला काजीपुरा निवासी मोहम्मद हेलाल की दुकान है जो बीते सोमवार को सायं गोदाम बंद कर नमाज पढ़ने चले गए आवास भी गोदाम के ऊपर बना हुआ है। तभी घर से सूचना इनको दिया गया कि गोदाम से धुआं निकल रहा है। जब मोहम्मद हेलाल गोदाम पर पहुंच कर कमरे को खोला तो आग विकराल रुप धारण कर चुका था। हल्ला-गोहार पर आस-पास के लोग एकत्रित होकर आग पर काबू पाए तब तक लाखों का सामान जलकर राख हो चुका था। मोहम्मद हेलाल ने बताया की संभवत: शार्ट सर्किट से आग लगी होगी।

### एसपी और एएसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ व अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक और अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जन सुनवाई के दौरान अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए शत-प्रतिशत निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित थानाध्यक्ष, प्रभारी निरीक्षक को तत्काल फोन व वायरलेस के माध्यम से वार्ता कर निर्देशित किया। साथ ही समस्त जमीनी विवाद को चिह्नित कर पुलिस टीम को राजस्व टीम के साथ समन्वय बनाकर टीम गठित कर समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के लिए निर्देशित किया है।

### शिक्षकों को आपदा प्रबंधन के बारे में किया जागरूक



लोहिया भवन में प्रशिक्षण लेते शिक्षक। अमृत विचार

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनसामान्य को आपदाओं से बचाव के प्रति जागरूक करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण व जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अंबेडकरनगर के संयुक्त तत्वाधान में स्कूल डिग्री कॉलेज और ग्राम पंचायत स्तर पर आपदा जन-जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 12 फरवरी से प्रारंभ जनजागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी 19 फरवरी तक चलेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन 13 फरवरी को प्रेक्षागृह लोहिया भवन में प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को मास्टर ट्रेनरों द्वारा आपदा प्रबंधन चक्र, भारत में आपदा प्रबंधन का तंत्र, आपदा जोखिम न्यूनीकरण, पेरिस समझौता, सेंडई फ्रेमवर्क, आकाशीय विद्युत, डूबना, अग्निकांड, बाढ़, शीतलहर, लू, सर्पदंश, आंधी तूफान, भूकम्प, ओलावृष्टि आदि विभिन्न आपदाओं के समय में क्या करें क्या ना करे के सम्बन्ध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके साथ ही मास्टर ट्रेनरों ने शिक्षकों को सचेत एप और दामिनी एप के संबंध में बताया और उनके मोबाइल में इंस्टॉल भी कराया। डॉ. सदानंद गुप्ता अपर जिलाधिकारी, आपदा विशेषज्ञ सूर्यभान, मास्टर ट्रेनर राहुल प्रजापति, मास्टर ट्रेनर अनूप मिश्रा, सौरभ यादव, अनूप वर्मा, आपदा लिपिक अविनाश कुमार वर्मा आदि रहे।

# बेटी की बरामदगी के लिए पुलिस से लगाई गुहार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** मूक-बधिर युवती को भगाकर न्यायालय में शादी कर उसे दूसरे के साथ बेच देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित मां ने इसकी शिकायत जलालपुर कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। प्रकरण जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है।

पीड़िता मां ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि मेरी पुत्री को गांव का ही राजीव कुमार बीते 28 अगस्त 2023 को बहला-फुसलाकर घर से भगा ले गया और जनपद न्यायालय अंबेडकरनगर में नोटरी के जरिए शादी करने के बाद किसी अन्य शहर लेकर चला गया। इसकी सूचना थाने में की गई थी। पुनः 3 नवंबर 2023 को मेरी पुत्री को लाकर थाने के पास छोड़ कर भाग रहा था जिसे किसी तरह राजीव कुमार को पकड़ लिया और 4 नवंबर 2023 को थाना जलालपुर लाकर सुलह-समझौता करा बेटी को पत्नी के रुप में राजी खुशी के साथ लेकर रहने लगा लेकिन 12 फरवरी 2024 को सूचना मिली कि राजीव ने बेटी को जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के पेठिया गांव निवासी सूर्यभान के हाथों बेचकर शादी करा दी। आशंका जताई कि पुत्री की हत्या हो सकती है।

### साथ रहने को राजी हुए हुआ विवाहित जोड़ा

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** प्रभारी महिला सहायता प्रकोष्ठ 1090 महिला उप निरीक्षक शिवांगी त्रिपाठी के अथक प्रयास से एक वैवाहिक जोड़े के पारस्परिक विवाद को सुलझा कर राजी खुशी विदाई कराई गई। मंगलवार को महिला सहायता प्रकोष्ठ 1090 उप निरीक्षक शिवांगी त्रिपाठी और आरक्षी पूनम शर्मा के अथक प्रयास से पति-पत्नी के एक वैवाहिक जोड़े जिनके बीच चल रहे पारस्परिक विवाद से संबंधित समस्याओं को सुना गया और उनकी समस्याओं को सुलझाते हुए उन्हें एक साथ रहने के लिए समझाया गया। जिसके बाद पति-पत्नी आपस में एक साथ रहने के लिए राजी हो गए।

# महिला की जमीन पर भाजपा नेता की नजर

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** गरीब व असहाय महिला की वेश कीमती जमीन पर भाजपा नेता की नियत खराब हो गई है। महिला अपने पट्टा शुदा जमीन पर प्रधानमंत्री आवास का निर्माण नहीं कर पा रही। न्याय पाने के लिए महिला दर-दर अधिकारियों की चौखट नाप रही है।

मामला जलालपुर नगर स्थित जमालपुर चौराहे का है, जिस पर भाजपा सभासद की नजर है, और उसे स्थानीय और जिला भाजपा पदाधिकारी के बदौलत काबिज करना चाहता है। पीड़िता निशा सोनकर जिसके पिता आंख से अंधे हैं और भाई नहीं है। जिसका जमालपुर चौराहे पर वेश कीमती जमीन है। उस पर पुराना घर भी बना हुआ था। मकान के जीर्ण शीर्ण होने पर उसे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभ मिला है और उस मकान को गिराकर प्रधानमंत्री आवास का निर्माण करना चाहती है जिस पर विपक्षी अनुज सोनकर वर्तमान समय में भाजपा का सभासद है। सभासद अपने भाजपा जिला स्तरीय नेताओं के प्रभाव का नाजायज फायदा उठाते हुए प्रधानमंत्री आवास का निर्माण पुलिस और राजस्व विभाग की मदद से रोक देता है। बीते एक वर्ष से गरीब महिला मुख्यमंत्री, मंत्री आशीष पटेल समेत, जिलाधिकारी, तहसील प्रशासन और थाना का चक्कर लगाते-लगाते परेशान हो चुकी है। प्रधानमंत्री आवास का निर्माण नहीं होने से विभाग भी रुपया वापस करने का दबाव बना रहा है। बीते माह 8 जनवरी को पीडिता अपने मकान नंबर 43 की सभी कागजात लेकर जिलाधिकारी के समक्ष पेश होकर न्याय की गुहार लगाई। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया कि यदि पुराना मकान पट्टा सुदा जमीन पर बना है तो पुलिस बल की मौजूदगी में इसका निर्माण कराया जाए लेकिन प्रभाव के चलते पुलिस प्रशासन पीडित महिला पर भारी पड़ रहे है। महिला निर्माण के लिए अधिकारियों का पुनः चक्कर लगाने लगी। विपक्षी कमरे का ताला तोडक़र बर्तन आदि उठा लें गए। पीडिता ने सोमवार को कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# फुटबॉल में अवध व मिर्जापुर अव्वल

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर



डॉ. विजय तिवारी का स्वागत करते हुए संदीप जॉन।

**अमृत विचार :** सांसद अंबेडकरनगर फुटबॉल कप के दूसरे दिन तक्षशिला रूट्स अकबरपुर और कौमी इंटर कॉलेज टांडा के क्रीड़ा मैदान पर एक साथ दो-दो मैच खेले गए।

तक्षशिला रूट्स में पहला मैच अवध म्यूटिनियर्स अकबरपुर और भदोही एफसी के बीच हुआ जिसमें अवध म्यूटिनियर्स ने 3-01 से जीत हासिल की। तक्षशिला मैदान पर खेले गए दूसरे मैच में मिर्जापुर ने आज़मगढ़ को 1-0 से पराजित किया। पर्यवेक्षक सुनील, उदघोषक हैदर के अलावा निर्णायक टीम में बुद्ध प्रकाश, मोहम्मद अजहर और मोहम्मद इम्तियाज शामिल रहे। मुख्य अतिथि डॉ. विजय तिवारी के अतिरिक्त संदीप जॉन, जयराम संगवानी, सभाजीत वर्मा, अली अस्करी नकवी, मुकेश सिंह, बीएन वर्मा, जाबिर आदि उपस्थित रहे। उधर, टांडा के कौमी इंटर कॉलेज ग्राउंड पर हुए मुकाबले के रोमांच का लुत्फ सांसद रितेश पांडेय सहित हजारों दर्शकों ने उठाया। टांडा में हुए पहले मैच में चुनार ने टांडा को उसके ही मैदान पर 2-0 से जबकि गोरखपुर और लखनऊ के बीच खेला गया दूसरा मैच ड्रॉ रहा। यहां पर्यवेक्षक रहमतुल्लाह रहे।

### सिंचाई बंधु की बैठक में सुनीं गई किसानों की समस्याएं

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** मंगलवार को सिंचाई बंधु की बैठक का आयोजन जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई। बैठक को सिंचाई बंधु सचिव अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड टांडा ने संचालित किया। सिंचाई बंधु उपाध्यक्ष दीपक तिवारी, सिंचाई बंधु बैठक की समाप्ति की घोषणा सहायक अभियंता आनंद कुमार दुबे ने किया। बैठक में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व किसान बंधुओं ने प्रतिभाग किया। बैठक में किसानों से जुड़ी समस्यायों को सुना गया और पिछली मीटिंग में उठाई गई समस्यायों का निस्तारण समय से संबंधित अधिकारियों द्वारा किए गए। जिला पंचायत अध्यक्ष ने निर्देशित किया कि किसानों की समस्यायों का त्वरित निस्तारण किया जाए।

# तुम में बेहतरीन वह है जो कुरान सीखे व सिखाए : अंजुम रजा

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** तालीम का मरकज मकतब फैजाने हक्कानी के तत्वावधान में नातिया मुशायरा टांडा के सकरावल पूर्व में आयोजित हुआ। हाफिज हामिद की अध्यक्षता व जमाल अशरफ टांडवी के संचालन में हुए मुशायरा का आगाज हाफिज कमाल अहमद की तिलावते कुरान से हुआ।

कार्यक्रम में फैजान हक्कानी के डायरेक्टर कारी जमाल अशरफ निजामी ने मो. शफी नेशनल इंटर कॉलेज हंसवर के शिक्षक मोहम्मद असलम खान, अनस मसरूर अंसारी, शमशाद मंजरी, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आसिफ अख्तर, सर्जन डॉ. जहीर अहमद, डा. अतीक आंख विशेषज्ञ, डा. जावेद अख्तर का माल्यार्पण कर सम्मानित किया। नातिया मुशायरे में मुफ्ती अंजुम रजा प्रयागराज ने कुरान की अजमत पर रोशनी डालते हुए कहा कि तुम में बेहतरीन वह है जो कुरान सीखे और सिखाए। शिक्षक असलम खान ने कहा कि नाते पाक लिखना मुश्किल विधा है। डायरेक्टर कारी जमाल अशरफ निजामी ने फैजान हक्कानी के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। संयोजक मेराज आलम ने मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।

**बदला पाला** — सपा और बसपा के सैकड़ों नेताओं ने थामा भाजपा का दामन, तीन सदस्यीय समिति बनाई गई

# जनहित के कार्यों से भाजपा की ओर बढ़ रहा लोगों का झुकाव : त्रयंबक

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर



भाजपा में सपा और बसपा से आए नेताओं के साथ जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी व अन्य।

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले विपक्षी दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं की पहली पसंद भाजपा बनती जा रही है। मंगलवार को जनपद की तीन विधान सभाओं में भाजपा नेताओं ने विपक्षी दलों सपा, बसपा के सैकड़ों नेताओं, कार्यकर्ताओं को समारोह पूर्वक भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराया। भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने सदस्यता ग्रहण कराने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी की सहमति से पूर्व जिलाध्यक्ष पूर्व विधान सभा प्रत्याशी कपिल देव वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, जिला उपाध्यक्ष डॉ. राना रणधीर सिंह को शामिल कर तीन सदस्यीय समिति बनाया था।

विधान सभा क्षेत्र आलापुर में भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने पूर्व ब्लाक प्रमुख अरविंद सिंह के साथ आए ब्लाक प्रमुख विनीता कन्नौजिया, पूर्व प्रमुख प्रत्याशी लक्ष्मण निषाद, बसपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा कन्नौजिया, सभासद संतोष कसौधन, हबीबुल रहमान, शहरे आलम, सोनू कन्नौजिया, अशोक सिंह, दिलीप कुमार, सूरज विश्वकर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज जायसवाल, सपा नेता साधू सिंह, अरुण पाण्डेय, बीडीसी सदस्य निसार अहमद, पप्पू मिश्र, दिलीप चंद गौड़, अमरजीत वर्मा, सुरेंद्र नाथ, रामू प्रजापति, सुरेंद्र राम, सद्दाम हुसैन, दीपक शुक्ला समेत दर्जनों वर्तमान पूर्व प्रधान सहित सैकड़ों की संख्या में सपा व बसपा आदि राजनीतिक दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराया। उन्होंने पार्टी में शामिल होने पर सभी नेताओं का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश का निरंतर विकास हो रहा है। मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की ऐतिहासिक विकास और जनहित के व्यापक कार्यों की वजह से लोगों का झुकाव तेजी से भाजपा की तरफ बढ़ रहा है। प्रदेश की सभी 80 सीट जीतकर मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। कमल की लोकप्रियता जनता में बढने से अंबेडकरनगर और संतकबीर नगर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी बड़े अंतर से चुनाव जीतेंगे और विपक्षी प्रत्याशियों को जमानत बचाने के लाले पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि उपस्थित सभी लोग यहां से संकल्प लेकर जाएं कि मेरा बूथ, मेरी विधान सभा और लोकसभा सबसे मजबूत रहेगा। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज मिश्र, जिला महामंत्री सुरेश कन्नौजिया, पूर्व विधायक त्रिवेणी राम, अनीता कमल, जय राम विमल, अभिषेक कन्नौजिया, श्याम बाबू गुप्ता, राम सूरत मौर्य, दशरथ यादव, महिला मोर्चा जिला महामंत्री अंजू पाण्डेय, राजेश सिंह बबलू आदि मौजूद रहे।

### इन्होंने दिलाई भाजपा की सदस्यता

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने बताया है कि टांडा विधान सभा क्षेत्र में पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष डाक्टर राना रणधीर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा ने जलालपुर विधान सभा क्षेत्र में पूर्व जिलाध्यक्ष यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, राम प्रकाश यादव, पूर्व विधायक सुभाष राय, भूमि विकास बैंक चेयर मैन अशोक उपाध्याय ने सैकड़ों सपा और बसपा कार्यकर्ताओं को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे भवन सं0 6A KHNo 11, 62, 78 लखनऊ का मूल विक्रय विलेख जो कि पूर्णागिरी सहकारी आवास समिति लखनऊ द्वारा श्री रामबली कश्यप के पक्ष में किया गया जो कि खण्ड संख्या 1414 के पृष्ठ सं0 85/102 क्रम संख्या 1312 को उपनिबन्धक लखनऊ के यहाँ दिनांक 11/02/2003 पे पंजीकृत है। कहीं खो गया है जो किसी सज्जन को प्राप्त हो या कोई अपना दावा करे तो मेरे से सम्पर्क करें। अन्यथा उचित कार्यवाही की जायेगी। **श्रीमती बबीता श्रीवास्तव पता- भवन सं0- 6A KH No- 11, 62, 78 नौबस्ता खुर्द मेला मैदान, जानकीपुरम, लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित हो कि भूखंड संख्या: सी-167 स्थित चंद्रशेखर आजाद नगर, आवास विकास कालोनी तहसील व जिला उन्नाव का कब्जा लेटर व एलाटमेंट लेटर कहीं खो गया है। जो कि नरेंद्र जायसवाल पुत्र मेड़ीलाल जायसवाल के नाम से है। चूंकि जरिये बैनामा प्राथी उसका मालिक व काबिज है। प्रार्थी से उपरोक्त दोनों मूल लेटर कहीं खो गए हैं। **-रविंद्र देव गुप्ता। मो. नं.-9839234599**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम शहरेयार खां पुत्र इमरान खां है। मेरा नाम आधार कार्ड पर सिराज खां अंकित था। जिसका संशोधन करवाकर शहरेयार पुत्र इमरान खां कर लिया है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। अब शहरेयार खां पुत्र इमरान खां के नाम से जाना और पहचाना जाए। **-शहरेयार खां पुत्र इमरान खां, निवासी- ग्राम सतीजोर, परगना चरदा, तहसील नानापारा, बहराइच।**

## एक नजर

### निबिहा परसपुर में पानी की टंकी का निर्माण कार्य ठप

**रुपईडीह गोंडा :** राष्ट्रीय पेयजल एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत ब्लाक रुपईडीह की ग्राम पंचायत ने निबिहा परसपुर में पानी टंकी का निर्माण कार्य दो माह से ठप है। प्रधान अनूप कुमार तिवारी ने बताया कि निर्माण कार्य शुरू कराए जाने के लिए कार्यदाई संस्था के ठेकेदार से कई बार कहा गया। इसके बावजूद आज तक स्थिति जस की तस बनी हुई है। पानी की टंकी का निर्माण न होने से परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि इसकी शिकायत जिला विकास अधिकारी से की गई है।

### श्रमिकों को तीन माह से नहीं मिली मजदूरी, आक्रोश

**रुपईडीह गोंडा :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत बिछूड़ी में मनरेगा के तहत अन्नपूर्णा भवन के निर्माण में कार्य कर चुके श्रमिकों को तीन माह से मजदूरी नहीं मिली है। इससे वह सभी आर्थिक तंगी के चलते काफी परेशान है। प्रधान अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि सभी श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान कराये जाने की मांग खंड विकास अधिकारी से की गई है।

### ब्लॉक सभागार में हुई पंचायत सचिवों की बैठक

**रुपईडीह गोंडा :** ब्लॉक के पंचायत सचिवों की बैठक खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव की देखरेख में ब्लॉक के सभागार में आयोजित की गई। इस बैठक में उन्होंने ग्राम पंचायतो में पंचायत भवनों, सामुदायिक शौचालयों, मनरेगा के तहत कराये गये निर्माण कार्य तथा राशन कार्डों के सत्यापन के बारे में समीक्षा करते हुए सभी पंचायत सचिवों को शीघ्र ही सभी प्रकार के निर्माण कार्य पूर्ण कराए जाने का निर्देश दिया है। एडीओ आईएसबी आजम खान, एडीओएसटी रोशन लाल, पंचायत सचिव अजय कुमार पांडेय, मालिक राम, अमरजीत, गरिमा यादव, राधे रमण प्रजापति, राजेश चौधरी, देवेंद्र पांडेय आदि लोग उपस्थित रहे।

### गौ आश्रय केंद्र का निर्माण कराए जाने की मांग

**रुपईडीह गोंडा :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत मंगल नगर के प्रधान धनुर्धर पांडेय ने खंड विकास अधिकारी से मिलकर ग्राम पंचायत में गो आश्रय केंद्र का निर्माण कराये जाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत में गो आश्रय केंद्र का निर्माण न होने से आवारा पशु किसाने की फसलो को आए दिन नुकसान पहुंचा रहे हैं। इन आवारा पशुओं से ग्रामीणों को जान का खतरा हमेशा बना रहता है।

### सड़क निर्माण कराए जाने की उठाई मांग

**रुपईडीह गोंडा :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत बलवंत नगर में बिकवा घाट से बलवंत नगर पुलिया तक जाने वाली सड़क का निर्माण कराये जाने की मांग प्रधान सुनीता ने क्षेत्रीय विधायक विनय कुमार द्विवेदी मुन्ना भैया से की है। उन्होंने बताया कि सड़क का निर्माण न होने से ग्रामीणों को गमनागमन के लिए दिक्कतें उठानी पड़ रही है।

# महिला सशक्तीकरण को संकल्पित है भाजपा

## गौरा विधानसभा के मसकनवा फार्म हाउस पर शक्ति सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

मसकनवा गोंडा



शक्ति सम्मान समारोह को संबोधित करते गौरा विधायक प्रभात कुमार वर्मा।



समारोह में मौजूद महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार:** गौरा विधानसभा के मसकनवा फार्म हाउस पर शक्ति सम्मान समारोह मंगलवार को आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्रीय विधायक प्रभात कुमार वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

विधायक ने बताया कि जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है। जब से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। 33% हमारी महिलाओं को आरक्षण दे कर आत्मनिर्भर बनाने का एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि जब से भारतीय जनता पार्टी केंद्र की सरकार तथा उत्तर प्रदेश की सरकार आई है।

महिलाओं के लिए आय योजना चला कर महिलाओं को सशक्त बनाने का पूरा प्रयास किया है महिला शक्ति केंद्र, महिलाओं के लिए बंपर नौकरियां, स्वयं सहायता समूह राशन की दुकानों में महिलाओं का आरक्षण महिला, पीएसी बटालियन, उज्ज्वला योजना, वर्किंग मोमेंट हॉस्टल स्कीम, लड़कियों के लिए कन्या सुमंगला योजना, स्वयं सहायता समूह को रोजगार सृजन, महिला समृद्धि योजना आदि योजना चला कर महिलाओं का सम्मान बढ़ाने का काम किया है। कहा गया कि महिलाओं को किसी भी कीमत पर मजबूत बनाना है।

इस मौके पर निती श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी, अभय श्रीवास्तव, जिला संयोजक, कमलेश पांडे, विक्रम वर्मा, लक्ष्मी जयसवाल, जितेंद्र पाण्डेय, राजन सिंह, बृजेश प्रताप नारायण सिंह, रमाकांत तिवारी, धर्मेंद्र पाठक, विनय यादव लोकसभा विस्तार, भूपेश मिश्रा, विनय वर्मा, मनमोहन, विश्वनाथ वर्मा, सोनू पाण्डेय आदि मौजूद रहे।





नेत्र परीक्षण करते डॉ. जैनेन्द्र त्रिपाठी। अमृत विचार

### मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए 68 मरीज चयनित

**करनैलगंज, गोंडा :** स्थानीय गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में मंगलवार को नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें इंदिरा गांधी आंख अस्पताल कैसरबाग लखनऊ से पहुंची टीम ने मरीजों का उपचार कर उचित परामर्श दिया। शिविर में डॉ जैनेंद्र त्रिपाठी ने 120 मरीजों के आंख का परीक्षण किया जिसमें 68 मरीज मोतियाबिंद से पीड़ित मिले जिन्हें नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। 17 लोगों को चश्मा प्रदान किया गया। टीम में दीपा सिंह, संगीता यादव, शिखा विश्वकर्मा, कंचन मेहता, रीना यादव, श्रेजल, राजकरन आदि शामिल रहे। वहीं बालगोपाल वैश्य, सरदार जोगिंदर सिंह जानी सहयोग में लगे रहे।

# चार दिन से गन्ना क्रय केंद्र ठप, किसानों का प्रदर्शन

## सेंटर पर सूख रहा गन्ना, मिल प्रबंधन पर मनमानी का आरोप

**नाराजगी**

- बलरामपुर चीनी मिल अंतर्गत संचालित है सिंघवापुर का गन्ना क्रय केंद्र
- मिल की तरफ से क्षेत्र के दर्जनों किसानों को तौल के लिए जारी की गई है पर्ची

धानेपुर, गोंडा



सिंघवापुर क्रय केंद्र पर प्रदर्शन करते किसान। अमृत विचार

**अमृत विचार:** धानेपुर थाना क्षेत्र के सिंघवापुर गन्ना क्रय केंद्र चीनी मिल प्रबंधन की लापरवाही की भेंट चढ़ गया है। सेंटर चार दिन से बंद है और गन्ने की तौल ठप है। किसानों का गन्ना ट्रालियों में पड़ा सूख रहा है और मिल प्रबंधन तौल की व्यवस्था कराने में विफल है। इस अव्यवस्था से नाराज किसानों का गुस्सा मंगलवार को फूट पड़ा और उन्होंने मिल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

धानेपुर थाना क्षेत्र के सिंघवापुर में क्षेत्र के किसानों का गन्ना खरीद करने के लिए बलरामपुर चीनी मिल की ओर से क्रय केंद्र बनाया गया है ताकि किसान अपने गन्ने की उपज आसानी से बेंच सके। मिल की तरफ से क्षेत्र के दर्जनों किसानों को तौल के लिए पर्ची भी जारी कर दी है लेकिन तौल की व्यवस्था नहीं करायी जा सकी। किसान गन्ना लेकर तौल के लिए केंद्र पर पहुंचे तो सेंटर बंद मिला। पिछले चार दिनों से सेंटर बंद है और गन्ने की तौल नहीं हो रही है।

आश्वासन के बावजूद तौल व्यवस्था न होने से नाराज किसानों ने मंगलवार को केंद्र पर जमकर हंगामा किया और प्रदर्शन करते हुए तौल शुरू कराये जाने की मांग की। किसान विनोद शुक्ला, ननकन प्रधान, रामप्रसाद जयसवाल, कर्ताराम यादव, रवींद्र शुक्ला, विजय तिवारी, तरुण ओझा, सोनू पांडे, सुनील पांडे, राहुल पांडे, आरिफ, सोनू पठान ने बताया कि वह लोग गन्ने के साथ केंद्र पर यार्ड में खड़े तौल का इंतजार कर रहे हैं। पिछले चार दिनों से आश्वासन के घुट्टी पिलाई जा रही है। ऐसे में जब चार दिन से गन्ना क्रय केंद्र बंद चल रहा है तो किसानों का काफी कठिनाइयों के दौर से गुजरना पड़ रहा है। किसानों का आरोप है कि मिल प्रबंधन अपनी मनामानी पर उतर आया है जिससे परेशानी है।

### संदिग्ध हालात में युवक ने फांसी लगा दी जान

**परसपुर, गोंडा :** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक द्वारा पेड़ से फांसी लगाकर जान दे दी गयी। परसपुर थाना क्षेत्र समय ग्राम राढ़ीपुरवा बलमत्थर निवासी खुशबू मिश्रा ने मंगलवार को थाने आकर बताया कि रविवार को समय लगभग रात 10 बजे उसके पति महेश मिश्रा उम्र करीब 26 वर्ष घर के पीछे अपने गेहू के खेत मे लगे बबूल के पेड मे फांसीलगा लिए थे जिसे हम लोग उतार कर अपने घर पर रखे है। उसके परिवार में कोई नही था जब परिवार वाले लुधियाना से आये है। तब आज सूचना देने आयी हूं। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी शेषमणि पाण्डेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर कार्यवाही होगी।

### ब्लॉक के चलते ट्रेनों का संचालन होगा नियंत्रित

**गोंडा कार्यालय:** गोरखपुर-गोंडा रेल प्रखंड के मसकनवा रेलवे-स्टेशन पर इंजीनियरिंग कार्य चल रहा है। इसके चलते 14 से 21 फरवरी तक कई ट्रेनों का संचालन नियंत्रित किया जाएगा। यह जानकारी सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने दी है। यशवंतपुर गोरखपुर एक्सप्रेस ट्रेन 70 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी। इसी प्रकार अमृतसर दरभंगा एक्सप्रेस ट्रेन 25 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी। इसके अलावा कटिहार अमृतसर एक्स्प्रेस ट्रेन मसकनवा स्टेशन पर पोंइटिंग करके चलाई जाएगी। 16 फरवरी को केचुली गोरखपुर एक्स्प्रेस 75 मिनट और अमृतसर दरभंगा एक्सप्रेस 30 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी।

# फूस के मकान में लगी आग

## धानेपुर थाना क्षेत्र पूरे तेंदुआ गांव के मजरे दाहुकपुरवा की घटना

धानेपुर, गोंडा



फूस के मकान में लगी आग। अमृत विचार

**अमृत विचार:** धानेपुर थाना क्षेत्र पूरे तेंदुआ गांव के मजरे दाहुकपुरवा के रहने वाले बुधराम भर के फूस के मकान में सोमवार की आधी रात अचानक आग लग गयी। आग की लपटें देख छप्पर में सो रहे बुधराम के परिवार में चीख पुकार मच गयी। शोर शराबा सुनकर पड़ोस और गांव के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे लेकिन आग की भीषण लपटों को देखकर कोई उसके पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा सका। लपटें शिथिल हुई तब जाकर लोगों ने आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में बुधराम की पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गयी। पीड़ित के मुताबिक उसके पास यही फूस का घर था जिसमें वह परिवार समेत रहकर गुजर बसर कर रहा था। इस आग ने उसका सबकुछ स्वाहा कर दिया। छप्पर जल जाने के बाद उसका परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया है। घटना की सूचना लेखपाल को दी गई। आग किस कारण से लगी, यह पता नहीं चल सका है।

# बाल संरक्षण गृह का लापता छात्र बरामद

**गोंडा कार्यालय:** नगर कोतवाली क्षेत्र के पंतनगर स्थित कंपोजिट स्कूल से लापता हुए बाल संरक्षण गृह के छात्र उत्तम कुमार को मंगलवार को सकुशल बरामद कर लिया गया। उत्तम चार दिन पहले नौ फरवरी को स्कूल से अचानक गायब हो गया था। पुलिस के साथ बाल संरक्षण गृह की चार टीमें उसकी तलाश कर रही थी।

नगर कोतवाली क्षेत्र के परेड सरकार स्थित बाल संरक्षण गृह में रहने वाला उत्तम कुमार (12) पंतनगर स्थित कंपोजिट स्कूल में पांचवी कक्षा में पढ़ने वाला छात्र उत्तम कुमार चार दिन पहले नौ फरवरी को स्कूल से लापता हो गया था। जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी ने नगर कोतवाली में छात्र के गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। नगर कोतवाली पुलिस के साथ बाल संरक्षण गृह के कर्मियों की चार टीमें लापता छात्र की तलाश में जुटी थी। गोण्डा, बस्ती, अयोध्या, लखनऊ, कानपुर नगर जिलों में टीमें भेजी गयी थी। जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी ने बताया छात्र को मंगलवार को शहर के एलबीएस चौराहे से बरामद कर लिया गया है। उत्तम स्कूल से भटक कर बाहर चला गया था और पिछले चार दिन से शहर में ही घूम रहा था। बरामदगी के संबंध में जिला प्रशासन को सूचना दे दी गई है और विधिक कार्रवाई की जा रही है। बाल संरक्षण गृह के कोऑर्डिनेटर उपेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि छात्र की हालत सामान्य है और वह संरक्षण गृह के कर्मचारियों की अभिरक्षा में है।

## सार-संक्षेप

### सच्चा मार्ग दिखाती है भागवत कथा: कौशलेंद्र कृष्ण



**बालपुर/गोंडा :** श्रीमद्भागवत फाउंडेशन द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद् देवी भागवत महापुराण एवं रूद्र चंडी महायज्ञ में कथा व्यास कौशलेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज ने कहा कि शांत एवं इस संसार सागर में भटकते हुए व्यक्ति को देवी भागवत महापुराण कथा सुनने मात्र से उनका चित्त सदा के लिए शांत हो जाता है। राजा जनमेजय अपने पिता राजा परीक्षित की मृत्यु के दुख से जब अशांत थे तो आस्तिक मुनि ने आकर उनको समझाया और आस्तिक मुनि ने बताया कि आपका जो चित्त अशांत है। अगर आप देवी भागवत सुनेंगे तो आपका चित्त सदा के लिए शांत हो जाएगा। तब राजा जनमेजय ने देवी भागवत सुनकर के अपने चित्त को सदा के लिए शांत किया। इस मौके पर अतुल शास्त्री महाराज, सूरज शास्त्री, राकेश शास्त्री, दिनेश मिश्रा, प्रखर, सूरज शुक्ला, हेमंत, अनिल, अंजनी, दीपू, सुरेश, सोनू, सत्यम, रविशंकर, छोटू, मोहित तिवारी, भवानी, पंकज, ऋतिक समेत कई लोग मौजूद रहे।

### सरयू पुल पर लगाई जा रही जाली, थमेगी खुदकुशी



**करनैलगंज, गोंडा :** सुसाइड पॉइंट के रूप में मशहूर कटरा घाट स्थित सरयू नदी पर बनी पुल पर जाली लगाने के लिए लोग वर्षों से मांग कर रहे थे। आखिरकार प्रशासन ने पुल की रेलिंग पर जाली लगवाने का कार्य प्रारम्भ कर दिया है। गोंडा-लखनऊ हाईवे स्थित सरयू नदी के ऊपर बने पुल की रेलिंग जर्जर हो गई थी। ऊंचाई भी कम थी जिससे खुदकुशी का खतरा बना रहता था।



कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

### हैलो डॉक्टर दीदी कार्यक्रम के माध्यम से किया जागरूक

**इटियाथोक/गोंडा :** क्षेत्र के कन्या प्रावि के बच्चों के पालन पोषण और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के लिए मोबाइल आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं व धात्रियों को जन्म से छह माह तक के बच्चों के पालन-पोषण और उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दी गयी। पालन पोषण की बात डाक्टरनी दीदी के साथ' कार्यक्रम के तहत बताया गया कि 07878781003 पर मिस्सड काल करके सभी महिलाएं अपने बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकती हैं। शुरुआती एक माह में बच्चों को मां का ही दूध पिलाया जाए, छह माह बाद ही ऊपरी आहार दिया जाए। गर्भवती और धात्री महिलाओं के बीच जागरूकता संबंधी बोर्ड गेम, सवाल-जवाब जैसे खेल भी कराये गये। उपहार भी दिया गया। टीम में अभिषेक मौर्य, विपिन सिंह, रीना सिंह, अनूप वाजपेई, शालिनी जैसवाल, तरन्नुम बानो सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्री सरोज पांडे, अनीता देवी और प्रेमकुमारी उपस्थित रहीं।

### स्थापना दिवस पर बांटे जाएंगे मोबाइल फोन

**परसपुर, गोंडा:** नपं स्थित महाकवि तुलसीदास पीजी कॉलेज का स्थापना दिवस वृहस्पतिवार को मनाया जायेगा। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ एसपी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी वृहस्पतिवार को महाविद्यालय के 24वें स्थापना दिवस के अवसर पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जो महाविद्यालय के छात्र छात्राओं किये जायेंगे। वहीं स्नातक, परास्नातक व बीएड 2023 में उत्तीर्ण कर चुके छात्र छात्राओं को मोबाइल फोन व टैबलेट वितरित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह व विशिष्ट अतिथि विधायक अजय सिंह होंगे।

# मारवाड़ इंटर कॉलेज के नवीन भवन का लोकार्पण

**गोंडा कार्यालय:** साहबगंज में शासन द्वारा वित्त पोषित मारवाड़ इंटर कॉलेज के नवीन भवन के प्रवेश द्वार का मुख्य अतिथि जगदीश प्रसाद अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष उजमा राशिद ने लोकार्पण किया।





नवीन भवन के लोकार्पण के बाद चेयरमैन का सम्मान करतीं पदाधिकारी। अमृत विचार

प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि विद्यालय में सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को बैठने के लिए पर्याप्त संख्या में मेज व बेंच है। नकल विहीन परीक्षा के दृष्टिगत सभी कक्षाओं में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। नपाध्यक्ष उजमा राशिद ने कहा कि बच्चे रोज यूनिफार्म में आयें और गुरु जनों द्वारा दी गयी शिक्षा को ग्रहण करें। प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष अनिल मित्तल ने बताया कि विद्यालय में कक्षा छह से कक्षा 12 तक के छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

मारवाड़ी समाज द्वारा संचालित इस स्कूल में आधुनिक सुविधाओं का विस्तार करते हुए शीघ्र ही कंप्यूटर क्लासेस तथा वाचनालय की स्थापना की जाएगी। प्रधानाचार्य राकेश मोहन श्रीवास्तव ने कहा की बच्चे देश की धरोहर हैं। संचालन डॉ राजीव अग्रवाल व मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष गोपाल मित्तल द्वारा किया गया। बच्चों ने स्वागत गीत, भजन व डांस प्रस्तुत किया। इस मौके पर जगदीश प्रसाद अग्रवाल, योगेंद्र सिंघल, गोपाल कृष्ण अग्रवाल, अशोक बंसल, डॉ. जीपी अग्रवाल, डॉ. हरिदास अग्रवाल, डॉ. रेनू अग्रवाल, डॉ उषा अग्रवाल, नीलम जैन, नीतू गर्ग, विशाल अग्रवाल, पवन अग्रवाल डॉ महेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### सरस्वती की पूजा और व्रत से शिक्षा क्षेत्र में मिलती है सफलता



बसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार

**नवाबगंज, गोंडा :** नवाबगंज शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत महेशपुर विधालय में बसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर मंगलवार को कई कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाध्यापिका वंदना पटेल ने बसंत पंचमी पर्व के बारे में बच्चों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि इस दिन पीले वस्त्र धारण करना चाहिए और पीले फूलों से माता सरस्वती की पूजा की जाती है। माता सरस्वती की पूजा करने से जिन छात्रों को पढ़ाई में मन नहीं लगता है। माता सरस्वती की कृपा प्राप्त होती है। एक बच्ची को माता सरस्वती के रूप में पीले वस्त्र पहनाकर और मुकुट पहनाकर देवी का रूप दिया गया। चार बच्चियों को सुंदर पीले वस्त्र पहनाकर एक झांकी के साथ शानदार प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में भाग लेने वाली बच्चियों में अनीशा, कुमकुम, रुचि, पायल ने शानदार प्रस्तुति से मन मोह लिया।

**अंकित हत्याकांड**

## हत्यारोपियों को पकड़ने में विफल पुलिस ने रात दस बजे दिखाई दादागिरी, गिरफ्तारी को लेकर छात्र पंचायत का धरना दूसरे दिन भी रहा जारी

# धरने पर बैठे छात्र पंचायत संयोजक की पुलिस से नोक-झोंक

गोंडा कार्यालय





जिला पंचायत टिन शेड के नीचे धरने पर बैठे परिजन व छात्र पंचायत संयोजक।

**अमृत विचार:** नारायणा हॉस्पिटल में कार्यरत नर्सिंग सहायक अंकित तिवारी के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों संग धरने पर बैठे छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं की सोमवार की रात पुलिस से तीखी नोकझोंक हुई। आरोपियों की गिरफ्तारी में विफल रही पुलिस रात 10 बजे दादागिरी पर उतर आई और शांतिपूर्ण तरीके से धरने पर बैठे परिजनों व कार्यकर्ताओं को जबरन धरने से उठाने का प्रयास किया। एक दरोगा ने धमकी दी कि दो मिनट में उठा लिए जाओगे। इस पर छात्र पंचायत संयोजक शिवम पांडेय से दरोगा की तीखी नोकझोंक हो गयी। हालांकि बाद में पुलिस है रंग वापस लौट गयी। छात्र पंचायत संयोजक समेत परिवार के लोग दूसरे दिन मंगलवार को भी धरने पर डटे हैं।

मोतीगंज थाना क्षेत्र के अचलपुर गांव के रहने वाले 23 वर्षीय अंकित तिवारी की 25 जनवरी को हत्या कर दी गयी थी और उसका शव रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया गया था। मृतक अंकित नगर कोतवाली क्षेत्र के सर्कुलर रोड स्थित नारायणा हॉस्पिटल में नर्सिंग सहायक के तौर पर काम कर रहा था। इस मामले में मृतक के परिजनों ने हास्पिटल संचालक डा दीपक सिंह समेत तीन लोगों के खिलाफ हत्या व साक्ष्य छिपाने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। घटना के बाद से ही आरोपी फरार हैं।

वारदात को 18 दिन बीत चुके हैं लेकिन पुलिस अब तक हत्यारोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर सकी है। इससे परिजनों में आक्रोश बढ़ रहा है। हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर छात्र पंचायत मृतक के परिवार साथ सोमवार से धरने पर बैठे हैं। सोशल मीडिया पर पुलिस की कार्यशैली सवालों के घेरे में हैं। इस धरने से पुलिस असमंजस में दिख रही है। धरने से तिलमिलाई पुलिस ने सोमवार को पहले ही दिन धरना दे रहे लोगों को धरनास्थल से हटाने की कोशिश की। रात 10 बजे सीओ सिटी विनय कुमार सिंह पुलिस फोर्स के साथ धरनास्थल पर पहुंच गए। सीओ के साथ गए एक दरोगा ने धरने पर बैठे छात्र पंचायत संयोजक शिवम पांडेय को धमकी देते हुए कहा कि अगर धरना खत्म नहीं किया तो दो मिनट में उठा लिए जाओगे।

### धमकी के 12 घंटे में ही बैकफुट पर पुलिस

धरने पर बैठे परिजनों व छात्र पंचायत के संयोजक को रात में धमकी देने के बाद सुबह जिले की पुलिस बैक फुट पर नजर आई। दोपहर बाद नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह धरना स्थल पर पहुंचे और परिजनों के बीच बैठकर उन्हें आरोपियों के गिरफ्तारी की जानकारी दी राजेश सिंह ने परिजनों को आस्वस्थ किया कि मामले में नाम से आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली गई है। कुछ तकनीकी बिंदुओं के चलते इसका खुलासा नहीं किया जा रहा है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। राजेश सिंह के आश्वासन पर परिजन धरना खत्म करने को राजी हो गए। छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडे ने बताया कोतवाल की तरफ से आरोपियों की गिरफ्तारी की जानकारी दिए जाने के बाद धरना खत्म किया जा रहा है।

### गोगिया गांव में शिवभक्तों ने किया वेदी पूजन



शिव मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर पूजन-अर्चन करते भक्त। अमृत विचार

**परसपुर, गोंडा :** विकास क्षेत्र गोगिया ग्राम में शिव मंदिर के मूर्ति स्थापना व प्राण-प्रतिष्ठा हेतु आयोजित तीन दिवसीय पूजन कार्यक्रम के दूसरे दिन मंगलवार को नगर भ्रमण किया गया। आचार्य राजीव कुमार पांडेय ने बताया कि तीन दिवसीय अनुष्ठान के दूसरे दिन दर्जनों शिवभक्तों के साथ वेदी पूजन, देव पूजन, मूर्ति मिलान व नगर भ्रमण कराया गया। उन्होंने बताया कि प्रात: कालीन वेदीपूजन के बाद भगवान शिव की मूर्ति का पुष्पाधिवास, फलाधिवास, मिष्ठान्नाधिवास, धुपाधिवास, धृताधिवास व मूर्तिस्नान आदि के बाद शिवजी की मूर्ति का धामसा माता मंदिर हड़ियागाड़ा, श्री शिव-हनुमान मंदिर गोकुलाघाट, संतोषी माता मंदिर आदि देव स्थानों पर मूर्तिमिलान करते हुए नगर भ्रमण कराया गया। उन्होंने बताया कि बुधवार वसंतपंचमी के दिन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शिवजी की मूर्ति का प्राण-प्रतिष्ठा किया जाएगा। कार्यक्रम में स्थानीय एवं दूरदराज के इलाकों से बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे थे। इस अवसर पर अश्वनी पांडेय, रवि प्रकाश पाठक, अखिलेश सिंह, प्रियांशु सिंह, अमित सिंह, विनीत सिंह, विष्णु मिश्रा, केदारनाथ पांडेय, दीनानाथ शास्त्री, वरुणेश मिश्रा, संजीव चतुर्वेदी आदि रहे।

### एक नजर

## चोरी के तीन आरोपी किए गए गिरफ्तार

**इटियाथोक गोंडा :** चोरी की घटना में शामिल तीन अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि सोमवार को सदाशिव बाजार के कृष्ण कुमार सोनी की सराफा दुकान का अज्ञात चोरों ने शटर काटकर जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया था। चोरी की रिपोर्ट कृष्ण कुमार सोनी ने दर्ज कराई थी। बुधवार की तड़के गश्त के दौरान पंचायत भवन अयाह के पास अरविन्द कुमार वर्मा, नूर मोहम्मद व चांद बाबू निवासी कर्मडीह कलां को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों ने चोरी की घटना में शामिल होना स्वीकार किया। तलाशी के दौरान 14 जोड़ी पायल, 55 बिछुवा, तीस अंगूठी, दो आधारकार्ड, एक मोबाइल तथा पांच हजार रुपये बरामद हुए। तीनों अभियुक्तों को चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# विधानसभा मिलन समारोह में सैकड़ों ने ली भाजपा की सदस्यता

### सदस्यता लेने वालों में सभासद, प्रधान और बीडीसी रहे शामिल, जनपद के समस्त क्षेत्रों में शक्ति वंदन समारोह का आयोजन

गोंडा कार्यालय


मो. सलीम को सदस्यता दिलाकर स्वागत करते सांसद और विधायक। अमृत विचार



सभासदों को पार्टी की सदस्यता दिलाने के बाद स्वागत करते भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप। अमृत विचार

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनपद के सब समस्त विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा मिलन समारोह एवं शक्ति बंदन समारोह के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके साथ ही भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर कई लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। जिसमें सभासद प्रधान बीडीसी की संख्या 126 रही।

गोंडा विधानसभा मिलन समारोह में भाजपा जिला अध्यक्ष अमरकिशोर कश्यप द्वारा 210 लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। जिसमे की 7 नगर पालिका सभासद प्रकाश आर्य हीरु, वैभव नारायण, अभिषेक मिश्रा, अरविंद सोनी, शशांक श्रीवास्तव, मिथुन कौशल, कमलेश कुमारी व 8 बीडीसी एवं 6 प्रधान रहे। इसके साथ ही पूर्व जिला मंत्री धर्मेंद्र कुमार पांडे एवं पूर्व नगर महामंत्री ज्ञानेंद्र पाठक को भी पुनः भाजपा की सदस्यता दिलाई गई।

विधानसभा क्षेत्र तरबगंज में कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह एवं विधायक प्रेम नारायण पांडे द्वारा सदस्यता दिलाने का कार्य किया गया। मेहानौन विधानसभा क्षेत्र में विधायक विनय कुमार द्विवेदी एवं सांसद प्रतिनिधि राजेश सिंह द्वारा सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में सदस्यता दिलाई गयी।

विधानसभा क्षेत्र गौरा के विधायक प्रभात कुमार वर्मा द्वारा अपने क्षेत्र के सैकड़ो लोगों को सदस्यता दिलाई गई। मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री द्वारा को सदस्यता दिलाने का कार्य किया गया। कर्नलगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजय कुमार सिंह द्वारा अपने विधानसभा में सदस्यता एवं शक्तिबंधन कार्यक्रम में प्रतिभा किया गया। भारतीय जनता पार्टी ने विभिन्न कार्यक्रमों में जिला महामंत्री जसवंत लाल सोनकर, जिला उपाध्यक्ष संदीप पांडे, अर्जुन प्रसाद तिवारी, जिलामंत्री विनय शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र ओझा पट्टू, जिलामंत्री रंजीत श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के संयोजन का कार्य किया।

## लोक निर्माण विभाग दफ्तर में कर्मी को पीटा

**गोंडा कार्यालय:** लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता कार्यालय में एक कम्प्यूटर ऑपरेटर की पिटाई कर दी गई. पीड़ित ने पुलिस में तहरीर दी है। घटना को लेकर कर्मचारियों मे रोष है। अधीक्षण अभियंता कार्यालय में तैनात कम्प्यूटर ऑपरेटर मुकुंद गुप्ता मंगलवार दोपहर लंच करने जा रहा था कि दफ्तर पहुंचे एक ठेकेदार से बहस शुरू हो गई। ठेकेदार ने अपशब्द कहने शुरू कर दिए और विरोध करने पर ऑपरेटर की पिटाई शुरू कर दी। कर्मचारी इकट्ठे हुए तो ठेकेदार धमकी देकर निकल गया। पीड़ित ने तहरीर दिए जाने की बात कही है। उधर अधीक्षण अभियंता भगवानदास ने इसे गंभीरता से लिया है। आवश्यक कार्रवाई की बात कही है।

# सिरफिरे की भेंट चढ़ गईं शादी की खुशियां

### दूल्हे की मामी ने गंवाई जान, जिंदगी की जंग लड़ रहे छह रिश्तेदार, मौके पर अफसर पहुंचे


छपिया थाना क्षेत्र के महुलीखोरी गांव विवाद के बाद रोते-बिलखते परिजन।


घटनास्थल पर पहुंचे डीआईजी और पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार


एंबुलेंस में बैठे घायल। अमृत विचार

मसकनवा, गोंडा


घायल को अस्पताल ले जाते परिजन।


अस्पताल में स्ट्रेचर पर लेटा घायल।

**अमृत विचार:** छपिया थाना क्षेत्र के महुलीखोरी गांव के मजरा पांडेय पुरवा मंगलवार की सुबह गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। जिस रामबाबू के परिवार में बेटे के विवाह की खुशियां छायी थी और मंगल गीत गाए जा रहे थे, वहां मामूली विवाद को लेकर एक सिरफिरे ने गोलियों की बौछार कर माहौल में दहशत पैदा कर दिया। गोली लगने से दूल्हे के मामी समेत परिवार के सदस्य और रिश्तेदार घायल होकर गिर गए। अस्पताल ले जाते समय दूल्हे के मामी की मौत हो गई जबकि 6 रिश्तेदार अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं।

छपिया थाना क्षेत्र के महोलिखोरी गांव के मजरे पांडेपुरवा के रहने वाले बाबूराम जायसवाल के घर बेटे के विवाह की धूम मची थी। मंगलवार की शाम को बेटे अमनदीप की बारात जानी थी। रिश्तेदार और परिवार के सदस्य विवाह की तैयारी में जुटे थे। महिलाएं मंगल गीत गा रही थीं। पूरे परिवार में जश्न का माहौल था। बाबूराम ने बताया कि वह घर में महिला रिश्तेदार अधिक थी। इसलिए उन्हे नहाने में दिक्कत हो रही थी। बगल में खाली पड़ी गली मेम वह महिलाओं की सहूलियत के लिए बाबूराम अपने घर के बगल गली में टिन शेड लगा दिया था, ताकि उन्हे विवाह तक परेशानी न हो। इससे नाराज गांव का सीताराम यादव उर्फ गब्बर अपने मंगलवार की सुबह परिवार के सदस्यों समेत उनके घर आ धमका। सभी लाठी डंडों से लैस थे। रामबाबू कुछ समझ पाते इसके पहले ही सीताराम और उसके परिवार के लेग हमलावर हो गए और उस पर धावा बोल दिया। परिवार और रिश्तेदार दौड़े तो सीताराम ने पिस्टल निकालकर गोलियां बरसाना शुरू कर दिया। इस ताबड़तोड़ फायरिंग में दूल्हे अमनदीप की मामी झिनपता पत्नी अमेरिका (60) निवासी जोगापुर थाना परशुरामपुर जिला बस्ती, दूल्हे के चाचा रामदेव जायसवाल (50), भाई दीपक जायसवाल (29), चचेरी बहन पिंकी जायसवाल (17) चचेरा भाई सत्यम जायसवाल (18), पडोसी की लड़की लक्ष्मी यादव( 13 ) व मौसी का लड़का किशोर कुमार (38) निवासी बेरता थाना परशुरामपुर घायल हो गए। देखते ही देखते विवाह की खुशियां मातम में बदल गयीं। परिवार में चीख पुकार मच गयी। इस फायरिंग से गांव में दहशत फैल गयी। तत्काल सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां दूल्हे के मामी झिनपता पत्नी अमेरिका की मौत हो गयी जबकि अन्य सभी जिला अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं। रामदेव व दीपक को गंभार हालत में जिला चिकित्सालय से केजीएमसी लखनऊ रेफर किया गया है।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर छपिया पुलिस सहित खोड़ारे व मनकापुर पुलिस की पहुंचकर घटना के पड़ताल में जुट गई है। एसओ सत्येंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी सीताराम यादव समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### दूल्हा अमनदीप बोला- पैर को छूते हुए निकल गयी गोली

रामबाबू जाय़सवाल का बेटा अमनदीप अमनदीप जायसवाल दिल्ली में रहकर अपनी जीविका का चलाता है। अमनदीप शनिवार को दिल्ली से घर आया था। मंगलवार को बस्ती जनपद के रामनगर गांव में बरात जानी थी। अमनदीप ने बताया की शादी का माहौल होने के नाते घर पर नात रिश्तेदार आए हुए थे। रिश्तेदारों को नहाने के लिए घर के पीछे गली में एक टिन शेड लगा दिया था। इसको लेकर पड़ोस के रहने वाले फौजी ने गाली गलौज करते हुए हटाने के लिए कहा था। टीन शेड न हटाए जाने पर सनकी फौजी ने घर चढ़कर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी। अमनदीप ने इस खूनी मंजर की दास्तां बताते हुए कहा कि एक गोली तो उसके उसके पैर को छूते हुए निकल गई। इस घटना में अमनदीप को भी चोट आई है।

### पुलिस अफसरों ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

इस सनसनीखेज घटना के बाद घटनास्थल पर देवीपाटन मंडल के डीआईजी अमरेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल व क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे और परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। जिले की स्वाट, सर्विलांस, फॉरेंसिंक व डॉग स्क्वायड की टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और साक्ष्य संकलन किया। एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि घटना में शामिल दो आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। मामले की जांच की जा रही है। घटना में शामिल अन्य सभी आरोपियों की तलाश की जा रही है

# समस्तीपुर से राम मंदिर पहुंचे भक्त


भक्तों का फूल-मालाओं से स्वागत करते महंत चिन्मयानंद। अमृत विचार

**नवाबगंज गोंडा:** आस्था स्पेशल ट्रेन से देश के विभिन्न प्रांतों के धार्मिक स्थलों से श्रद्धालुओं के अयोध्या पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है। मंगलवार को सुबह 8.30 बजे समस्तीपुर आस्था स्पेशल ट्रेन से 1500 श्रद्धालुओं को लेकर कटरा रेलवे स्टेशन पहुंची। श्रद्धालुओं के स्वागत सम्मान के लिए स्टेशन पर मौजूद कटरा कुटी धाम के पीठाधीश्वर महंत चिन्मयानंद महाराज और ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहन प्रतिमा ने श्रद्धालुओं को जय श्री राम लिखा अंग वस्त्र धारण कर फूल मालाओं से स्वागत सम्मान करते हुए बसों से श्रद्धालुओं को अयोध्या के लिए रवाना किया गया। सरकार का बखान करते हुए श्रद्धालुओं ने कहा आज हम लोगों का सौभाग्य है कि वर्षों की ऋषि मुनियों और पूर्वजों की तपस्या सफल हो गई। रेलवे विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए श्रद्धालुओं ने कहा कि समस्तीपुर बिहार से आस्था स्पेशल ट्रेन में खाने पीने और विश्राम करने की जो व्यवस्था दी गई है वह सराहनीय है। अयोध्या धाम पहुंचकर सबसे पहले पवित्र सरयू नदी में स्नान करेंगे और उसके बाद अयोध्या राम जन्मभूमि में विराजमान प्रभु श्रीराम का और भक्त हनुमान का दर्शन पूजन करेंगे। लोगों से आवाह्न करुंगा कि ज्यादा से ज्यादा राम भक्त अयोध्या धाम पहुंचकर अपने प्रभु श्रीराम का दर्शन पूजन करें।

## राष्ट्र को सर्व समर्थ बनाने का प्रयोग है गायत्री महायज्ञ

**गोंडा कार्यालय :** अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक परम पूज्य सदगुरुदेव भगवान, वेद मूर्ति, पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के आध्यात्मिक दिवस बसंत पर्व व गायत्री शक्तिपीठ सिविल लाइन की स्थापना के चतुर्थ वर्षगांठ के क्रम में आयोजित गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ मंगलवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। मुख्य यजमान डॉक्टर संध्या सिंह द्वारा कलश पूजन के दौरान गायत्री परिजनों को संबोधित करते हुए किरण मिश्रा ने कहा कि गायत्री महायज्ञ राष्ट्र को सर्व समर्थ बनाने का महान आध्यात्मिक प्रयोग है। वेद मूर्ति श्रीराम शर्मा आचार्य ने इस प्रयोग को अपने जीवन आचरण से सिद्ध करते हुए 21वीं सदी, नारी सदी, सबके लिए सद्बुद्धि, सबके लिए उज्जवल भविष्य का उद्घोष किया था। वर्तमान में चहुँ ओर सच साबित होते देखा जा रहा है।

## लालचंद और अभिषेक प्रदेश सचिव दीपू बनाए गए जिलाध्यक्ष

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी ने लालचंद गौतम को लोहिया वाहिनी का प्रदेश सचिव और डॉ अभिषेक गोस्वामी को युवजन सभा का प्रदेश सचिव मनोनीत किया है. वहीं बूढ़ादेवर के ग्राम प्रधान देवेंद्र प्रताप सिंह दीपू को मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड का जिलाध्यक्ष बनाया गया है. इसे लेकर जिले के समाजवादी नेताओं मे हरस का माहौल है।

नव मनोनीत प्रदेश सचिव लालचंद गौतम ने समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ रामकरण निर्मल के प्रति आभार जताया है. नव मनोनीत प्रदेश सचिव डॉ अभिषेक गोस्वामी ने समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

वहीं बूढ़ादेवर के ग्राम प्रधान देवेन्द्र प्रताप सिंह दीपू ने मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीस रजा के प्रति आभार ज्ञापित किया है। नव मनोनीत पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन, सपा नेता सूरज सिंह, पूर्व विधायक बैजनाथ दुबे, नंदिता शुक्ला, रमेश गौतम, सरफराज हुसैन व अन्य ने बधाई दी है।

# भाई समेत दो छात्राएं स्कूल से लापता

### परिजनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस

नवाबगंज, गोंडा







**अमृत विचार:** नवाबगंज थाना क्षेत्र के लोलपुर गांव की रहने वाली दो छात्राएं अपने चचेरे भाई समेत सोमवार को स्कूल से अचानक लापता हो गयीं। तीनों बस्ती जिले के विक्रमजोत थाना क्षेत्र के एक निजी स्कूल में पढ़ते थे। मंगलवार की सुबह

घर से तीनों स्कूल जाने के लिए निकले थे लेकिन वापस नहीं लौटे। परिजनों ने तीनों की तलाश की लेकिन उनका पता नहीं चल सका। देर शाम परिजनों ने बस्ती जिले के छावनी थाने पर तीनों के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई है। केस दर्ज कर पुलिस छात्र-छात्राओं की तलाश में जुट गई है। वहीं इस घटना से परिजनों में हड़कंप मचा हुआ है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के लोलपुर गांव के रहने वाले शंभूनाथ कनौजिया के मुताबिक उनका बेटा प्रिंस(16) सोमवार की सुबह अपनी चचेरी बहनों भूमि (17) पुत्री हरि किशन व प्रीति (16) पुत्री श्रीकिशन के साथ स्कूल जाने के लिए निकला था। तीनों बस्ती जिले के विक्रमजोत क्षेत्र के कौलपुर स्थित दुर्गा देवी स्मारक शिक्षण संस्थान में पढ़ते थे। तीनों स्कूल की बस से विद्यालय गए थे लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटे। परिवार के लोग बच्चों की तलाश में स्कूल पहुंचे तो वहां भी उनका पता नही चल सका। परिजनों ने स्कूल के शिक्षकों व प्रिसिंपल से पूछताछ की लेकिन वहां से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। परिजनों का कहना है कि स्कूल में सोमवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम था। बच्चे इसी में शामिल होने के लिए गए थे। उनके पास मोबाइल फोन भी था जो अब स्विच ऑफ बता रहा है।

परिजनों का आरोप है कि बच्चों को स्कूल से ही अगवा कर लिया गया है। परिजनों की तहरीर पर छावनी पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया है और बच्चों की तलाश में जुट गई है। विक्रमजोत चौकी प्रभारी चन्द्रकान्त पाण्डेय आपने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# 24 घंटे में हटाएं अतिक्रमण वरना चलेगा बुलडोजर

उमरी बेगमगंज, गोंडा


अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों से बातचीत करते एसडीएम तरबगंज। अमृत विचार

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायत बरौली में स्कूल की जमीन से अवैध कब्जा हटाने के लिए उच्च न्यायालय में दायर अवमानना याचिका पर कोर्ट के आदेश के बाद एसडीएम की अगुवाई में प्रशासनिक अमला बरौली बरजोरनगर पहुंचा और दबंग भू माफियाओं को अतिक्रमण हटाने के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है।

ग्राम पंचायत बरौली में गाटा संख्या 1676 स्कूल फॉर्म की सरकारी जमीन पर बनाई गई अवैध मस्जिद व मकान पर बुलडोजर चलने का समय धीरे-धीरे नजदीक आता जा रहा है। प्रशासन ने इसके लिए पूरी तरह से कमर कस ली है। बरौली बरजोरनगर निवासी संजय कुमार मिश्रा की याचिका पर उच्च न्यायालय ने गत वर्ष अप्रैल माह में आदेश जारी किया था लेकिन प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई थी मजबूर होकर याचिकाकर्ता को न्यायालय में अवमानना याचिका दायर करनी पड़ी लेकिन फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हो पाई और याचिका कर्ता को तीसरी बार न्यायालय की शरण लेनी पड़ी जिसके बाद न्यायालय ने सख्त आदेश जारी करते हुए एक सप्ताह का समय दिया था 5 फरवरी को सरकारी वकील द्वारा जिलाधिकारी गोंडा को न्यायालय द्वारा पारित आदेश रिसीव करवाया गया था। अवैध अतिक्रमणकारियों को नोटिस चश्पा कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए लेकिन भूमाफियाओं ने स्कूल की जमीन से अतिक्रमण नहीं हटाया।

एसडीम तरबगंज की अगुवाई में टीम ने अतिक्रमणकारियों को कब्जा हटाने के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। इस दौरान एसडीम तरबगंज भरत भार्गव तहसीलदार केशव प्रसाद हल्का लेखपाल पुलिस क्षेत्राधिकारी थानाध्यक्ष संजीव वर्मा बजरंग दल के जिला संयोजक पंकज सिंह आदि ग्रामीण मौजूद रहे। इस बाबत एसडीम तरबगंज भरत भार्गव ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के लिए 24 घंटे का समय दिया गया है।

# डग्गामार के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई जल्दः एआरटीओ

**गोंडा कार्यालय:** मंगलवार को परिवहन और ट्रैफिक व्यवस्था से जुड़े अफसरों ने डग्गामार वाहन संचालकों को अंतिम चेतावनी जारी कर दी है। यात्री कर अधिकारी शैलेन्द्र तिवारी ने बताया कि रोडवेज, एलबीएस चौराहा, बहराइच रोड समेत कई इलाकों में अनाउंस कराया है कि गैर निर्धारित स्थलों पर गाड़ी खड़ी कर सवरिया भरने वाले वाहन संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा ट्राफिक महकमे ने ई रिक्शा संचालन के लिए भी रूट निर्धारित कर दिया है।

उधर, इस मामले में एआरटीओ बबिता वर्मा का कहना है कि उन्होंने डग्गामार वाहन संचालन को लेकर सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। रोडवेज के आसपास सवारी भरने वाले ने निजी वाहनों पर चालान किया जाएगा। किसी वाहन का लगातार तीन बार चालान हुआ तो उस वाहन के परमिट के निरस्तीकरण की कार्रवाई की जा सकती है।

### एआरएम ने लिखा पत्र तो हरकत मे महकमा

रोडवेज के एआरएम कपिल देव ने मंगलवार को एक बार फिर डग्गामार वाहन संचालकों के विरुद्ध नियम संगत कार्रवाई करवाने को लिए एआरटीओ को पत्र लिखा। लिखा है कि रोडवेज के एक किलोमीटर के दायरे में प्राइवेट वाहनों के संचालन पर रोक है इसके बावजूद डग्गामार वाहन संचालक धड़ल्ले से आसपास के क्षेत्रों मे सवारिया भरते देखे जाते हैं. इससे रोडवेज की आय में ख़ासी चपत लगती है. इतना ही नहीं रोडवेज कर्मचारियों के मना करने पर गाली गलौज व मारपीट पर आमादा हो जाते हैं।

### ई-रिक्शा पर भी लगाम की तैयारी

यात्री कर अधिकारी ( पीटीओ) शैलेन्द्र तिवारी ने बताया कि शहर मे हर जगह दिखने वाले ई रिक्शे भी जाम की बड़ी वज़ह बन रहे हैं, इनके लिए भी रूट का निर्धारण किया गया है. शहर मे चार रूट बनाए गए हैं। इन रूटों के लिए अब तक 15 सौ ई रिक्शों को सूचीबद्ध किया गया है। जल्द ही सभी के रूट निर्धारित कर दिए जाएंगे।

## घारीघाट में कुश्ती दंगल का आयोजन

बभनजोत, गोंडा

**अमृत विचार:** बभनजोत ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत घारीघाट एमयू चौधरी इंटर कॉलेज में दो दिवसीय विराट कुश्ती दंगल का आयोजन हुआ। 21 हजार रुपये की इनामी कुश्ती की शुरुआत लकी थापा पहलवान नेपाल व मुन्ना टाइगर पहलवान राजस्थान ने की। आयोजन में कई प्रदेशों से आए पहलवानों ने कुश्ती के दांव-पेंच दिखाए।

मुख्य अतिथि के रूप में गौरा विधायक प्रभात कुमार वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि वैभव सिंह राष्ट्रीय महामंत्री रहे। प्रभात वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय खेलों में महत्वपूर्ण खेल दंगल है। कुश्ती करने से युवा शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है। इस दंगल कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल रहे आयोजक रहमत अली, संस्थापक बिंदेश्वरी वर्मा जिला मंत्री किसान मोर्चा, व्यवस्थापक अब्दुल कयूम ठेकेदार, कमल चौधरी प्रबंधक हकीकुल्लाह चौधरी डिग्री कॉलेज, संचालक कप्तान श्रीवास्तव, चंद्रभान पटेल, रमेश यादव, बिजेंदर पटेल, रोहित भारती, अतुल शुक्ला, विनोद कुमार, अब्दुल हकीम सब्बू खान, डॉक्टर अमरचंद आदि मौजूद रहे।

### पहले दिन इन पहलवानों के बीच हुआ मुकाबला

प्रथम खेल मुन्ना टाइगर पहलवान राजस्थान मध्य लकी थापा नेपाल के बीच घमासान मुकाबला हुआ। द्वितीय रवि पहलवान कानपुर मध्य जावेद पहलवान सहारनपुर के बीच मुकाबला हुआ। वही तृतीय मोहित पहलवान मेरठ मध्य कल्लू पहलवान मध्य प्रदेश के बीच मुकाबला हुआ।

# पुलिस भर्ती परीक्षा:नकल हुई तो खैर नहीं

गोंडा कार्यालय


कलक्ट्रेट सभागार में पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर बैठक करतीं डीएम नेहा शर्मा।

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा संचालित पुलिस भर्ती की परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। उन्होंने सभी स्टेटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक व सहायक केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि परीक्षा को नकल विहीन व शुचिता पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराएं। उन्होंने कहा सभी मजिस्ट्रेट व अन्य अधिकारी बोर्ड द्वारा तैयार की गई बुकलेट में दिये गये दिशा निर्देश जरूर पढ़ लें।जिलाधिकारी ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि परीक्षा प्रारम्भ होने से 2 घंटे पूर्व गोपनीय परीक्षा सामग्री को परीक्षा केंद्र पर पहुंचाएंगे। प्रथम पाली के लिए वह प्रातः 8 बजे एवं द्वितीय पाली के लिए दोपहर 1 तक परीक्षा केंद्र पर पहुंचेंगे एवं परीक्षा के दौरान अपने सेक्टर के परीक्षा केदो पर भ्रमण रहते हुए परीक्षा की शुचिता बनाए रखेंगे। परीक्षा के बाद दोनों पाली की सभी परीक्षा सामग्री केंद्र व्यवस्थापक एवं पर्यवेक्षक स्टेटिक मजिस्ट्रेट से प्राप्त कर कोषागार में जमा कराएंगे। जिलाधिकारी ने सभी सेक्टर स्टैटिक का केंद्र व्यवस्थापक से कहा कि इस बार होने वाली पुलिस परीक्षा के प्रारंभ होने के समय से आधे घंटे पहले ही प्रवेश बंद कर दिया जाएगा इस निर्देश का सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी से पालन करें किसी भी दशा में प्रवेश बंद होने के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश न दिया जाए। सुबह की पाली में प्रातः 9:30 बजे एवं शाम की पाली में दोपहर 2:30 बजे प्रवेश बंद कर दिया जाएगा।

## एक नजर

### सीएचसी में मनाया गया मंत्री का जन्मदिन

**पयागपुर, बहराइच :** छत्रपति शिवाजी विकास वाहिनी के तत्वावधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सिंचाई एवं जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह का जन्मदिवस मनाया गया। मंगलवार को विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी ने स्वास्थ्य केंद्र पर महिला बच्चों एवं वृद्ध रोगियों को फल, दूध व ब्रेड के पैकेट का वितरण करते हुए कहा कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश की सरकार आमजन के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने सीएचसी पर भर्ती मरीजों से उनके उपचार सम्बन्धी जानकारी लेते हुए कहा कि पीड़ित व्यक्ति की सेवा की सच्चा कर्म है। इस अवसर पर प्रदीप त्रिपाठी छोटू, आनन्द शुक्ल, अजय तिवारी, कपीश सिंह, त्रिलोकी चौबे चिकित्सा अधीक्षक पयागपुर डॉ थानेदार चंद्रशेखर त्रिपाठी हिमांशु मिश्रा अनुपम शुक्ला अनिल राठौर पद्मा त्रिपाठी स्टाफ़नर्स समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी व तीमारदार उपस्थित रहे।

### पारिवारिक तनाव में महिला ने खाया जहर, मौत

**रिसिया, बहराइच :** जिले के परेवाखान गांव निवासी महिला ने पारिवारिक कलह से परेशान होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसकी हालत बिगड़ने पर सीएचसी ले जाते समय मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### जम्मू में समाचार पत्र विक्रेता के पुत्र की मौत

**पयागपुर, बहराइच :** समाचार पत्र वितरक के पुत्र की जम्मू में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की खबर मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत काशीजोत निवासी नंदकुमार यादव विगत कई वर्षो से क्षेत्र में समाचार पत्र का वितरण करते हैं। सोमवार को जब सुबह शिवदहा मोड अखबार लेने पहुंचे ही थे कि उनको फोन पर सूचना मिली की जम्मू में उनके बड़े बेटे रामू उम्र 35 वर्ष का शव एक विद्यालय परिसर के पास रस्सी से लटकता हुआ मिला है, जो वहां कई वर्षो से काम करता था। यह खबर मिलते ही नंद कुमार स्तब्ध रह गए और जब यह खबर घर पहुंचकर बताई तो मृतक की मां बेहोश हो गई। जब रामू का शव एम्बुलेंस से गांव काशीजोत पहुंचा तो फिर एक बार कोहराम मच गया।

# कांवेंट को मात दे रहे परिषदीय स्कूल

विशेश्वरगंज, बहराइच


वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार :** क्षेत्र के संविलयन विद्यालय रमनगरा में समारोह पूर्वक वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश पांडेय व खंड शिक्षाधिकारी वीरेंद्रनाथ द्विवेदी रहे।

मुख्य अतिथि राकेश पाण्डेय व बीईओ वीरेंद्रनाथ द्विवेदी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्राइमरी संवर्ग की बालिकाओं में नसीबुन व लक्ष्मी पांडेय ने सरस्वती वंदना के साथ किया। मीनाक्षी मिश्रा और शबनम द्वारा सवा रुपैया लूंगी युगुल डांस प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अंशू शुक्ला, लक्ष्मी, अंशिका मिश्रा, मानसी, बबली, मीनाक्षी द्वारा मेरे देश की धरती, सोना उगले, गीत प्रस्तुत किया वहीं शोभित, सुनीत, गगन, सुशांत, राजन चौहान द्वारा सौगंध मुझे इस मिट्टी की देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया तथा माही मिश्रा एंड पार्टी द्वारा पैरो में बंधन है का गीत प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि व आए आगंतुकों द्वारा खूब तालियां बटोरी। सामाजिक एकांकी मिस्टर गार्बेज और मिसेज पॉलिथिन के द्वारा बच्चों ने ग्राम वासियों को सिंगिल यूज्ड प्लास्टिक के बहिष्कार को मुहिम से जोड़ा। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा पी.टी व्यायाम और योगासन आदि प्रस्तुति कर अभिभावकों को प्रभावित किया।

# भाजपा में शामिल हुए सैकड़ों लोग

मिहींपुरवा, बहराइच


भाजपा में शामिल हुए सपा और बसपा के कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार :** बलहा विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत स्थित मिहींपुरवा ब्लाक सभागार मे मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा विधान सभा मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

भाजपा शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष हरिशचन्द्र गुप्ता, बलहा विधायक सरोज सोनकर, ब्लाक प्रमुख अभिषेक वर्मा, विधायक प्रतिनिधि आलोक जिन्दल व भाजपा मिहींपुरवा मण्डल अध्यक्ष शिवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा बलहा विधानसभा के वर्तमान प्रधान, पूर्व प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य व महिला नेत्रियो सहित भारी संख्या में भाजपा में शामिल कराया गया। सपा बसपा के लोग भाजपा नेतृत्व मे अपना विश्वास जताते हुए भाजपा में शामिल हुए । विधानसभा मिलन समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा सबको पटाका , टोपी और माला पहनाकर शामिल किया । सदस्य ग्रहण करने में प्रमुख रूप से बसपा के पूर्व विधान सभा अध्यक्ष निरंजन सिंह मौर्य, पूर्व प्रधान प्रेमधारी गौतम, बाबा मनजीत सिंह, मीना पाल, राजू कुमार, समसुद्दीन खान, इस्तखार खान सहित लगभग 300 लोग भारतीय जनता पार्टी मे शामिल हुए। इस अवसर पर सरदार गुरमीत सिंह, रामादल, रामप्रीत वर्मा, पिन्टू मोर्या, राजकुमार वर्मा, अतुल चौधरी, पवन पोरवाल आदि भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कृषकों के खातों में पहुंची बकाया गन्ना मूल्य की धनराशि

बहराइच। सिम्भावली शुगर्स ग्रुप की चीनी मिल यूनिट चिलवरिया गन्ना पेराई सत्र 2022-23 में 32.73 लाख कुण्टल की पेराई की गई थी। गन्ना पेराई के सापेक्ष चीनी मिल द्वारा गन्ना कृषकों को धनराशि रू. 114.11 करोड़ का भुगतान किया जाना था। जिले के गन्ना कृषकों के बकाये गन्ना मूल्य भुगतान के लिए जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा निरन्तर की गई समीक्षा बैठकों में भुगतान हेतु दिये कड़े निर्देशों के परिणाम स्वरूप चीनी मिल द्वारा पेराई सत्र के शत-प्रतिशत बकाये की धनराशि गन्ना किसानों के खातों में भेज दी गई है। डीएम ने जिला गन्ना अधिकारी आनन्द शुक्ला को निर्देश दिया है कि गन्ना कृषकों को चालू पेराई सत्र का भुगतान समय से कराये जाने हेतु मिलवार साप्ताहिक समीक्षा करते रहें। जिला गन्ना अधिकारी शुक्ल ने बताया कि चिलवरिया चीनी मिल द्वारा पेराई सत्र में अब तक 29.78 लाख कुण्टल गन्ने की पेराई की गई है।

# पहले दिन की परीक्षा में 663 मदरसा छात्र रहे अनुपस्थित

## कड़ा सुरक्षा में जिले के 11 मदरसों में शुरू हुई बोर्ड परीक्षाएं

संवाददाता, बहराइच


मदरसा बोर्ड परीक्षा का निरीक्षण करते जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी।

**अमृत विचार :** जिले में मंगलवार से यूपी अरबी फारसी मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देशन में शुरू हुई। जनपद के सभी 11 परीक्षा केंदो पर आयोजित परीक्षा में 663 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

जिले में मंगलवार से यूपी अरबी फारसी मदरसा बोर्ड की मुंशी मौलवी आलिम, कामिल और फाजिल की परीक्षा शुरू हुई। परीक्षा के पहले दिन की प्रथम पाली में कुल 1210 परीक्षार्थियों को सम्मिलित होना था, जिसमें से 1062 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए तथा 148 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार 87.77 प्रतिशत परीक्षार्थी उपस्थित रहे। द्वितीय पाली में कुल 1909 परीक्षार्थियों को सम्मिलित होना था जिसमें से 1394 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए तथा 515 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे और इस प्रकार 73.02 प्रतिशत परीक्षार्थी रहे। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्र ने बताया कि जनपद के सभी 11 केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में चल रही परीक्षाएं नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण बातावरण में चल रही हैं। नकल को रोकने हेतु जिला अधिकारी मोनिका रानी द्वारा गठित तीन सचल दल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के नेतृत्व में तीन लगातार परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर जायजा ले रहे हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्र ने मदरसा अलमर्कजुल इस्लामी दारुल फिक्र दरगाह रोड बहराइच, मदरसा जामिया अशरफिया मसूदुल उलूम छोटी तकिया बहराइच एवं मदरसा जामिया गाजिया फैजुल उलूम बक्शी पुरा बहराइच का औचक निरीक्षण कर बताया कि अभी तक जनपद में एक भी परीक्षार्थी नकल करते हुए नहीं पकड़ा गया है।

सभी केंदो पर परीक्षाएं शांतिपूर्ण माहौल में चल रही है किसी भी प्रकार की कोई शिकायत अथवा कमियां नहीं मिली हैं।

### यूपी 19 क्रिकेट टूर्नामेंट से निखरेगी ग्रामीण प्रतिभा


ट्राफी का अनावरण करते मुख्य अतिथि।

**बहराइच, अमृत :** शहर के इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में 15 फरवरी से यूपी 19 देवीपाटन चैलेंज कप का आयोजन होगा। इसके लिए मंगलवार को प्रेस वार्ता हुई। प्रेस वार्ता में उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कैसरगंज संसद के प्रतिनिधि सुनील कुमार सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन से ग्रामीण प्रतिभाएं निखरेंगी। उन्होंने कहा कि जिले के खिलाड़ी इसमें प्रतिभाग कर अपना भविष्य बनाएं। U-19 देवीपाटन चैलेंज कप 2024 राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट की ट्रॉफी का मंगलवार को युवा भाजपा नेता व समाजसेवी सुनील सिंह द्वारा अनावरन किया गया। सुनील सिंह द्वारा बताया गया की यह टूर्नामेंट उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से सम्बद्ध है और इस राज्यस्तरीय टूर्नामेंट में प्रदेश की 8 टीमो द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट का उदघाटन 15 फरवरी दिन बृहस्पतिवार को 10 बजे जिलाधिकारी द्वार किया जाएगा। विशिस्ट अतिथि के रूप में एसपी बहराइच रहेंगी। इस दौरान इशरत महमूद खान, चाँद क्रिकेटर, अभिषेक शुक्ला, अटल सिंह सबीहूल हसन, अमित ठाकुर, मन्नू सिंह, गोविंद सिंह चौहान, आयुष चित्रांश, निखिल श्रीवास्तव, शादाब खान, अकील अहमद सहित लोग मौजूद रहे।

# कार्यक्रम में 70 प्रशिक्षणार्थी मिले नदारद

जरवलरोड, बहराइच


प्रशिक्षण का निरीक्षण करते बीएसए। अमृत विचार

**अमृत विचार :** ब्लॉक मुख्यालयों पर ब्लॉक संसाधन केंद्रो में चल रहे एफएलएन प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रति जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी काफी गंभीर है। मंगलवार सुबह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्त राम तिवारी ने ब्लॉक संसाधन केंद्र जरवल का औचक निरीक्षण किया। लेकिन यहां प्रशिक्षण व्यवस्था चरमराई हुई मिली।

निरीक्षण के दौरान बीएसए अव्यक्त राम तिवारी को बीईओ और मास्टर ट्रेनर के साथ 70 प्रशिक्षणार्थी शिक्षक और शिक्षामित्र भी नदारद मिले। बीएसए ने व्यवस्था के प्रति नाराजगी जताते हुए सभी से स्पष्टीकरण तलब किया है। सरकार की ओर से प्राथमिक विद्यालय में अध्ययन छात्र-छात्राओं को भाषा और गणित में पारंगत बनाने के लिए शिक्षक और शिक्षामित्र को एफएलएन (Foundational Literacy and Numeracy) प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। जिले के सभी ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर प्रशिक्षण 50-50 के बैच में संचालित हो रहा है। मंगलवार सुबह ब्लॉक संसाधन केंद्र जरवल की एफएलएन प्रशिक्षण व्यवस्था जांचने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्त राम तिवारी सुबह 10:00 प्रशिक्षण केंद्र पर पहुंच गए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को यहां पर व्यवस्थाएं चरमराई मिली। बीएसए ने बताया कि मौके पर निरीक्षण के समय न तो खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार सिंह उपस्थित मिले न ही प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए मास्टर ट्रेनर समय से पहुंचे थे। प्रशिक्षण समुचित चलता हुआ नहीं पाया गया। ब्लॉक संसाधन केंद्र पर 2 बैच 50-50 के चल रहे है, लेकिन निरीक्षण के समय प्रथम बैच में 50 के सापेक्ष 9 एवं द्वितीय बैच में 50 के सापेक्ष 21 प्रशिक्षणार्थी ही उपस्थित मिले। बीएसए ने एफएलएन प्रशिक्षण के प्रति खंड शिक्षा अधिकारी, मास्टर ट्रेनर और प्रशिक्षणार्थियों के गंभीर न होने पर चिंता जताते हुए सभी से स्पष्टीकरण तलब किया है।

# केन्द्रीय विद्यालय प्रबन्ध समिति की बैठक आयोजित




**श्रावस्ती, अमृत विचार :** केंद्रीय विद्यालय श्रावस्ती के विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक जिलाधिकारी कृतिका शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य ने समिति को विद्यालय की कार्य प्रगति से अवगत कराया। जिस पर जिलाधिकारी ने विद्यालय की प्रगति के संदर्भ में संतुष्टि प्रकट की तथा शिक्षा पद्धति को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए सुझाव दिए। इस दौरान सभा में सभी सदस्यों ने अपने अपने सुझाव दिए एवं विद्यालय के उत्तरोत्तर विकास में सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक में जिलाधिकारी ने विद्यालय के शैक्षिक गुणात्मक सुधार पर विशेष बल देने हेतु निर्देशित किया। उन्होने निर्देश दिया कि विद्यालय में सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता से मुहैया कराया जाए। इसके अलावा शिक्षक सामग्रियों एवं सुविधाओं की समुचित व्यवस्थाओं एवं खरीद पर जोर दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह, विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार द्विवेदी सहित अन्य अध्यापकगण एवं सम्बन्धित कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### थानों की एण्टी रोमियो टीमों ने चलाया 'मिशन शक्ति' एवं 'शक्ति दीदी' अभियान

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में महिलाओं/बालिकाओं को वार्ता कर ऑडियो/वीडियो/पंफलेट के माध्यम से जागरूक किया जा रहा हैं। महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलम्बन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मिशन शक्ति अभियान (फेज-04) के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के निर्देशन में थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के स्कूल, कालेजों, गांवों, कस्बो, बाजारों, सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक स्थलों आदि के आस-पास मिशन शक्ति एवं शक्ति दीदी अभियान के अन्तर्गत महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक किया गया। अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के लिए समर्पित विभिन्न सेवाओं/हेल्पलाईन नम्बरों (ट्वीटर सेवा, डॉयल-112, हेल्प लाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्प लाइन-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108 आदि) तथा जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने पर महिला हेल्प डेस्क आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी।

# लाभार्थियों को 15 फरवरी से वितरित किए जायेंगे कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण

श्रावस्ती

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने बताया है कि जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र श्रावस्ती एवं एलिम्को, कानपुर के सहयोग से जिले के 5237 एडिप एवं वयोश्री योजना के लाभार्थियों को कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण का वितरण 15 फरवरी को किया जाएगा। बैठक में वितरण के लिए भारत सरकार द्वारा जारी मानक संचालन प्रकिया पर चर्चा की गई। जिसमें विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियो को उनके दायित्व निर्धारित किए गये। जिसमें वितरण शिविर के लिए जिला प्रशासन की ओर से जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं संचालक, डी०डी०आर०सी० को नोडल नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वितरण शिविर के लिए नोडल अधिकारी एवं चयनित स्थल नामित किए गए है। उन्होने बताया कि 15 फरवरी, 2024 को कलेक्ट्रेट तथागत सभागार में आयोजित वितरण शिविर हेतु जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी हरिहरपुररानी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। 16 फरवरी 2024 को ब्लॉक सभागार सिरसिया में खण्ड विकास अधिकारी, सीएचसी लक्ष्मणपुर में एडीओ पंचायत सिरसिया को बनाया गया है। 17 फरवरी को ब्लाक सभागार जमुनहा में खण्ड विकास अधिकारी जमुनहा को नोडल बनाया गया है। 18 फरवरी को ब्लॉक सभागार गिलौला में खण्ड विकास अधिकारी गिलौला तथा 19 फरवरी को ब्लॉक सभागार इकौना में खण्ड विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि वितरण शिविर के नोडल अधिकारी वितरण सामग्री प्राप्त कर सुरक्षित स्थान पर रखे एवं सामग्री वितरित कराने के उपरान्त वितरण का प्रमाण पत्र निर्गत करना भी सुनिश्चित करेंगे।

## वर्ग पहेली-342

**बाएं से दाएं**

4. मेंढक।

5. आरोपित, कथित, जिसपर अभियोग लगा हो।

6. 1. मनोभाव, मन 2. मन में उत्पन्न संकल्प 3. मन में सोचा या विचारा हुआ।, मन से, मन के द्वारा।

7. जीरा।


**ऊपर से नीचे**

1. 1. बहादुरी, वीरता 2. रणकौशल।

2. 1. पहने हुए आभूषणों के परस्पर टकराने से उत्पन्न होने वाली ध्वनि 2. घुंघरू की आवाज़।

3. 1. पुराना धर्म या परंपरागत धर्म 2. वर्तमान हिंदू धर्म जिसके संबंध में उसके अनुयायियों का विश्वास है कि यह बहुत प्राचीन काल से चला आ रहा है तथा विभिन्न देवी-देवताओं की पूजा-उपासना, मूर्तिपूजा, पुराण, तंत्र, तीर्थ, श्राद्ध तथा तर्पण आदि इसके प्रमुख अंग हैं, पारंपरिक हिंदू धर्म।

6. 1. पीटना 2. जान लेना, हत्या करना, प्राण लेना 3. प्रहार करना, चोट पहुंचाना 4. पछाड़ना 5. पकड़ना, हराना 6. कूटना, ठोंकना 7. प्रभावहीन कर देना।



### वर्ग पहेली - 341 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ह | ■ | ■ | 2 ख | ■ | 3 अ |
| र | ■ | ■ | ट | ■ | यो |
| 4 म | हा | वी | र | ■ | गि |
| ल | ■ | ■ | 5 प | 6 द | क |
| ■ | 7 मॉ | नी | ट | र | ■ |
| 8 झा | ■ | ■ | र | ■ | 9 जी |
| 10 वा | इ | न | ■ | 11 खा | जा |

## सुडोकू-59

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | 4 | | 7 | |
| | | | | 3 | | | | 5 |
| 2 | | | | | 9 | | | |
| 6 | 5 | | | 7 | | | 8 | |
| | | | 1 | | 8 | | | |
| | 1 | | | 6 | | | 9 | 2 |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 9 | | | | 4 | | 3 | | |
| | 8 | | 3 | | | 1 | | |

### सुडोकू - 58 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 4 | 7 | 3 | 8 |
| 7 | 2 | 4 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 5 |
| 3 | 5 | 8 | 1 | 9 | 7 | 6 | 2 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 8 | 9 | 5 | 1 |
| 8 | 9 | 5 | 4 | 2 | 1 | 3 | 6 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 8 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 5 | 2 | 4 | 3 |
| 5 | 7 | 2 | 9 | 4 | 3 | 8 | 1 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 फरवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 12.09 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




त्योहार/व्रत/दिवस- वसंत पंचमी।
दिशाशूल- उत्तर। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-रेवती 10.43 तक तत्पश्चात उत्तर अश्विनी।

**मेष** — आज जीवनसाथी से अपने मन की भावनाओं को शेयर कर सकते हैं। व्यवसाय में आपको बड़ा धन लाभ होगा। कुछ नया सीखने और जानने की जिज्ञासा मन में रहेगी। स्वास्थ्य समस्या का समाधान होगा।

**वृष** — आज अपना मनोबल ऊंचा रखें। जॉब में उच्चाधिकारी आपसे नाराज हो सकते हैं। दूसरों की जवाबदारी लेने से बचें। राजनीतिक मामलों के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी। अनावश्यक कार्यों में धन का अपव्यय हो सकता है। तनाव जैसी परिस्थितियाँ निर्मित हो सकती हैं।

**मिथुन** — आज आप उत्सव कार्यों में व्यस्त हो सकते हैं। आज आपको अपनी प्रतिभा दिखाने के भरपूर अवसर मिलेंगे। नया व्यवसाय शुरू करने के लिये दिन उत्तम है। आपके सहयोगात्मक व्यवहार के कारण लोग आपका काफी सम्मान करेंगे।

**कर्क** — आज कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव करना चाह रहे हैं, तो आज का दिन उत्तम है। मित्रों के साथ की अनबन आज दूर होगी। परिवार में शान्ति का माहौल रहेगा। परिवार को लेकर आप कुछ महत्वपूर्ण निर्णय भी आज ले सकते हैं।

**सिंह** — आज विदेशी कम्पनियों से जॉब के ऑफर मिल सकते हैं। किसी ऑनलाइन सेमीनार आदि में सम्मिलित हो सकते हैं। रिश्तेदारों के साथ आपने संबंध मधुर रहेंगे। कला जगत से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**कन्या** — आज जोखिम युक्त निवेश करने से बचें। आपको कुछ अध्यात्मिक अनुभव हो सकते हैं। बुरी संगत के कारण आपका सम्मान बुरी तरह से प्रभावित हो सकता है। घर में अप्रसन्नता का माहौल रहेगा। बोलचाल के दौरान अपनी वाणी पर संयम रखें।

**तुला** — आज आप स्वास्थ्य को लेकर काफी सतर्क रहने वाले हैं। आपको किसी शुभ सूचना को लेकर प्रतीक्षा रहेगी। आर्थिक मामलों को लेकर दिन भाग्यशाली रहेगा। जीवनसाथी को प्रसन्न रखने के लिए उन्हें उपहार दे सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज कारोबार की परेशानियों का निदान होगा। परिस्थितियां आपके नियंत्रण में रहने वाली हैं। घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। मित्र और शुभचिन्तक आपको प्रेरित कर सकते हैं। म्यूचूअल फण्ड या किसी पुरानी पॉलिसी से आपको धन लाभ हो सकता है।

**धनु** — आज प्रेम संबंधों के प्रति आप समर्पित रहेंगे। नशे और बुरी आदतों से दूरी बना लें। वरना आपकी छवि खराब हो सकती है। घर के बुजुर्ग लोगों का ध्यान रखें। सर्वाइकल और हड्डियों में दर्द की शिकायत हो सकती है। छोटी-छोटी बातों को ज्यादा महत्व न दें।

**मकर** — आज कुछ समय एकान्त में अपनी मजबूती और कमजोरियों का मूल्याङ्कन अवश्य करें। अजनबी लोगों से आपको धोखा मिल सकता है। गैस और अपच की समस्या से परेशान हो सकते हैं। इसीलिये, सन्तुलित भोजन और जीवनशैली को अपनाना लाभप्रद होगा।

**कुंभ** — आज व्यापार में कुछ प्रभावी सुधार करने के लिए दिन अच्छा है। परिजन आपका मनोबल बढ़ाने में मदद करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। जीवनसाथी के साथ पर्यटन का आनन्द ले सकते हैं। धर्म-कर्म में भी आप अपनी सक्रियता बढ़ा सकते हैं।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए बहुत शुभ नहीं है। घर से दूर रह रहे लोगों को परिजनों की चिन्ता रहेगी। पारिवारिक मामलों में बाहर के लोगों का हस्तक्षेप न होने दें। किसी बड़े काम को लेकर फण्ड की समस्या हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ा पद दिया जा सकता है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
हम साथ साथ है — सुबह : 09.00
हाफ गर्लफ्रेंड — रात : 09.00

SONY MAX
हे बेबी — दोपहर : 12.53
तू झूठी मैं मक्कार — रात : 07.02

Utsav Gold
हमशक्ल — सुबह : 09.15
दिलवाले दुल्हनिया ले जायेंगे — शाम : 06.00

ZEE CINEMA
सोचा न था — सुबह : 09.25
कहो ना प्यार है — रात : 07.00

colors CINEPLEX
दोस्ताना — दोपहर : 12.34
दिल है तुम्हारा — शाम : 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात-07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

वैलेंटाइन डे पर मां-पापा के बाहर जाने के बाद लड़की अपने ब्वॉयफ्रेंड को फोनकर बोली...
गर्लफ्रेंड - जानू मेरे घर आ जाओ ना,
लड़का- नहीं टाइम नहीं है,
गर्लफ्रेंड-अरे मेरे मम्मी पापा घर में नहीं हैं,
लड़का-झूठ मत बोल, पिछली बार यही बोल कर शॉपिंग पे ले गयी थी।

परीक्षा शुरू होने से पहले चिंटू अपने दोस्त बंटी को ज्ञान दे रहा था...
अगर परीक्षा में सवाल बहुत कठिन हो तो आंखें बंद करना,
गहरी सांस लेना और जोर से बोलना- ये सब्जेक्ट बहुत मजेदार है,
इसलिए इसे अगले साल फिर पढ़ूंगा।

सेवितव्यो महावृक्ष: फ़लच्छाया समन्वित:।
यदि देवाद फलं नास्ति, छाया केन निवार्यते।।

विशाल वृक्ष की सेवा करनी चाहिए क्योंकि वो फल और छाया दोनो से युक्त होता है। यदि दुर्भाग्य से फल नहीं हैं तो छाया को भला कौन रोक सकता है।

## संपादकीय

# गहरे हुए बहुआयामी संबंध

पिछले नौ वर्षों में व्यापार और निवेश, रक्षा, सुरक्षा, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा और शिक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ भारत का सहयोग कई गुना बढ़ा है। इसी तरह भारत और कतर के बहुआयामी संबंध सभी क्षेत्रों में गहरे हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को यूएई और कतर की यात्रा पर रवाना होने से पहले कहा कि हमारा सांस्कृतिक और लोगों से लोगों का जुड़ाव पहले से कहीं अधिक मजबूत है। वर्ष 2014 के बाद से प्रधानमंत्री मोदी की यूएई की सातवीं और कतर की दूसरी यात्रा होगी। वे बुधवार को दुबई में वैश्विक शासन शिखर सम्मेलन में विश्व नेताओं की सभा को संबोधित करेंगे। यह यात्रा दोनों देशों के बीच गहरे एवं बहुमुखी संबंधों को रेखांकित करती है। साथ ही द्विपक्षीय संबंधों के बढ़ते महत्व को दर्शाती है। संयुक्त अरब अमीरात में 3.3 मिलियन से अधिक प्रवासी भारतीय हैं। हर क्षेत्र में भारत और यूएई के बीच आर्थिक साझेदारी फली-फूली है। जहां वर्ष 2022-23 में द्विपक्षीय व्यापार 85 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। यूएई भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार और दूसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। यूएई के साथ भारत का संबंध इसके सबसे प्रमुख द्विपक्षीय संबंधों में से एक के रूप में उभरा है। यूएई न केवल एक रणनीतिक साझेदार है, बल्कि खाड़ी क्षेत्र में भारत की संलग्नता में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह दोनों देशों के प्रमुख नेताओं के बीच घनिष्ठ संबंध को भी उजागर करता है। अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक करने और सेवा व्यापार को 15 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

चूंकि भारत और यूएई अपनी असाधारण रणनीतिक साझेदारी के साथ आगे बढ़ रहे हैं, वे अभिसरण और पारस्परिक सम्मान के एक मॉडल का संकेत देते हैं जिसका भविष्य में और सुदृढ़ होना तय है। फिर भी ईरान और अरब देशों (विशेषकर यूएई) के बीच चल रहे संघर्ष के कारण भारत स्वयं को एक नाजुक राजनयिक स्थिति में पाता है। ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद, भारत ने ईरान से तेल आयात करना जारी रखा। यह भारत की ईरान और अरब दुनिया दोनों के साथ अपने संबंधों को सावधानीपूर्वक आगे बढ़ाने की आवश्यकता को उजागर करता है। इजराइल और हमास के बीच छिड़े युद्ध ने भी चुनौतियों को और बढ़ा दिया है। क्योंकि इससे प्रस्तावित भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा संकट में पड़ गया है। अमेरिका और रूस जैसे देशों के साथ भारत की टू प्लस टू वार्ता की तरह संयुक्त अरब अमीरात के साथ समान उच्च स्तरीय वार्ता की शुरुआत लाभप्रद सिद्ध होगी।

# क्या सुलझ पाएगा असम और मिजोरम का अंतर्राज्यीय सीमा विवाद



दिनकर कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

मिजोरम के तीन जिले-आइजोल, कोलासिब और ममित-असम के कछार, कर्मगंज और हैलाकांडी जिलों के साथ 164 .6 किमी लंबी सीमा साझा करते हैं। दोनों पड़ोसी राज्यों के बीच सीमा विवाद एक लंबे समय से चला आ रहा मुद्दा है, जो मुख्य रूप से दो औपनिवेशिक सीमांकन से उत्पन्न हुआ है।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मिजोरम और असम 9 फरवरी को लंबे समय से लंबित अंतरराज्यीय सीमा विवाद को सुलझाने के लिए संयुक्त प्रयास करने पर सहमत हुए हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वास सरमा ने 9 फरवरी की सुबह अपने मिजोरम समकक्ष लालडुहोमा को भोजन पर आमंत्रित किया, जो इस समय गुवाहाटी में हैं और दोनों नेताओं ने सीमा मुद्दे पर चर्चा की। बैठक के दौरान लालडुहोमा और सरमा ने दोनों पूर्वोत्तर राज्यों के बीच सीमा विवाद को सुलझाने के लिए सामूहिक प्रयास करने पर सहमति व्यक्त की। दोनों नेता तब तक सीमाओं पर शांति बनाए रखने पर भी सहमत हुए जब तक दोनों पड़ोसी राज्य सीमा वार्ता करते रहेंगे। सरमा ने लालडुहोमा से कहा कि असम विधानसभा का चालू बजट सत्र समाप्त होने पर वह सीमा प्रभारी मंत्री को मिजोरम भेजेंगे।

मिजोरम के तीन जिले-आइजोल, कोलासिब और ममित-असम के कछार, कर्मगंज और हैलाकांडी जिलों के साथ 164.6 किमी लंबी सीमा साझा करते हैं। दोनों पड़ोसी राज्यों के बीच सीमा विवाद एक लंबे समय से चला आ रहा मुद्दा है, जो मुख्य रूप से दो औपनिवेशिक सीमांकन से उत्पन्न हुआ है।

मिजोरम का दावा है कि बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन (बीईएफआर) 1873 के तहत 1875 में अधिसूचित इनर लाइन आरक्षित वन का 509 वर्ग मील क्षेत्र उसके क्षेत्र में आता है। दूसरी ओर असम ने 1933 में भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा तैयार किए गए मानचित्र में दिखाई गई सीमा को अपनी संवैधानिक सीमा माना है। इनर लाइन आरक्षित वन के भीतर के विशाल क्षेत्र अब असम के अंतर्गत आते हैं। इसी तरह 1933 के सीमांकन के अनुसार क्षेत्र का एक निश्चित हिस्सा अब मिजोरम की तरफ है। दोनों राज्यों के बीच सीमाओं का कोई जमीनी सीमांकन नहीं है।

मिजोरम और असम के बीच सीमा विवाद ने जुलाई 2021 में एक बदसूरत मोड़ ले लिया था जब दोनों राज्यों के पुलिस बलों के बीच अंतर-राज्यीय सीमा पर गोलीबारी हुई, जिसमें छह पुलिसकर्मियों और असम के एक नागरिक की मौत हो गई। हालांकि, यह पहली बार नहीं था कि राज्यों के बीच टकराव हुआ। अक्टूबर-नवंबर 2020 में दोनों राज्यों के स्थानीय लोग एक-दूसरे के खिलाफ भिड़ गए थे। असम की ओर से स्थानीय लोगों ने मिज़ोरम की ओर माल ले जाने वाले ट्रकों को रोक दिया। दूसरी ओर मिज़ोरम सुरक्षा बल सीमाओं पर खाइयां खोदते और बंकर बनाते देखे गए। 17 अक्टूबर को स्थिति तब ख़राब हो गई जब 20 दुकानें जला दी गईं और दोनों पक्षों के 50 से अधिक लोग घायल हो गए।

असम का अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, नागालैंड और मिजोरम के साथ प्रमुख सीमा विवाद है। नागाओं ने सबसे पहले वृहद नागालैंड के लिए मानचित्र को फिर से बनाने की मांग की थी, और विवाद की जड़ 1963 में इसके गठन में थी। असम-नागालैंड सीमा पर बड़ी झड़पें 1968, 1979, 1985 और 2014 में हुई। असम-मिजोरम सीमा संघर्ष के बाद, असम ने पूर्वी मोर्चे पर गतिरोध को कम करने के लिए नागालैंड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए और अदालत के हस्तक्षेप के बिना सीमा विवादों को हल करने के लिए अरुणाचल प्रदेश के साथ काम कर रहा है।

दोनों राज्यों के बीच विवाद ब्रिटिश औपनिवेशिक काल से चला आ रहा है। अगस्त 1875 में अंग्रेजों ने लुशाई पहाड़ियों (अब मिजोरम) और कछार के मैदानों (अब असम का जिला) के बीच एक सीमा खींची थी। मिज़ो लोगों का मानना है कि यह एक मात्र मौका था जब ऐसा उनके प्रमुखों के परामर्श से किया गया था। बाद में 1933 में लुशाई हिल्स और तत्कालीन मणिपुर रियासत के बीच सीमा का सीमांकन किया गया। यह सीमांकन विवाद की असली जड़ बन गया है क्योंकि मिज़ो लोग इसे स्वीकार नहीं करते हैं और 1875 के सीमांकन की ओर इशारा करते हैं, जो बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन (बीईएफआर) अधिनियम, 1873 (जिसे इनर लाइन रेगुलेशन के रूप में भी जाना जाता है) से लिया गया है।

मिजोरम, जिसे 'लुशाई हिल्स' के नाम से भी जाना जाता है, असम का हिस्सा था और 1972 में केंद्र शासित प्रदेश बन गया और बाद में 1987 में पूर्ण राज्य बन गया। यह असम के साथ 164 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है। असम के कछार, हैलाकांडी और करीमगंज जिले की सीमा कोलासिब, ममित और मिजोरम के आइजोल जिले से लगती है। दोनों राज्यों ने एक दूसरे पर जमीन पर कब्ज़ा करने का आरोप लगाया है। मिजोरम के गठन के सात साल बाद 1994 में पहली झड़प हुई। केंद्र सरकार की ओर से दोनों राज्यों के बीच कई दौर की बातचीत के बावजूद तनाव बरकरार रहा।

दोनों राज्यों के बीच टकराव ने देश के भीतर राज्य की सीमाओं के निर्धारण में दोष को रेखांकित किया है। झड़प की तीव्रता को इस तथ्य से समझा जा सकता है कि दोनों राज्यों की राज्य सरकारों ने आधिकारिक तौर पर असम के मुख्यमंत्री सहित प्रत्येक पक्ष के अधिकारियों पर भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। मामले को और बदतर बनाते हुए, असम सरकार ने लोगों को मिजोरम की यात्रा न करने की सलाह भी जारी की और मिजोरम में रहने वाले अपने लोगों से अत्यधिक सावधानी बरतने को कहा। दूसरी ओर मिजोरम लगातार असम के उपद्रवियों पर राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरुद्ध करने और रेलवे ट्रैक को हटाने का आरोप लगाता रहा, जिससे राज्य में आर्थिक नाकेबंदी हो रही थी। एनएच-306 को मिजोरम की जीवन रेखा माना जाता है क्योंकि यह राज्य को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ता है।

बाद में यथास्थिति बनाए रखने के लिए गृह मंत्रालय ने राज्य बलों के बीच आगे की झड़पों से बचने के लिए एक तटस्थ बल यानी सीआरपीएफ को तैनात किया। इसके बाद दोनों राज्यों ने एक संयुक्त बयान जारी किया और चर्चा के माध्यम से चल रहे अंतर-राज्य सीमा तनाव को कम करने की इच्छा जताई। संयुक्त बयान में कहा गया कि-'दोनों राज्य अपने संबंधित वन और पुलिस बलों को गश्त, प्रभुत्व, प्रवर्तन या किसी भी ऐसे क्षेत्र में नई तैनाती के लिए नहीं भेजेंगे जहां हाल ही में दोनों राज्यों के पुलिस बलों के बीच टकराव और संघर्ष हुआ हो।'

असम का अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, नागालैंड और मिजोरम के साथ प्रमुख सीमा विवाद है। नागाओं ने सबसे पहले वृहद नागालैंड के लिए मानचित्र को फिर से बनाने की मांग की थी, और विवाद की जड़ 1963 में इसके गठन में थी। असम-नागालैंड सीमा पर बड़ी झड़पें 1968, 1979, 1985 और 2014 में हुई। असम-मिजोरम सीमा संघर्ष के बाद, असम ने पूर्वी मोर्चे पर गतिरोध को कम करने के लिए नागालैंड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए और अदालत के हस्तक्षेप के बिना सीमा विवादों को हल करने के लिए अरुणाचल प्रदेश के साथ काम कर रहा है। असम की अरुणाचल प्रदेश के साथ 804.1 किमी लंबी सीमा लगती है और दोनों राज्यों के बीच सीमा विवाद है।

इसी तरह स्थानीय लोगों की सहमति के बिना असम राज्य के पुनर्गठन का नतीजा असम-मेघालय सीमा पर भी देखा जा सकता है। मेघालय 1970 में असम से अलग होकर बना और 1972 में पूर्ण राज्य बन गया। हालांकि, मेघालय ने जैंतिया पहाड़ियों के ब्लॉक I और ब्लॉक II को मिकिर पहाड़ियों (असम में) और गारो पहाड़ियों के क्षेत्रों को असम के गोवालपारा जिले में स्थानांतरित करने को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। इस प्रकार इन झड़पों का मुख्य कारण लोगों की पहचान की तलाश के इर्द-गिर्द घूमता है। पूर्वोत्तर के लोगों के मन में अलग-थलग होने का डर बहुत गहरा बैठ गया है। वे ढांचागत विकास परियोजनाओं की लालसा से अधिक अपनी पहचान, संस्कृति और पैतृक भूमि की रक्षा के लिए अपनी ऊर्जा लगाते हैं।

## प्रसंगवश

# यहां हर रंग वासंती निराला ही निराला है

वसंत मधुमास है। इस समय नव कुसुमों-पल्लवों से अनुपम शृंगार धारण किए प्रकृति की हर लय में मौजूद संगीत को सहज ही अनुभव किया जा सकता है।

वसंत ऋतुराज है। प्रकृति के सौंदर्य का चरमोत्कर्ष। जिस ओर दृष्टि जाती है उस ओर धरा का आंचल अनूठे रंगों से हरा-भरा दिखाई देता है। मान्यता है कि वसंत पंचमी के दिन पृथ्वी की अग्नि सृजन की ओर दिशा करती है जिसके कारण शरद ऋतु में शिथिल पड़ चुके पेड़-पौधे, जीव-जंतु अपनी आंतरिक अग्नि को प्रज्ज्वलित कर नवीन सृजन की ओर उन्मुख हो जाते हैं। सृजन का यह स्वर समूची सृष्टि में व्याप्त हो वसंत का उद्घोष करता है। यह उद्घोष समस्त प्राणियों में उल्लास का संचार करता है।

वसंत आध्यात्मिक भावों के सहज आगमन का समय है। मां वीणा वादिनी की आराधना का महोत्सव। मां सरस्वती, जो हमें अज्ञान के अंधेरों से ज्ञान के आलोक में ले जाती हैं, जो असत्य में सत्य का बोध कराती हैं, जो मृत्यु से अमरत्व का मार्ग सुझाती हैं। जो हमारी चेतना को सजीवता प्रदान करती हैं। मांगलिक कार्यों में शुभफल दायी वसंत पंचमी मां वाग्देवी का आशीर्वाद और वरदान है ।



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

वसंत मधुमास है। इस समय नव कुसुमों-पल्लवों से अनुपम श्रृंगार धारण किए प्रकृति की हर लय में मौजूद संगीत को सहज ही अनुभव किया जा सकता है। वसंत प्रकृति में नव गति, नव लय और ताल का अनुपम संगीत है। प्रकृति और परिवेश में नवोन्मेष का समय। प्रकृति की हर लय में वसंत अनुपम सौंदर्य और मोद बनकर उतरता है। हताश- निराश मन-प्राणों में आशा और प्रेम की पुलक भर देता है। वसंत वसुधा का सौंदर्य है। उल्लास का महापर्व है। चहूं दिश पसरी हरीतिमा और खेतों में लहराती पीली सरसों बरबस ही मन को आकर्षित करती है। शुभता का प्रतीक पीला रंग मन में असीम आनंद की अनुभूति जगाता है। वसंत मन की मौज का मौसम है। जीवन में सकारात्मकता का सशक्त संदेश है ।

वसंत कामदेव का मित्र है और प्रेम का पर्व। कामदेव पुष्पों का धनुष धारण करते हैं और 'अनंग' के रूप में प्राणियों में बसते हैं। सुकुमार अनंग को 'मार' भी कहा जाता है क्योंकि इनके बाणों से बचने का कोई रास्ता नहीं है। वसंत अपने मित्र कामदेव को नव कुसुमों से सज्जित धनुष बाण उपलब्ध कराता है जिसकी मार से कोई भी बच नहीं पाता और प्रेममय हो जाता है।

गुनगुनाती धूप, सरस परस करती मोदमयी वायु, नव कुसुमों-पल्लवों का संस्पर्श, वृक्षों पर झूलते-फूलते पलाश, बौर की सुगंध, कोयल की मनमोहिनी कूक, तनभावन तापमान ये सब वासंती उपकरण हैं जो वसंत को महज मौसम नहीं बल्कि प्रेम का महापर्व बना देते हैं।

वसंत और साहित्य का गहरा नाता है। साहित्याकाश के जाज्वल्यमान नक्षत्र महाप्राण सूर्यकांत त्रिपाठी निराला 'वसंत के अग्रदूत' कहे जाते हैं । यह अद्भुत संयोग ही है कि हिंदी की डाल के इस निराले पुष्प के अवतरण हेतु प्रकृति ने वसंत को चुना। वसंत सर्द मौसम के थपेड़ों के बाद आता है। यह भी संयोग ही है कि निराला जी का जीवन तमाम संघर्षों से घिरा रहा लेकिन वासंती उल्लास इन तमाम जीवन संघर्षों पर भारी रहा। उनका जीवन अभावों से घिरा रहा लेकिन मन-प्राण में वसंत चहकता महकता रहा। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व की यही विशेषता उन्हें 'महाप्राण' बनाए रही। वसंत पंचमी के साथ महाकवि निराला की याद वैसे ही जुड़ी हुई है, जैसे वे दोनों दो शरीर एक आत्मा हों। निराला ने 'हिंदी के सुमनों' को संबोधित करते हुए जो कविता लिखी है, उसमें अपने को 'वसंत दूत' ही कहा है। उन्होंने हिंदी में वसंत पर सर्वश्रेष्ठ रचनाओं द्वारा इस कथन को सिद्ध भी किया। निराला जी कहना था कि 'मैं बाहर से खाली कर दिया गया हूं लेकिन भीतर से भर दिया गया हूं'। निस्संदेह यह निराला जी के जीवन का जटिल यथार्थ था जिसे वसंत जीवंत बनाए रहा। तब ही तो वे आवाहन करते रहे-मेरे बसन्त की परी-छवि-विभावरी;सिहरो, स्वर से भर भर, अम्बर की सुन्दरी-छबि-विभावरी' वसंत निराला है और निराला वसंत।

# फिर कुत्ते कहां जाएं



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

ऐसे में कुत्ता देखा कर भागने वाले कुत्तों का शिकार बन जाते हैं। अगर कुत्ते को लगता है कि आप बलवान हैं, तो वो शायद आप पर हमला न करें।

देश के हर ऐसे इलाके में जहां आबादी का विस्तार हो रहा है लेकिन जमीन काम पड़ रही है वहां कुतों को खाना खिलाने वाले और कुत्तों से डरने वालों में टकराव साल-दर साल बढ़ रहा है। सवाल यह है कि आखिर कुत्ते जाएं कहां? युगीन से तो वे इंसान के साथ, बस्ती में ही रहते रहे हैं। यदि पौराणिक ग्रंथों और अतीत में झांकें तो जानकारी मिलती है कि इंसान और कुत्ते का साथ कोई बारह हज़ार साल से है। मनुष्य ने अपने धरती पर पैदा होने के बाद सबसे पहले कुत्ता पालना शुरू किया था। हमें पाषाण काल (नव पाषाण काल लगभग 4000 ईसा पूर्व से 2500 ईसा पूर्व) के मानव कंकाल के साथ कुत्ता दफनाने के साक्ष्य बुर्जहोम (जम्मू कश्मीर) से प्राप्त हुआ है। आदि काल में कुत्ता इंसान को शिकार करने में मदद करता था, फिर वह घर व फसल की सुरक्षा भी करता था, सबसे बड़ी बात कम भोजन में भी वफादार बने रहने के उसके गुण ने आज कुत्ते को इंसान द्वारा पाले जाने वाले सबसे विश्वस्त और सर्वाधिक संख्या का जानवर बना दिया।

ऐसा भी नहीं है कि शहरों में कुछ कुत्ते हिंसक नहीं हो रहे हैं, लेकिन विचार करना ही होगा कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है शहर में जमीन का संकट तो है ही फिर बहुमंजिला इमामर्तों ने कुत्तों से वह देहरी छीन ली जिस अपर बैठ कर वह बगैर पालतू बने ही चौकीदारी किया करता था। कथित सोसायटी में बगीचा, घूमने के स्थान, आदि को संकुचित किया जा रहा है और यदि वह बचे इंसान में कोई कुत्ता आ जाता है तो इंसान को लगता है कि यह उसकी जगह पर कब्जा कर रहा है। बकौल विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) दुनिया में 36 प्रतिशत कुत्ते के काटने से होने वाले रैबीज़ से मौत के मामले भारत में होते हैं। जो कि 18,000 से 20,000 है। रेबीज़ से मौतों में से 30 से 60 प्रतिशत मामलों में पीड़ित की उम्र 15 साल से कम होती है। हालांकि कुत्ता इंसान पर निर्भर रहने वाला जानवर है लेकिन समझना होगा कि कुत्तों में पीछा करने की आदत होती है। ऐसे में कुत्ता देखा कर भागने वाले कुत्तों का शिकार बन जाते हैं। अगर कुत्ते को लगता है कि आप बलवान हैं, तो वो शायद आप पर हमला न करें।

शहरीकरण के चलते शोर, ट्रेफिक, प्रदूषण, बेतरतीब पड़े कचरे से मांसाहारी खाना और फिर उसका चस्का लग जाना, वाहन और परिसरों में रोशनी की चकाचौंध भी ऐसे कारण हैं जो कुत्ते को हिंसक बना रहे हैं।

सोशल मीडिया पर यदा कदा ऐसे वीडियो दिख जाते हैं जिनमें कुत्ते किसी बच्चे या बुजुर्ग पर हमला करते दिख जाते हैं। इसके बाद बहुत से लोग आशंका में ही आवारा कुत्तों पर चिल्लाते हैं, उन्हें लात मारते हैं, उन पर पत्थर फेंकते हैं, उन पर गर्म पानी या तेजाब फेंकते हैं, उन्हें जहर देते हैं या उन्हें अन्य तरीकों से दुर्व्यवहार करते हैं, तो कुत्ते खुद को या अपने पिल्लों की रक्षा करने की आवश्यकता महसूस करते हैं। समझना होगा कि शहर में बंदर या कस्बों में आवारा सांड अधिक नुकसान और इंसान की मौत का कारक बन रहे हैं, इसके बावजूद उनके प्रति इतना रोष या नफरत दिखती नहीं।

आवारा कुत्तों की संख्या न बढ़े, उन्हें एंटीरेबीज, एंटी डिस्टेम्पर टीके सही समय पर ल-इसके लिए स्थानीय निकाय लापरवाह हैं, वहीं समाज में बहुत से लोगों के लिए ऊंची नस्ल का कुत्ता स्टेट्स सिम्बल है लेकिन वे उससे एक फीसदी कम खर्चे में पलने वाले देशी कुत्तों को पालने को राजी नहीं हैं। विदित हो केंद्र सरकार ने देशी नस्ल के कुत्तों को सुरक्षा बलों में स्थान दे कर संदेश भी दिया है कि हमारे कुत्ते किसी से कम नहीं हैं।

इंसान की कुत्तों के प्रति बढ़ रही नफरत के मद्देनज़र उत्तराखंड हाई कोर्ट का जुलाई-2018 में दिया गया वह आदेश महत्वपूर्ण है जिसमें लिखा था-'जानवरों को भी इंसान की ही तरह जीने का हक है। वे भी सुरक्षा, स्वास्थ्य और क्रूरता के विरूद्ध इंसान जैसे ही अधिकार रखते हैं।' वैसे जब तक समाज के सभी वर्गों तक यह संदेश नहीं जाता कि प्रकृति ने धरती पर इंसान, वनस्पति और जीव जंतुओं को जीने का समान अधिकार दिया, तब तक उनके संरक्षण को इंसान अपना कर्तव्य नहीं मानेगा। यह सही है कि जीव-जंतु या वनस्पति अपने साथ हुए अन्याय का ना तो प्रतिरोध कर सकते हैं और ना ही अपना दर्द कह पाते है। कुत्ता भी इंसान और प्रकृति के बीच के चक्र का अनिवार्य अंग है। उसे नए तरह के शहर और इन्संके अनुरूप ढलने में समय लगेगा लेकिन तब तक इंसान को ही उसके प्रति संवेदनशीलता दिखानी होगी।

## सोशल फोरम

# मंझलों के दुख

जब पहलौटे (पहला बच्चा) दुनिया में आते हैं, तो शहनाइयां बजती हैं। मिठाई बांटी जाती है। उनकी हर किलकार हर अदा पर मां-बाप बलिहारी जाते हैं। उन्होंने पहला शब्द क्या बोला, पहली बार वे कौन सी तारीख को पैंया पैयां चले। दसियों श्रृंगार, सैकड़ो फोटो, हजारों चुंबन! वे राजकुमार होते हैं, जिन पर प्यार दुलार ही नहीं सारे साधन भी लुटाए जाते हैं। फिर एक दिन दूसरा बच्चा आता है। मंझला! अब तक सब कुछ एक बार हो चुका है। अब सब बासी है। महफिल में आ ही गए हो तो बैठ जाओ। मंझलों की जंग शुरू होती है। प्यार के लिए, ध्यान के लिए, साधनों के लिए। उनका मुकाबला उस बड़े भाई से है जो आकार में, दिमाग में, हुनर में बहुत बड़ा है। वे उससे जीत नहीं सकते। वे क्या करें? वे कैसे बताएं कि इस ज़मीं और आसमां के दरम्यां हम भी हैं।



संजय वर्मा
इंदौर

फिर वे तिकड़मी हो जाते हैं। या एक अलग दुनिया बसाते हैं। मोहल्ले में अपने जैसे बच्चों के साथ एक समानांतर परिवार बसा लेते हैं। जो प्यार और सम्मान घर पर नहीं मिला, वे इस नई दुनिया में ढूंढ लेते हैं। पर यह ब्लेसिंग इन डिसगाइज़ है.., आपदा में अवसर है। वे जीना, प्यार करना और देना सीखते है। उनके पास बड़कों के मुकाबले बेहतर और ज्यादा दोस्त होते हैं। पहलौटे बेशक तेज दिमाग, ज्यादा महत्वाकांक्षी, नियम अनुशासन वाले और बेहतर नेतृत्व करने वाले होते हैं। इसलिए अमेरिका के 44 राष्ट्रपतियों में से 28 पहलौटे थे। अंतरिक्ष में जाने वाले पहले 23 यात्रियों में से 21 पहलौटे थे। मंझले अंतरिक्ष नहीं गए। उन्होंने यहीं अपनी दुनिया बसाई। अपनी तिकड़मों, जुगाड़ों से अच्छे व्यापारी बने। जुगाड़ के लिए अगर कोई नोबल पुरस्कार होता तो वह किसी मंझले को ही मिलता। मगर दुनियावी सफलताओं के बावजूद मंझलों के मन में टीस उठती है। क्यों ऐसा हुआ कि बड़कों को सम्मान और छुटकों को सारा लाड़ मिला? उनके दर्द की कहानी अब कोई क्या ही लिखेगा? वैसे भी वे पृथ्वी पर कुछ आखिरी लोग बचे है। हम दो हमारे दो के बाद हम एक और हमारा एक राजकुमार की दुनिया में मंझले एक विलुप्त प्राय प्रजाति के सदस्य हैं। इसीलिए अब क्या ही फर्क पड़ता है।

-फेसबुक वॉल से

# कोई तो है

किसने बनाया यह अद्भुत मानव शरीर। दी ऐसी सुगठित काया। बेजोड़ नर तन जिसमें अहर्निश कार्य करने वाला, कभी न थकने वाला हृदय -संचरण तंत्र है, सोचने-बूझने वाला सुपर संगणक मस्तिष्क है, आपाद मस्तक नाड़ी समूह सुषुम्ना है, निरंतर सांस लेने लिए के लिए अप्रतिम श्वसन तंत्र और खान-पान पाचन के लिए अतुलनीय पाचन तंत्र तथा उत्सर्जन के लिए अद्भुत उत्सर्जन अंग-प्रत्यंग वृक्क तंत्र हैं सब कुछ ऐसा व्यवस्थित और सुनियोजित कि उसका कोई तोड़ नहीं। प्रजनन शक्ति प्रदान करता है। त्वचा जैसी सुविस्तृत, सांगोपांग सुरक्षा देता है। ऐसी अद्भुत नैसर्गिक मानव मशीन किसकी संरचना है? देखने को आंखें, सुनने को कान, सूंघने को नाक, और स्वाद के लिए जिह्वा जो वाणी का भी काम करें। महाकवि सूरदास और स्वामी रामभद्राचार्य जैसे ज्ञानी पुरुषों को जिन्हें बहिर्चक्षु नहीं थे उन्हें अन्तर्चक्षु किसने प्रदान किए? गूंगे को वाचाल किसने बनाया? दिव्यांग अरुणिमा सिन्हा एवरेस्ट के शिखर पर पहुंचने की अदम्य शक्ति कौन देता है। निषाद पुत्र महर्षि वेदव्यास को महाभारत जैसा महाकाव्य लिखने की प्रेरणा किसने दी? कौन मछुआरे की संतान एपीजे कलाम को महान वैज्ञानिक और मिसाइल पुरुष बना देता है। आज से पांच-छह सौ वर्ष पूर्व निर्धन गिरमिटिया मजदूरों को स्वदेश से सुदूर फ़िजी, मारीशस, सूरीनाम, दक्षिणी अफ्रीका आदि स्थानों में अत्यंत विकट परिस्थितियों में गीता और रामायण के सहारे जीवन यापन किया। अपनी जड़ें जमाईं। किस लीला -शक्ति के सहारे उनकी आज की पीढ़ियां बिमान प्रसाद, उप प्रधानमंत्री फ़िजी, प्रवीन जगन्नाथ, प्रधानमंत्री, मारीशस तथा चंद्रिका प्रसाद संतोखी, राष्ट्रपति सूरीनाम के रूप में प्रतिष्ठित-सुशोभित हैं। आखिर किस अदृश्य शक्ति के बल पर?



डा. श्रीधर द्विवेदी
नई दिल्ली

प्रश्न यह है कि किसने निर्माण किया ऐसे अद्वतीय प्राणि जगत की। किसने रचना की इस अखिल ब्रह्मांड की। अनंत उर्जा का स्रोत सूर्य, सुधाकर, पुथ्वीपुत्र मंगल, सौंदर्य का प्रतीक बुध, गुरू बृहस्पति, शुक्र, शनि, राहु और केतु का रचयिता आखिर कौन सी वह शक्ति है? कौन है वह अदृश्य सृष्टि का निर्माता? दिखता तो नहीं पर उसका प्रभाव सर्वत्र विद्यमान है। असंख्य प्राणी, अनगिनत योनियां, इतनी सारी वनस्पतियां, आकाश गंगा, अंतरिक्ष पिंड, अगाध तारे, पर्वत श्रेणियां, जल प्रपात और महासागर इन सबका नियंता वह कौन सत्ता है? सबके सब अतिविशिष्ट और अनूठे। कौन सी वह अलौकिक शक्ति है? आस्तिक उसे ईश्वर कहता है। नास्तिक उसे प्रकृति का नाम देता है। कोई उस निर्माता को साकार स्वरूप मानता है और विविध नाम देता है तो कुछ दूसरे उसे निराकार, अव्यक्त, अलिखित, अकल्पनीय और निरपेक्ष विराट शक्ति। आखिर कौन है वह महिमामयी शक्तिपुंज जिसने यह सब निर्मित किया? कोई तो है। संभवतः उस असीम शक्ति का साक्षात दर्शन करने वाले और छहत्तर वर्ष की अवस्था में रामायण जैसे महाकाव्य की रचना करने वाले महाकवि तुलसी ने मेरी इस जिज्ञासा का समाधान इन शब्दों में व्यक्त कर दिया जब वह लिखते हैं- 'सब कर परम प्रकासक जोई, राम अनादि अवधपति सोई'। पद बिनु चलहिं सुनहिं बिनु काना। कर बिनु करम करही विधि नाना।।' आनन रहित सकल रस भोगी। बानी बिनु बकता बड़ जोगी।।' 'तन बिनु परस नयन बिनु देखा। ग्रहहि घ्राण बिनु बास बिसेखा 'अस सब भांति अलौकिक करनी। महिमा अमित जाहि नहीं बरनी।।' इन कालजयी, शास्वत पंक्तियों को पढ़ने के पश्चात् अब किसी संदेह की संभावना ही कहां रह गई थी कि 'कोई तो है'?

# अर्थ संचय और धर्म की मर्यादा

'बजाओ ढोल स्वागत' वाला रामधुन अभी परवान चढ़ ही रहा है कि कुरूक्षेत्र वाले हुंकार और शंखनाद की आवाजें आने लगी हैं। भगवान राम, हम सभी के लिए मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप मे पूजनीय हैं। मर्यादा की रक्षा एवं लोकहित के लिए उन्होने न केवल राज्यसुख व वैभव का परित्याग किया, बल्कि अपनी अभिन्न प्रियतमा सीता का भी वियोग सहा। महाभारत मे लोकलाज व मर्यादा का कोई स्थान नही था। येन केन प्रकारेण स्वार्थ एवं राज्य लिप्सा की सिद्धि।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

साध्य ही सर्वोपरि रहा, एक से एक घटिया साधन अपनाए गए। परिणाम क्या रहा? गौरवशाली कुरूवंश, जिसमें कौरव और पांडव दोनों आते हैं, का लगभग समूल विनाश। एक एक करके सभी मर्यादाएं तार तार। पांचाली की बदजुबानी 'अंधे का पुत्र अंधा होता है' ने चीरहरण व महाभारत की नींव रखी। दुःशासन के रक्त से बेणी का श्रृंगार हुआ। नर व नारायण दोनों के लाडले अभिमन्यु के प्राणों की रक्षा न हो सकी। भगवान श्रीकृष्ण की, स्वयं की ही नारायणी सेना युद्धक्षेत्र में गुमनामी के अंधेरे मे खो गई। सभी पांडव पुत्र निद्रावस्था मे प्रतिशोध की हिंसा के शिकार हुए और मणिविहीन अश्वत्थामा लांछित होकर सदा के लिए दर दर भटकने को विवश हुआ। स्वर्गारोहण के समय सभी पांडव एक एक करके काल के ग्रास बने और धर्मराज युधिष्ठिर जब अकेले जीवित स्वर्ग पहुंचे तो सबसे पहले क्षण भर के लिए ही सही, नरक ही भोगना पड़ा। द्वापर का पलायन हुआ और कलिकाल का आधिपत्य। भगवान राम का जीवन हमें सीख लेने व उनका अनुकरण करने को प्रेरित करता है, महाभारत परोक्ष रूप से यह बताता है कि सर्वनाश से बचने के लिए हमें किन दोषों से दूर रहना चाहिए। काम और अर्थ का संचय धर्म की मर्यादा के अनुसार ही स्थायी और आनंददायी होता है।

एक नजर

### प्रावि कांपा में मनाया गया बसंत पंचमी कार्यक्रम

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार।** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कांपा में छात्र-छात्राओं ने बसंत पंचमी सरस्वती पूजनोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें कक्षा चार की छात्रा खुशी के मां सरस्वती के रूप का शिक्षकों व छात्रों ने पूजन किया व बच्चों ने गीत गाए। अध्यापकों ने उपस्थित सभी बच्चों को प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक वैभव सिंह, लवलेश कुमार, संजय ओझा, संध्या, संगीता यादव, दुर्गावती सिंह, कंचन सिंह आदि मौजूद रहे।

### शिवजी व ध्रुव चरित्र की सुनाई गई कथा

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार।** क्षेत्र के हलियापुर में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के अंतर्गत मंगलवार को तृतीय दिवस पर अयोध्या से आए कथा वाचक अनिरुद्धाचार्य जी ने शिव जी का चरित्र एवं ध्रुव चरित्र पृथु चरित्र और पंचम स्कंध में प्रियव्रत एवं ऋषभदेव भगवान सहित जड़ भरत जी का चरित्र, नारकों का वर्णन एवं अजामिलोपख्यान के साथ वृत्रासुर का चरित्र विस्तार पूर्वक वर्णन किया गया। इस अवसर पर बजरंग सिंह, विक्रमादित्य सिंह, अनूप सिंह, रणविजय सिंह आदि मौजूद रहे।

### हादसे में घायल अधेड़ रेफर

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार।** अज्ञात वाहन के साइड मार देने से एक व्यक्ति को गंभीर चोटें आई। मंगलवार को शिवगढ़ के निवासी जय गोविंद (56) कादीपुर में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए ई रिक्शा से आ रहे थे। कस्बे के चौक के पास अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर साइड मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोग उन्हें सीएचसी लाए। जहा पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# जिले में 907 करोड़ से स्थापित होंगे 135 उद्योग

## 6257 लोगों को मिलेगा रोजगार, 19 फरवरी को आयोजित किया जाएगा भूमि पूजन का कार्यक्रम

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** उद्योगों से खाली जिले में जल्द ही औद्योगिक विकास का सपना धरातल पर दिखेगा। 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) करने जा रहे हैं, वहीं सुलतानपुर में करीब 907 करोड़ रुपये के उद्योगों की स्थापना के लिए भूमि पूजन की तैयारी है। यहां 135 उद्योगों की स्थापना से न सिर्फ आर्थिक क्रांति आएगी, बल्कि करीब 6,757 लोगों का रोजगार का सपना साकार हो सकेगा। यूपी इंवेस्टर्स समिट की तरह ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के सफल आयोजन की रूपरेखा जोरों से तैयार की जा रही है।

> ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर निवेशों का सत्यापन कराया जा रहा है। 19 फरवरी को भव्य कार्यक्रम आयोजन की तैयारियां चल रही हैं। 10 करोड़ के ऊपर वाले करीब 25 से 30 उद्यमी लखनऊ जाएंगे। शेष का भूमि पूजन जिले में ही होगी। कई लोग अपना प्रोडक्शन भी शुरू कर चुके हैं। -अनूप श्रीवास्तव, उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र

जिले में 554 उद्यमियों ने एएमयू साइन किया था। इसमें 138 उद्यमी जीबीसी में शामिल हुए। इसके तहत करीब 3,169 करोड़ रुपये का उद्योग स्थापना होनी थी। जिसमें 22,283 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद थी। पर, अब जीबीसी में शामिल 135 परियोजनाएं मूर्त रूप लेने जा रही हैं। इन उद्यमियों के उद्योग स्थापना के लिए जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र के अधिकारियों की ओर से अथक प्रयास किया गया। अब 19 फरवरी को उद्योगों का भूमि पूजन होने जा रहा है।



टिकरिया में इसी भूमि पर स्थापित किए जाएंगे उद्योग। अमृत विचार

### एक हजार लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य



पयागीपुर निवासी उद्यामी जय भारत मिश्र ने बताते हैं कि वह डेरी एंड मिल्क प्रोडक्शन के लिए उद्योग स्थापित करेंगे। साथ ही नाबार्ड के जरिए पीसीएफ का गोदाम भी बनाएंगे। करीब 50 करोड़ की परियोजना में एक हजार से अधिक लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य है। उद्यमी मिश्र बताते हैं कि टिकरिया के करीब 80 बिस्वा में भूमि उपलब्ध है। वहां पर उद्योग स्थापित किया जाएगा। 19 को भूमि पूजन की तैयारी है। वहीं, उद्यमी संतोष मिश्र की ओर से करीब 10 करोड़ रुपये से सांई इंटरप्राइजेज फर्म के जरिए कोल्ड स्टोर की स्थापना की जाएगी।

### करीब 30 उद्यमी जाएंगे लखनऊ

इन 135 उद्यमियों में से 10 करोड़ से अधिक निवेश करने वाले 25 से 30 उद्यमी लखनऊ में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जाएंगे। इनमें मुख्य रूप से सांई इंटर प्राइजेज, डेरी एंड मिल्क प्रोडक्शन समेत तमाम उद्यामी शामिल हैं। जिले में भी अभी तक पं. राम नरेश त्रिपाठी सभागार में कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी है। हालांकि, विभाग की ओर से अभी तक स्थल को फाइनल नहीं किया गया है।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, क्रास केस दर्ज

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सहिनवां में दो पक्षों में पुरानी रंजिश में मोनू यादव के बीच तब मारपीट हो गई जब सोमवार को रघुबीर यादव गांव में दूध डेरी पर जा रहे थे। छतर यादव के घर के पास पहले से घात लगाये मोनू यादव, अवनीश, सुशीला व आरती, लाठी डंडे से रघुबीर की पिटाई करने लगे। बचाने दौड़ी पत्नी शकुन्तला को भी पीट दिया। शकुंतला की तहरीर पर मोनू यादव, सुशीला, अविनाश व आरती के खिलाफ मामला हुआ है। दूसरी तरफ मोनू ने आरोप लगाया कि धनराज, अलोक, सुमन, भाला चिलविल का पेड़ काट रहे थे। मना करने पर सभी ने लाठी डण्डे से मेरी मां सुशीला व मुझे मारा। पुलिस ने दोनों तरफ से मुकदमा दर्ज किया है।

## छेड़छाड़ के दोषी को तीन साल कारावास की सजा

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

- किशोरी को अपमानित कर दी थी हत्या की धमकी
- पाक्सो कोर्ट ने सुनाई सजा, पांच हजार अर्थदंड भी लगाया

**अमृत विचार।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के एक गांव में चार साल पूर्व 13 वर्षीय किशोरी के साथ छेड़छाड़ कर अपमानित करने तथा हत्या की धमकी देने के दोषी राजेश वर्मा को पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश पवन शर्मा ने मंगलवार को तीन साल कठोर कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने दोषी पर पांच हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। कोर्ट ने अर्थदंड की धनराशि का 50 फीसदी बतौर क्षतिपूर्ति पीड़िता को देने का आदेश भी दिया हो। एडीजीसी रमेश चन्द्र सिंह के मुताबिक सात जून 2019 को कोचिंग पढ़ने गई किशोरी के साथ आरोपी ने छेड़छाड़ कर अपमानित किया तथा किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी। पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय भेजा। कोर्ट में अभियोजन पक्ष से मुकदमे के दौरान पेश किए गए गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर मुकदमें का फैसला किया।

## जिला पंचायत में 75.81 करोड़ का बजट अनुमोदित

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** जिला पंचायत की सामान्य बैठक में बिजली, पानी, सड़क का मामला छाया रहा। वर्ष 2023-24 का पुनरीक्षण बजट पर चर्चा करने के बाद सदन ने 86 करोड़ 73 लाख रुपए अनुमोदित किया। इसके साथ ही वर्ष 2024-25 के लिए 75.81 करोड़ रुपए के बजट को हरी झण्डी दी गई। बैठक में कई विभाग के अधिकारियों के शामिल नहीं होने पर सदन के सदस्यों ने नाराजगी जाहिर कार्यवाही की मांग की। अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह ने किया। बैठक में सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## पूर्व खेल मंत्री के मामले में गवाही देने नहीं आए दरोगा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** पूर्व विधायक और खेल मंत्री रहे ओम प्रकाश सिंह समेत छह आरोपियों के खिलाफ दर्ज आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के मामले अभियोजन गवाह तत्कालीन दरोगा सुशील कुमार के न आने के चलते मंगलवार को सुनवाई अदालत में नही हो सकी।

पूर्व मंत्री के वकील संतोष पांडेय ने बताया वादी मुकदमा तत्कालीन दारोगा सुशील कुमार अदालत में गवाही देने नहीं आये जिससे कोर्ट सुनवाई के लिए 22 फरवरी की तारीख नियत की है। मोतिगरपुर के ढेमा बाजार में बीते साल आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में सरकार में जयसिंहपुर विधानसभा सीट के पूर्व विधायक और खेल मंत्री रहे ओम प्रकाश सिंह समेत छह आरोपियों के खिलाफ विशेष कोर्ट में मामला विचाराधीन है। पूर्व विधायक ओपी सिंह समेत कई अज्ञात लोगों पर मोतिगरपुर थाने के उप निरीक्षक सुशील कुमार राय ने 15 जनवरी 2022 को मुकदमा दर्ज कराया था।



- आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का मामला

आरोप है कि विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान 12 जनवरी को पूर्व विधायक अपने समर्थकों के साथ ढेमा बाजार में चुनावी सभा की और उसका वीडियो वायरल किया। इसे आदर्श चुनाव आचार संहिता और कोरोना महामारी अधिनियम का उल्लंघन मानते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कराया था।

वहीं पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू व जिला पंचायत सदस्य उनकी बहन अर्चना सिंह के हर्ष फायरिंग के उल्लंघन के मामले में भी दरोगा गवाही देने नहीं आये। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 22 फरवरी की तारीख नियत की है। दो साल पूर्व 14 फरवरी 2021 को हर्ष फायरिंग वीडियो वायरल होने पर धनपतगंज के दरोगा सुशील कुमार ने मुकदमा दर्ज कराया था।

### नहीं साबित हो सका अपहरण व दुराचार का आरोप, आरोपी बरी

**सुलतानपुर।** दो साल पूर्व किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म करने के आरोपी श्रवण कुमार को पॉक्सो कोर्ट के जज पवन शर्मा ने मंगलवार को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। जिले के हलियापुर थाना क्षेत्र के एक गांव से किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म के आरोप में विवेचना के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया। बचाव पक्ष के वकील सत्यदेव पांडेय ने बताया कोर्ट में जिरह पर पीड़िता और अन्य गवाहों ने विरोधाभासी बयान दिए। विरोधाभासी बयान के आधार पर घटना को संदिग्ध मानकर कोर्ट ने आरोपी श्रवण को बरी कर दिया।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं सम्मानित

- नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत किया गया आयोजन

संवादाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** आज महिलाएं हर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। भाजपा सरकार मे सभी को सम्मान मिला है। महिलाओं की स्थिति मजबूत हुई है। मंगलवार को जयसिंहपुर ब्लाक सभागार कक्ष में आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने कहीं।

विधायक ने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, चिकित्सा, खेल और विज्ञान के अलावा अन्य विभागों में महिलाएं नेतृत्व कर अपना लोहा मनवा रही हैं। अभी हाल में ही जो बजट पास हुआ है वह गरीब, महिला और किसान के हित मे है। यह बजट रामराज का बजट है। हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास के फार्मूले पर काम कर रही है। आधी आबादी मोदी के साथ है। आने वाले लोकसभा चुनाव में आधी आबादी के बलबूते एक बार फिर नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे। बीडीओ निशा तिवारी ने कहा ब्लाक क्षेत्र में 1299 स्वयं सहायता समूह का गठन हुआ है। समूह के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण हो रहा है। समूह में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को विधायक ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, महामंत्री रत्नेश तिवारी, जिला मंत्री विवेक सिंह, अवधेश सिंह, विनोद सिंह, धर्मदेव शुक्ला सहित बड़ी संख्या में समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।



कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक राज प्रसाद उपाध्याय। अमृत विचार

## संदिग्ध परिस्थिति में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के बस्ती पहाड़पुर पुरवा जनकपुर में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थिति में पेड़ से लटकता हुआ पाया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना क्षेत्र के ग्राम बस्ती पहाड़पुर पुरवा जनकपुर निवासी अवधेश गौतम के 21 वर्षीय पुत्र स्वप्निल का शव साडी.के सहारे पिल्लू निषाद के घर के पास नीम की पेड़ से लटका मिला। मंगलवार की सुबह गांव के लोगों ने देखा तो घर वालों को सूचना दी। सूचना पर थाना प्रभारी लक्ष्मी कांत मिश्र मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर क्षेत्राधिकारी कादीपुर विनय गौतम भी घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें की युवक का दोनों पैर जमीन पर व घुटना मुड़ा हुआ था। आंखे बंद देख लोग हत्या कर शव लटका दिया मान रहे हैं। मोबाइल में एक बीडीओ में स्वप्निल डरे व सहमे आवाज में किसी लड़की से संबंध होने की बात कर रहा है। घर वालों के अनुसार 12 बजे रात को घर से गायब हुआ था। थाना प्रभारी ने बताया कि पिता की सूचना पर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हत्या व आत्महत्या की जानकारी मिलेगी।

### पिता की डांट से क्षुब्ध बेटे ने खाया जहर

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार।** पिता की डांट से क्षुब्ध बेटे ने मूस मार दवा खा ली। जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने गंभीर हालत में उसे सरकारी गाड़ी से सीएचसी कादीपुर लाकर भर्ती कराया। मंगलवार को कोतवाली के बरवारीपुर गांव के गोलू (18) पुत्र पिंटू निषाद को किसी बात को लेकर पिता पिंटू ने डांट दिया था। जिससे क्षुब्ध होकर गोलू ने मूस मार दवा खा ली। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक घटनास्थल पर पहुंच गए। गंभीर हालत में गोलू को अपनी सरकारी गाड़ी से सीएचसी कादीपुर लाकर भर्ती कराया गया है।

सार-संक्षेप




विद्यालय के वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

### धूमधाम से मनाया गया विद्यालय का वार्षिकोत्सव

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार।** मंगलवार को अंगनाकोल स्थित एके शिक्षा निकेतन का वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य उदराज वर्मा पंकज, राम बरन पीजी कालेज के प्रबंधक अजय कुमार सिंह रहे। अध्यक्षता ए के शिक्षा निकेतन के प्रबन्धक शीतला प्रसाद पांडेय ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। बच्चो ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत के साथ लोकगीत व नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। संबोधन के दौरान प्रबंधक अजय सिंह ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही बच्चो का विकास होता। वही जिला पंचायत सदस्य उदराज वर्मा पंकज ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चो की प्रतिभा में निखार आता है। साथ 11 लोगों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा सुलतानपुर रत्न से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालो में वीर विक्रम सिंह, सौरभ मिश्र, लाल बिहारी पांडेय, सुधीर यादव, संदीप मिश्र, नफीसा खातून, सर्वेश कांत वर्मा, कांति सिंह आदि रहे। इस मौके पर संतोष यादव, पूजा मिश्र, प्रतिमा जायसवाल, अभिषेक कुमार, सरवन पांडेय, रागनी, राम चंद दुबे, लाल बहादुर यादव, लाल जी तिवारी, नागेंद्र मिश्र, कमलेश मिश्र, धर्मेंद्र शर्मा, राम लाल, राम बहादुर तिवारी आदि रहे।

### अंतर्जनपदीय प्रतियोगिता में पप्पू के घोड़े ने मारी बाजी

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** हर वर्ष की भांति कुड़वार क्षेत्र के गंजेहड़ी गांव में घुड़दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। घुड़दौड़ में अंतर्जनपदीय धावकों ने अपने अपने घोड़ों के साथ प्रतिभाग किया। मंगलवार को कुड़वार विकास खण्ड के मजरूह सुल्तानपुरी मैदान गंजेहड़ी में घुड़दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ प्रतियोगिता में सिंधी दौड़ में प्रयागराज के मल्लावा के पप्पू के घोड़े ने प्रथम, मऊ आइमा प्रयागराज के आफाक के घोड़े ने द्वितीय, चितावनपुर प्रतापगढ़ के शौकत अली के घोड़े ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चौटाला दौड़ में पप्पू प्रयागराज के घोड़े ने प्रथम, रनकेडीह के शहरयार के घोड़े ने द्वितीय व प्रतापगढ के नन्हे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सरपट दौड़ में बहादुरपुर के घोड़े ने प्रथम, कोटिया के कल्लू के घोड़े ने द्वितीय व अझुई के अलीम के घोड़े ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चौम्पियन की दौड़ में बहादुरपुर के साजिद के घोड़े को प्रथम स्थान, कोटिया के कल्लू को द्वितीय व अझुई के अलीम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। आयोजक टीम ने चैंपियन में प्रथम स्थान पाने वाले को आलमारी, द्वितीय स्थान पाने वाले को कुर्सी व तृतीय स्थान को प्रेस देकर सम्मानित किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान हसीब, गुलसेर, अतहर, मुन्नन, अकबाल, इसरत, अफसर सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

### 562 बच्चों ने किया मदरसा बोर्ड की परीक्षा से किनारा

**सुलतानपुर अमृत विचार।** मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित परीक्षा में पहले ही दिन 562 बच्चो ने परीक्षा से किनारा कर लिया। बताते चलें कि जिले 2045 बच्चें मुंशी, मौलवी व कामिल फाजिल फारसी, अरबी की परीक्षा के लिए पंजीकृत हैं। जिनकी जिले की दस परीक्षा केंद्रों पर मंगलवार से परीक्षा शुरु हुई है। पहली पाली में दस केंद्रो पर मुंशी मौलवी आदि की परीक्षा के लिए पंजीकृत 1498 बच्चो में से 996 बच्चें उपस्थित रहे। वही 502 बच्चो ने परीक्षा से किनारा कर लिया। दूसरी पाली में पांच परीक्षा केंद्रों पर कामिल और फाजिल परीक्षा के लिए पंजीकृत 547 बच्चो में से 487 बच्चे उपस्थित रहे।60 बच्चो ने परीक्षा से किनारा कर लिया। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुनीता देवी ने कहा कि पारदर्शी तरीके से परीक्षा संपन्न हो गई है, कहीं कोई नकलची नहीं पकड़ा गया है। कापियां परीक्षा संकलन केंद्र पर जमा करा दिया गया है।

## सुलतानपुर में मिला अयोध्या के युवक का पेड़ में बंधा शव

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार।** जमीनी विवाद के चलते अपने मौसी के घर रह रहें युवक का शव पेड़ से बधा हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में ले पोस्टमार्ट्म के लिए भेज दिया।

अयोध्या जिले के बीकापुर थाना क्षेत्र सुरासराय गांव निवासी सूरज 18 पुत्र राजू जिले के धनपतगंज थाना क्षेत्र के पूरे अवसान मिश्र मजरे पीपरगांव में रहता था। मंगलवार को उसका शव शारदा सहायक नहर के हरौरा बाज़ार के समीप पेड़ से बधा हुआ मिला। तो हड़कंप मच गया। मृतक की मौसी संजू पत्नी अमरनाथ ने युवक के शव की शिनाख्त की। मृतक की मौसी ने बताया कि जमीनी रंजिश के चलते सूरज घर छोड़ कर यही रहता था। बीते 8फ़रवरी को जमीनी विवाद सुनवाई के लिए बीकापुर तहसील गया हुआ था। वापस नहीं लौटने पर खोजबीन की जा रही थी। आज उसका शव क्षत विक्षत हालत में पेड़ से बधा मिला। सूचना पर पहुंचे धनपतगंज थानाध्यक्ष पंडित त्रिपाठी ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसएचओ पंडित त्रिपाठी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच पड़ताल शुरू कर दी गई हैं। तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## पुलिस ने किए तीन खुलासे, जेल जाने से बचे निर्दोष

- दर्ज मुकदमे में वांछित पाए गए निर्दोष, जेल भेजे गए अभियुक्त

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** अक्सर पुलिस द्वारा किए गए खुलासे पर प्रश्नचिन्ह लग जाता है। लेकिन फरवरी माह में लगातार पुलिस द्वारा किए गए तीन खुलासे चौकाने वाले आए है। दर्ज मुकदमे में वांछित निर्दोष साबित हुए वही अभियुक्तों को जेल भेजने की कार्यवाही की गई। जो आम जनमानस में चर्चा का विषय बना हुआ है।

बीते 17 जनवरी की सुबह कोतवाली देहात के दूबेपुर के समीप अलाव के पास जला हुआ शव मिला था। जिसकी पहचान परिजनो ने विक्रान्त वर्मा के रुप में की थी। पुलिस ने पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम भेजा था। घटना को आत्महत्या मान चल रही थी। परिजनों के दबाव पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया था। पुलिसिया कार्यवाही में पता चला कि शव विक्रांत वर्मा का नही सीएचसी चालक द्वारिका नाथ शुक्ला का था। बैंक के कर्ज से बचने व प्रेमिका से मिलने की चाहत में खुद विक्रांत ने अपने साथियों संग चालक की हत्या की थी। शव की शिनाख्त न हो इसके लिए पेट्रोल डाल जला दिया था। विक्रान्त व उसके साथी शक्तिमान व अनुज शाहू को पुलिस ने हरियाणा से गिरफ्तार कर 9 फरवरी को जेल भेज दिया।

दूसरी घटना चांदा थाना क्षेत्र के सिहौली के पास की है। जहां बीते 31 जनवरी की देर शाम प्रतापगढ़ के आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के रामगंज निवासी सुशील यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।मृतक के बड़े भाई अनिल यादव ने सुसराल वालों के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज कराया था। लेकीन पुलिस के जांच पड़ताल में दूसरा ही मामला सामने आया। पता चला कि गांजा तस्करी के लेनदेन के मामले में प्रतापगढ़ के आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के लखनूडीह निवासी सौरभ कुमार सरोज ने गोली मारी थी। जिसे पुलिस ने 6 फरवरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दर्ज़ मुकदमे में वांछित ससुराल वाले जेल जानें से बच गए।

9 फरवरी को चांदा थाना क्षेत्र के रजवाड़े रामपुर फ्लाई ओवर के पास गोली लगने की घटना सामने आई। जिसमें अंबेडकरनगर के भीटी थाना क्षेत्र के बनगांव निवासी सत्य नारायण गौड़ को गोली मारने का मामला सामने आया। घटना को संदिग्ध मानते हुए पुलिस ने जब जांच की तो पता चला कि मुकदमे में सुलह के लिए सत्य नारायण गौड़ ने खुद पर गोली चलवा ली थी।12 फरवरी को पुलिस ने सत्य नारायण व उसके साथी अनिल व बलवंत को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

सुलतानपुर पुलिस द्वारा लगातार तीन सनसनी खेज खुलासे से जहां निर्दोष जेल जाने से बचे। वही अपराधियो ने जो साजिश रची थी पुलिस ने उसे तोड़ दिया। जिसकी चर्चा पूरे जिले में हो रही है।

रहस्य गहराया

मशहूर अभिनेत्री मलिका राजपूत का घर में फंदे से लटका मिला शव, यूट्यूबर, ब्लॉगर, सिंगर, पटकथा लेखिका के रूप में थी पहचान

## फिल्म 'रिवाल्वर रानी' में मलिका ने कंगना के साथ किया था काम

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** फिल्म रिवाल्वर रानी में फेमस फिल्म अभिनेत्री कंगना राणावत के साथ स्वाति भारद्वाज के नाम से काम कर चर्चा में आई मलिका राजपूत की गजल और गीतों के लेखन में भी अपना भाग्य आजमाया। उनकी गजलों को मशहूर भजन गायक अनूप जलोटा, हंसराज हंस और शान ने स्वर दिया है। इंदौर के मशहूर भैय्यू जी महाराज के आत्महत्या कांड में भी उनका नाम प्रकाश में आया था। मलिका का राजनीति, धर्म एवं कला-संस्कृति से जुड़े अति प्रभावशाली चेहरों से करीबी संबंधों के चलते लंबे समय तक चर्चा में बनी रही। उन्होंने भाजपा यूथ विंग में काम किया मगर, कुछ ही दिनों में उनका पार्टी से मोहभंग हो गया। फिर कांग्रेस से जुड़ कर काम किया।

सुलतानपुर में माध्यम शीर्षक नाम से आयोजित कार्यक्रम संगीत संध्या में पीएम नरेन्द्र मोदी के संघर्षों पर आधारित पुस्तक नमों शासक पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम की घोषणा कर भी वह चर्चा में आई थी। उसके फेसबुक वाल पर फिल्मी कलाकारों के साथ राजनीतिक हस्तियों के साफ फोटो भी चस्पा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से उनके संबंध बताए जाते हैं। भाजपा दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी से भी उनकी खासी जान पहचान थी। कई सिने स्टार, क्रिकेटर के साथ उनके संबंध थे। पाकिस्तान के फिल्म व नाटकों में उन्होंने काम किया है। उनकी फेसबुक वाल पर तमाम नामचीन लोगों के साथ फोटो पोस्ट है।



अनूप जलोटा और पार्श्व गायक शान के साथ मलिका राजपूत। (फेसबुक पेज से ली गई फोटो)

### शहर के केएनआईसीई में आयोजित किया था कार्यक्रम

मलिका राजपूत ने सार फाउंडेशन मुंबई एवं लायंस क्लब मिडटाउन सुलतानपुर के तत्वावधान में 14 दिसंबर 2019 को सुलतानपुर के भाजपा विधायक विनोद सिंह के विद्यालय केएनआईसीई लालडिग्गी परिसर में माध्यम शीर्षक से एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया था। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संघर्षों पर लिखी उनकी पुस्तक नमो शासक का विमोचन भी किया गया था। आयोजन में भजन सम्राट पद्मश्री अनूप जलोटा का कार्यक्रम का आकर्षण का केंद्र रहा है। कार्यक्रम में बॉलीवुड सिंगर सुजाता मजूमदार एवं अनूजा सिन्हा भी अपना गायन प्रस्तुत किया था। भाजपा से जयसिंहपुर सदर सीट से चुनाव लड़ने के लिए भी वह टीम बना रही थी। कई पोस्टर व सोशल मीडिया पर उनके पोस्टर दौड़ भी रहे थे। मल्लिका इसी विधानसभा के पूरे लाल शाह (गूरेगांव) के मूल निवासी भी है।

**कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण, सुलतानपुर**

पत्रांक: 426 / डूडा / निविदा/2023-24 दिनांक:- 13-02-2024

**प्रेस विज्ञप्ति**

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजनान्तर्गत स्वीकृत 03 कार्यों हेतु अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना के अनुसार सुसंगत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदायें दिनांक 14-02-24 से 20-02-24 की सायं 05 :00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। टेक्निकल बिड दिनांक 21-02-24 की सायं 02: 00 बजे परियोजना निदेशक, डूडा सुलतानपुर के कार्यालय में निर्धारित समिति के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेगी।

निविदा की पूर्ण जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

**परियोजना अधिकारी**
डूडा, सुलतानपुर

**अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/**
परियोजना निदेशक, डूडा

## एक नजर

### शिक्षकों ने बीईओ को हटाने की उठाई मांग, किया प्रदर्शन

**सिद्धार्थनगर।** खण्ड शिक्षा अधिकारी कुंवर विक्रम पांडेय के कार्य व्यवहार से क्षुब्ध बीआरसी खेसरहा क्षेत्र के प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों ने एकजुट होकर बीईओ को हटाने के लिए आवाज बुलंद कर दिया है। खेसरहा बीआरसी के ब्लॉक अध्यक्ष दयानंद मिश्र की अध्यक्षता में मंगलवार को बीआरसी परिसर में बड़ी संख्या में एकजुट हुए शिक्षकों ने बीईओ के खिलाफ बैठक कर प्रदर्शन किया। बेसिक शिक्षा अधिकारी को भेजे गए अनुरोध पत्र में बीईओ के तानाशाही पूर्ण कार्य व्यवहार से संबंधित 10 बिंदुओं की ओर बीएसए का ध्यान आकर्षित कराते हुए उन्हें खेसरहा से हटाने की मांग की है। इस दौरान आदित्य पांडेय, राजेश्वर प्रसाद मिश्र, अरुण पांडेय, घनश्याम पांडेय, उमेश चंद्र मिश्र, इंद्रसेन सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### आरपीएफ ने यात्रियों का सामान बरामद कर सौंपा

**गोरखपुर।** रेलवे सुरक्षा बल (आपीएफ), पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा एवं अवैध सामानों की धर-पकड़ सहित यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास किया जाता है। मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, वाराणसी से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, छपरा द्वारा गाड़ी संख्या-15160 से यात्री का छूटा बैग बरामद किया गया। यात्री के उपस्थित होने पर बैग को उसे सुपुर्द किया गया। इसी क्रम में मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, वाराणसी से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल स्टाफ द्वारा गाड़ी संख्या-12554 से यात्री का छूटा दो ब्रीफकेस बरामद कर छपरा पोस्ट पर जमा किया गया। यात्री के उपस्थित होने पर दोनो ब्रीफकेस को उसे सुपुर्द किया गया।

### कार्यशाला का आयोजन

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** पुलिस लाइन सभागार में बालकों के विरुद्ध अपराध व उनके देखरेख एवं संरक्षण के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। संबंधित जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### वारंटी गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** थाना त्रिलोकपुर पुलिस ने वारण्टी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर ने बताया कि एससी/एसटी एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त छटीरम निवासी चोरथरी थाना त्रिलोकपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

# सड़कों पर खड़ी हो रहीं रोडवेज बसें, लग रहा जाम

बढ़नी, सिद्धार्थनगर

**समस्या**

**▶▶ बढ़नी कस्बा में बस अड्डा न होने से हो रही लोगों को परेशानी**

**अमृत विचार।** भारत-नेपाल सीमा पर स्थित बढ़नी कस्बे में रोडवेज बस स्टैंड न होने से यात्रियों को परेशानी होती है। बस स्टैंड नहीं होने से रोडवेज बसों को सड़क पर खड़ा करना पड़ता है। इससे जहां जाम की स्थिति उत्पन्न होती है वहीं बढ़नी कस्बे से भारत व नेपाल का यात्रा करने वालों की सांसत होती है।

बढ़नी कस्बा में राजस्व विभाग की तरफ से भूमि उपलब्ध कराने में उदासीनता के कारण रोडवेज के लिए जमीन नहीं मिल सकी। जबकि बढ़नी कस्बा भारत-नेपाल बॉर्डर होने के साथ बलरामपुर जिले को भी जोड़ता है। इस कस्बे से भारत-नेपाल के प्रवासी मजदूर प्रतिदिन लखनऊ, दिल्ली, मुंबई कानपुर व गोरखपुर जैसे महानगरों में रोजी-रोटी के तलाश में जाते है। लेकिन पिछले कई वर्षों से जमीन तलाशने के बावजूद भी अभी तक डिपों के लिए जमीन नहीं मिल पाई है। जमीन नहीं मिलने से सरकारी बसों को कस्बे के मुख्य सड़क पर बस रोककर यात्रियों को बैठाना पड़ता है। जिससे कभी-कभी जाम की भी स्थिति बन जाती है। जानकारी के अभाव में लोगों की बस भी छूट जाती है। जबकि कस्बे सहित क्षेत्र के लोगों ने कई बार जनप्रतिनिधियों से बस स्टैंड बनवाने की मांग कर चुके है। बस स्टैंड नहीं बनने से स्थानीय लोगों में इसको लेकर नाराजगी है। रोडवेज बस स्टैंड के मामले में कई बार अधिकारियों से मांग की गई है। लेकिन अभी तक बस स्टैंड नही बन पाया है। जिससे लोगों को आने-जाने में भी दिक्कत होती है।



बढ़नी कस्बा में स्टैंड न होने से सड़क पर खड़ी रोडवेज बस। अमृत विचार

इस बारें में बढ़नी के व्यापारी त्रियुगी नाथ अग्रहरि व धनौरी के राजू बताते हैं कि बढ़नी बाजार व आसपास के व्यापारी प्रदेश की महानगरों में जाने के लिए आते हैं। लेकिन रोडवेज बस स्टैंड ना होने की वजह से सरकारी बस से जाना पसंद नहीं करते है। बढ़नी बाजार सीमा से सटे होने के कारण बड़ी संख्या में नेपाली नागरिक भी आवागमन करते है। बस स्टैंड बन जाए तो यात्रियों को निर्धारित स्थान मिल जाएगा।

> बढ़नी में रोडवेज बस स्टैंड बनवाने के लिए जमीन की तलाश की जा रही है। जमीन मिलते ही बस स्टैंड बनवा दिया जाएगा। जमीन खोजने के लिए शासन स्तर पर पत्राचार किया जा रहा है।
> **विजय कुमार गंगवार,** एआरएम

# रेलवे स्टेशन रोड पर ई-रिक्शा चालक बने समस्या की वजह

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** शहर के रेलवे स्टेशन रोड पर प्रतिदिन जाम से लोगों को जूझना पड़ता है। ट्रेन आने के समय ई-रिक्शा चालक बस स्टैंड से रेलवे गेट तक सड़क पर अपने वाहन खड़े कर सवारियों बैठाते हैं। जिससे राहगीरों को समस्या होती है।

रेलवे स्टेशन मार्ग पर बस स्टैंड, सब्जी मंडी व कपड़े की दुकानें हैं। जिस पर प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आना जाना लगा रहता है। जबकि यह रास्ता लोटन ब्लॉक को भी जोड़ता है। इस रोड पर बुद्ध महाविद्यालय भी है। लेकिन ई-रिक्शा चालकों की मनमानी से लोगों को प्रतिदिन झेलना पड़ता है।

जबकि एक तरफ बनी पटरी पर ठेला व दुकानों का कब्जा रहता है। स्थानीय महाविद्यालय के प्राचार्य अभय कुमार के अनुसार स्टेशन रोड से हजारों लोग यात्रा करते हैं। लेकिन लोगों को जाम से जूझना पड़ता है।

> सड़क पर अतिक्रमण करने के लेकर कई बार कार्रवाई की गई है। ई-रिक्शा चालकों को चेतावनी दी गई है। जल्द ही अतिक्रमण करने वालों पर पुनः सख्त कार्रवाई की जाएगी। -**डॉ. ललित कुमार मिश्र,** एसडीएम सदर

# हर हाल में नकल विहीन होनी चाहिए पुलिस भर्ती परीक्षा

## जिलाधिकारी ने बैठक कर सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक ऑफिसर व केंद्र व्यवस्थापकों को दिया निर्देश

सिद्धार्थनगर,

**अमृत विचार।** जनपद में आगामी 17 एवं 18 फरवरी को आयोजित होने वाली उप्र पुलिस भर्ती और फिर यूपी बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी ने बैठक की। लोहिया कला भवन में आयोजित बैठक में पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार के साथ परीक्षा की तैयारियों को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक ऑफिसर तथा केंद्र व्यवस्थापक भी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित अधिकारी सभी तैयारियां परीक्षा से पूर्व सुनिश्चित करें। किसी भी परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं नकल विहीन ढंग से संपन्न कराने में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों का बहुत ही अहम योगदान होता है, इसीलिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुए मानकों के अनुरूप तैयारियां पूर्ण करें। परीक्षा में यदि किसी भी अधिकारी की लापरवाही सामने आई तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।



पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर बैठक करते डीएम, एसपी, सीडीओ व मौजूद अधिकारी।

सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक ऑफिसर तथा केंद्र व्यवस्थापक को आवश्यक निर्देश दिए। कहा कि अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर भ्रमण कर वहां सभी मूलभूत सुविधाएं, सीसीटीवी एवं जैमर व्यवस्था का अवलोकन कर लें। परीक्षा केंद्र के प्रवेश द्वार पर प्रवेश कराते समय इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर विशेष ध्यान दिया जाए। कोई भी अभ्यर्थी अपने साथ इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स परीक्षा केंद्र के अंदर न ले जा पाए। जनपद में पुलिस भर्ती परीक्षा के कुल 22 केन्द्र बनाये गये है।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) उमाशंकर, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, समस्त उपजिलाधिकारी, डीडीओ गोपाल प्रसाद कुशवाहा, जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार एवं समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक ऑफिसर तथा केंद्र व्यवस्थापक व जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।



## यूपी बोर्ड परीक्षा की होगी ऑनलाइन निगरानी

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षा को लेकर तैयारी पूरी हो चुकी हैं। जिले के 114 केंद्रों पर 22 फरवरी से शुरू हो रही यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा की ऑनलाइन निगरानी होगी। नकल के लिहाज से संवेदनशील केंद्रों पर एसटीएफ नजर रखेगी। सामूहिक नकल करते या कराते पकड़े जाने पर संबंधित के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई की जाएगी। सघन निगरानी के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यहां से नौ लैपटाप के जरिए केंद्रों की ऑनलाइन मानीटिरंग की जाएगी। यूपी बोर्ड की वर्ष 2024 की परीक्षा की ऑनलाइन निगरानी के लिए डीआईओएस कार्यालय में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिले के सभी 114 परीक्षा केंद्रों को सीसी कैमरों से जोड़ा जा रहा है। प्रदेश के मुख्य सचिव ने नकल कराने वालों पर रासुका लगाने के लिए कहा है। मंगलवार को कंट्रोल रूम में डीआईओएस सोमारू प्रधान ने निरीक्षण किया। बीएसए कार्यालय से तैनात किए गए कंप्यूटर ऑपरेटरों से बारीकी से जानकारी ली। जिला मुख्यालय स्थित राजकीय इंटर कॉलेज नौगढ़ से बोर्ड परीक्षा के लिए कॉपियों का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने प्रश्नपत्रों के रखरखाव की स्थिति भी देखी। स्टाफ से कहा कि केंद्रों को कॉपियां गिनवाकर ही दें। जिससे बाद में कॉपी कम निकलने की शिकायत न हो।

# आज परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे मुख्यमंत्री योगी

**गोरखपुर, अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिन (14 व 15 फरवरी) के अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल होंगे। साथ ही करीब 317 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। बुधवार को मुख्यमंत्री 252 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 91 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। जबकि गुरुवार (15 फरवरी) को 60 करोड़ रुपये की एक महत्वपूर्ण परियोजना का शिलान्यास और करीब पांच करोड़ रुपये की एक परियोजना का लोकार्पण करेंगे। इन दो दिनों में वह मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, नारी शक्ति वंदन, गांव चलो अभियान के कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे। सीएम योगी के बुधवार को दोपहर बाद गोरखपुर आने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। सबसे पहले वह खाद कारखाना परिसर में आयोजित मुख्यमंत्री आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में पहुंचेंगे।



# एक ही रात में चोरों ने सात जगह बोला धावा

उसका बाजार, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** पुलिस की सुस्ती से चोरों के हौसले बुलंद हैं। इसी का परिणाम है कि सोमवार की रात उसका थाना क्षेत्र के शेषपुर और पठानपुर मोड़ स्थित सात घर व दुकानों पर धावा बोलकर चोरों ने घटनाओं को अंजाम दिया। एक ही रात हुईं इन चोरियों से स्थानीय लोगों को भय सता रहा है। चोरों ने सभी जगह का मिलाकर लगभग चार लाख के जेवरात और 1.40 लाख की नकदी चोरी की है।

शेषपुर निवासी पूनम अग्रहरि की दुकान का शटर तोड़कर चोरों ने लगभग चार लाख रुपए के सोने चांदी के आभूषण व 98 हजार रुपए की नकदी चोरी की। पीड़ित ने बताया कि वह अपने मामा की शादी में संपतिहा, नौतनवा गई थी। मंगलवार की सुबह पड़ोसी ने फोनकर बताया कि शटर का ताला टूटा है। जानकारी मिलते ही वह पति पंचगुलाम के साथ घर पहुंची तो देखा कि घर और बक्से में रखा सामान बिखरा पड़ा है और उनके जेवरात गायब हैं। बताया कि पति पंचगुलाम कुछ दिन पहले ही सऊदी से लौटे थे, घर में 70 हजार रुपए नकद रखा था। इसके अलावा काउंटर में लगभग 5 हजार और बच्चों के गोलक में लगभग 20 हजार रुपए गायब हैं। पूनम के घर के बगल स्थित रवि टेलर्स के प्रोपराइटर रवि ने बताया कि दुकान का ताला तोड़ लगभग 8 हजार रुपए चोरी हो गया। इनके दुकान के सामने लगे सीसीटीवी पर चोरों ने गीली मिट्टी लगा दी थी। जिससे चोरी की घटना रिकॉर्ड नहीं हो सकी।

रवि टेलर्स के बगल स्थित गणेश पासवान के गारमेंट्स की दुकान के शटर का ताला तोड़कर जींस, जैकेट, 20 हजार रुपए की नकदी चोरी कर ले गए। दुकान में लगे सीसीटीवी के डीवीआर को अपने साथ उठा ले गए। इसी तरह रफीक के किराना की दुकान में घुसकर 11 हजार रुपए की नकदी, खाने के सामान और कुछ सौंदर्य प्रसाधन उठा ले गए। थाना क्षेत्र के पठानपुर मोड़ पर स्थित आकाश इलेक्ट्रॉनिक के मालिक विनोद ने बताया कि चोरों ने शटर तोड़ 7 हजार रुपए और एक पुराना मोटर चुरा लिए। जयप्रकाश के मेडिकल स्टोर का ताला तोड़ 5 हजार नगदी और ब्लड प्रेशर नापने की मशीन चोर उठा ले गए।

यहीं के सीएससी संचालक दिलीप कुमार ने बताया कि उनके सेंटर का ताला तोड़कर काउंटर में रखा 6 हजार रुपए चुरा ले गए। इस संबंध में सीओ अखिलेश वर्मा ने बताया कि जानकारी होने पर वह घटना स्थल पर गए थे। फोरेंसिक और एसओजी टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाई है, जल्द ही घटना का पर्दाफाश होगा।

# यार्ड रिमाडलिंग कार्य के चलते प्रभावित रहेगा ट्रेनों का संचालन

गोरखपुर

**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा मध्य रेलवे के लोकमान्य तिलक टर्मिनस यार्ड रिमाडलिंग कार्य के लिए ब्लॉक दिये जाने के कारण गाड़ियों का पुनर्निर्धारण, नियंत्रण एवं शार्ट टर्मिनेशन किया जायेगा। जिसके कारण इस रूट से चलने वाली गाड़ियों का संचालन 18 फरवरी तक प्रभावित रहेगा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

इसके अलावा रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 19037/19038 बांद्रा टर्मिनस-बरौनी-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस का पश्चिम मध्य रेलवे के मोड़क स्टेशन पर 14 फरवरी से 11 अगस्त तक प्रायोगिक आधार पर 2 मिनट का ठहराव प्रदान किया जायेगा। 19037 बांद्रा टर्मिनस-बरौनी एक्सप्रेस 14 फरवरी, 2024 से पश्चिम मध्य रेलवे के मोड़क स्टेशन पर 11.18 बजे पहुंचकर 11.20 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार 19038 बरौनी-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस 14 फरवरी, 2024 से पश्चिम मध्य रेलवे के मोड़क स्टेशन पर 13.03 बजे पहुंचकर 13.05 बजे प्रस्थान करेगी।

## सार-संक्षेप

### खुले में शौच मुक्त भारत बनाने को किया जागरूक

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** विकासखंड जोगिया में मंगलवार को ओडीएफ से ओडीएफ प्लस की ओर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार पांडे, सहायक विकास अधिकारी पंचायत ओम प्रकाश चौधरी, न्यू जेनेसिस टीम से जिला समन्वयक तौकीर आजम, सहायक गोविंद सिंह, शिखा वर्मा, अनिल निषाद आदि उपस्थित रहे। विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से खुले में शौच मुक्त भारत बनाने एवं ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के बारे में लोगों को बताया गया। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आम जनमानस के बीच में प्रस्तुत करने से उनके व्यवहार में परिवर्तन आएगा। हमारा स्वच्छ भारत मिशन का सपना है वह भी साकार होगा। कार्यक्रम के बाद खण्ड विकास अधिकारी ने टीमों को हरी झंडी दिखाकर ग्राम पंचायत के लिए रवाना किया।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते एसएसबी के अधिकारी। अमृत विचार

### एसएसबी ने खेल प्रतियोगिता का कराया आयोजन

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** 43वी वाहिनी एसएसबी सीमा चौकी ककरहवा द्वारा वाईब्रेंट विलेज प्रोग्राम और मिशन लाइफ कार्यक्रम के तहत खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया। 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा चौकी ककरहवा द्वारा वाईब्रेंट विलेज प्रोग्राम और मिशन लाइफ के तहत वाहिनी द्वारा गोद लिए गए गांव ककरहवा के राजकीय इंटर कॉलेज ककरहवा के छात्रों के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कमांडेंट उज्जल दत्ता ने बताया कि सशस्त्र सीमा बल के 43वी वाहिनी द्वारा सीमाई क्षेत्र के पांच गांवों को गोद लिया गया है, जहां मिशन लाइफ एवं बाईब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अंतर्गत इन गांवों के विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को सीमा चौकी प्रभारी ककरहवा में विक्रम सिंह, सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में राजकीय इंटर कॉलेज, ककरहवा के छात्रों के लिए वाईब्रेंट विलेज प्रोग्राम, मिशन लाइफ कार्यक्रम व खेलो इंडिया थीम के अंतर्गत बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंत में खेल में विजेता दल को पुरस्कृत वितरण किया गया।



प्रबंध समिति के नव निवार्चित अध्यक्ष व पदाधिकारी। अमृत विचार

### प्रबंध समिति के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए दिनेश चंद्र

**गोरखपुर, अमृत विचार।** राष्ट्रीय विद्यालय बौलिया रेलवे कॉलोनी द्वारा संचालित राष्ट्रीय इंटर कॉलेज बौलिया रेलवे कॉलोनी प्रबंध समिति का चुनाव मंगलवार को निर्विरोध व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पर्यवेक्षक एनपी सिंह, सह जिला विद्यालय निरीक्षक एवं चुनाव अधिकारी राकेश त्रिपाठी, पूर्व मुख्य परिचालन प्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे मौजूद रहे। नव निर्वाचित प्रबंध समिति के अध्यक्ष के रूप में दिनेश चंद्र त्रिपाठी (पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष दीनदयाल उपाध्याय यूनिवर्सिटी गोरखपुर), उपाध्यक्ष विश्वदेव मिश्र प्रबंधक आशुतोष मिश्र, उप प्रबंधक राजेश प्रकाश मिश्र, कोषाध्यक्ष हरि प्रकाश शुक्ला, समिति के सदस्यों के रूप में हीरालाल, डॉ संतोष दुबे, डॉ राकेश कुमार तिवारी, हरिश्चंद्र, रमाकर द्विवेदी चुने गए। इस अवसर पर पूर्व प्रबंधक अनिता मिश्रा, पूर्व कोषाध्यक्ष डॉ विनीत चौबे, राष्ट्रीय इंटर कॉलेज एवं राष्ट्रीय विद्यालय समिति के मंत्री ओम प्रकाश मिश्रा, डॉ उमेश पांडे, आभा पांडे, अभिमन्यु प्रसाद उपाध्याय ने शुभकामनाएं व्यक्त की।



### डीएम ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

**गोरखपुर, अमृत विचार।** 14 फरवरी को संभावित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल फर्टिलाइजर में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह समारोह में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गौरव ग्रोवर, सीडीओ संजय कुमार मीना, पुलिस अधीक्षक उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने निरीक्षण कर तैयारियों व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

# पूर्वोत्तर रेलवे के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

गोरखपुर

**अमृत विचार।** 7 से 11 फरवरी तक राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में आयोजित 38वीं सब-जूनियर हैंडबॉल चैम्पियनशिप के पुरुष एवं महिला वर्ग में पूर्वोत्तर रेलवे के हैंडबॉल खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से उत्तर प्रदेश की टीम ने रजत पदक प्राप्त किया।



पूर्वोत्तर रेलवे के खिलाड़ियों के साथ अधिकारी। अमृत विचार

इसी क्रम में उत्तर प्रदेश हैंडबॉल टीम का प्रतिनिधित्व पुरुष वर्ग में पूर्वोत्तर रेलवे के खिलाड़ी अमित यादव, सर्वेश कुमार एवं आशीष तथा महिला वर्ग में अनन्या यादव, वैष्णवी सिंह ने किया। इन खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से उत्तर प्रदेश की टीम ने रजत पदक जीता। बता दें कि राजस्थान में आयोजित 46वीं जूनियर ब्वायज हैंडबॉल चैम्पियनशिप में उत्तर प्रदेश टीम की तरफ से मनीश यादव, मानवेन्द्र यादव एवं ज्ञान गौरव प्रकाश ने प्रतिनिधित्व किया। पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ (नरसा) के अध्यक्ष श्रीश चन्द्र श्रीवास्तव, महासचिव/नरसा पंकज कुमार सिंह, हैंडबॉल सचिव कृष्ण चन्द्र सिंह, सहायक क्रीड़ा अधिकारी चन्द्र विजय सिंह एवं हैंडबॉल कोच अरविन्द यादव ने बधाई दी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

**चुनावी रणनीति** | भाजपा के आगामी कार्यक्रम लाभार्थी संपर्क अभियान को लेकर जिला कार्यशाला का हुआ आयोजन

# घर-घर जाकर लाभार्थियों से संवाद करेंगे कार्यकर्ता

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान के अध्यक्षता में आगामी कार्यक्रम लाभार्थी संपर्क अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन हुआ।

मुख्य अतिथि भाजपा जिला प्रभारी हरिचरण कुशवाहा ने बताया कि भाजपा नेतृत्व के निर्देशानुसार 25 फरवरी से 5 मार्च तक जिले भर में लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया जाएगा। जिसके तहत केन्द्र और राज्य में भाजपा सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लोगों के बीच जाकर संवाद स्थापित किया जाएगा। बताया कि मोदी सरकार ने जो भी योजनाएं चलाई हैं, वे सीधे तौर पर जरूरतमंदों तक पहुंची हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि केन्द्र सरकार ने जनहित योजनाओं को धरातल पर उतारकर जनता से किए गए हर वादे को पूरा किया है। गरीब कल्याण को ध्यान में रखते हुए कई कल्याणकारी योजनाओं को शुरू किया है। जिसका परिणाम रहा कि 2014 से 2023 के बीच लगभग 25 करोड़ से अधिक भारतीय गरीबी से बाहर आए है। जिला मीडिया प्रभारी भाजपा निशांत पांडेय ने बताया कि कार्यशाला में सांसद जगदंबिका पाल, विधायक बांसी राजा जय प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री डॉ. सतीश द्विवेदी, लोकसभा प्रभारी समीर त्रिपाठी, लोकसभा संयोजक राम कुमार कुंवर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य साधना चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष लाल जी त्रिपाठी, बृजबिहारी मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, तेजू विश्वकर्मा, जिला मंत्री कार्यक्रम संयोजक फतेबहादुर सिंह, अजय उपाध्याय, लोकसभा विस्तारक शैलेश द्विवेदी, चेयरमैन बढ़नी सुनील अग्रहरी, अजय गुप्ता, अजय शर्मा, अरुण मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा विकास पाण्डेय, संपूर्णा नंद पांडेय, अर्चिष्मान मिश्र, बजरंगी गोस्वामी, मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।




कार्यशाला में बोलते भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान। अमृत विचार

### कल प्रभावित रहेगा गाड़ियों का संचालन

**गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा ने इज्जतनगर मंडल के गुरसहायगंज स्टेशन मास्टर कार्यालय में उन्नत किस्म के सिगनलिंग गियर लगाने के लिये नॉन इंटरलॉक कार्य किये जाने के कारण 15 फरवरी को गाड़ियों का निरस्तीकरण, शार्ट टर्मिनेशन, एवं नियंत्रण किया जायेगा। 05344 फर्रूखाबाद-कानपुर अनवरगंज अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। जबकि 15037 कानपुर अनवरगंज-कासगंज एक्सप्रेस कासगंज के स्थान पर फर्रूखाबाद में यात्रा समाप्त करेगी। 15038 कासगंज-कानपुर अनवरगंज एक्सप्रेस खुदागंज स्टेशन पर 30 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।

# निर्वाचन आयोग के निर्देशों का शत प्रतिशत पालन करें : डीएम

## लोकसभा सामान्य निर्वाचन सकुशल और निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराने को लेकर डीएम ने किया बैठक


अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और शुचिता पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस लिया है। मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के प्रभारी/सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ तैयारियों से सम्बंधित समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी जय प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक संत कुमार भी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने लोकसभा निर्वाचन ड्यूटी में लगाए गए प्रभारी अधिकारियों और सहायक प्रभारी अधिकारियों को उनके उत्तरदायित्वों के अनुसार गुणवत्ता युक्त कार्यों के निष्पादन से सम्बंधित विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रभारी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों के अनुसार कार्य का पूरी संवेदनशीलता के साथ सम्पादन करना सुनिश्चित करेंगे।

जिला जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के संबंध में अधिसूचना जल्द ही जारी किये जाने कि सम्भावना है। इसलिए सभी अधिकारियों का नैतिक दायित्व है कि अपनी-अपनी निर्धारित निर्वाचन ड्यूटी के अनुसार समय रहते पूरी तरह से अपने कार्यों से भलिभांति परिचित होते हुए सम्पूर्ण तैयारी बना लें। जिससे कार्य के दौरान असहज स्थिति न उत्पन्न हो। जिलाधिकारी ने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके द्वारा अपने-अपने कार्यों के संबंध में तत्काल कार्यवाही प्रारंभ करते हुए चुनाव पूर्व की सारी तैयारियां पूर्ण करा लें। जिससे चुनाव के दौरान चुनाव के कार्य निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप समयबद्धता के साथ संपन्न हो सके। समीक्षा के दौरान जिला मजिस्ट्रेट ने स्पष्ट किया कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान सभी अधिकारियों के द्वारा सभी कार्य आयोग के द्वारा निर्धारित किए गए मानकों के अनुरूप ही संपन्न किए जाएंगे। जिला मजिस्ट्रेट ने यह भी निर्देश दिया कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान सभी अधिकारी चुनाव के सभी कार्य पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ सम्पन्न कराएंगे।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी जय प्रकाश ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत निर्वाचन ड्यूटी में लगाये गये सभी प्रभारी अधिकारियों और सहायक प्रभारी अधिकारियों को उनके कार्य और उत्तरदायित्व के अनुसार एक-एक कर विस्तार से बताते हुए अधिकारियों द्वारा विगत चुनाव के दौरान उनके कार्य अनुभव के बारे में भी जानकारी लिया। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल और निष्पक्ष सम्पन्न कराने के लिए नोडल अधिकारियों को उनके विभागीय कार्यों के अनुरूप दी गयी जिम्मेदारियों से सम्बंधित समस्त तैयारियां पहले से ही सुनिश्चित करा ली जायें। जिससे त्रुटि की सम्भावना न रहे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने तैयारियों की समीक्षा के दौरान मतदान व मतगणना कार्मिक, ईवीएम सम्बंधित कार्य, वाहन, लेखन सामग्री, डाक मतपत्र, कन्ट्रोल रूम का संचालन, एमसीएमसी, स्ट्रांग रूम, खान-पान, टेन्ट, फर्नीचर, सूचना का आदान-प्रदान, दूरसंचार की व्यवस्था, प्रेक्षक व्यवस्था आदि से सम्बंधित सभी व्यवस्थाओं पर अबतक की गई तैयारियों की गहन समीक्षा करते हुए नियुक्त अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

जिला मजिस्ट्रेट ने सभी प्रभारी अधिकारियों, नोडल अधिकारियों और सहायक प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन से सम्बंधित आगामी समीक्षा बैठक से पहले अधिकारी गण अपने कार्यों, उत्तर दायित्वों को सम्पादित कराने से सम्बंधित तैयारियों की पीपीटी बना लें। जिसके माध्यम से अगली बैठक में स्वयं अपनी तैयारियों का बेहतरीन प्रदर्शन कर सकेंगे।

इस अवसर पर अपर उप जिलाधिकारी रमेश चन्द्र, उप जिलाधिकारी सदर शैलेश दूबे, उप जिलाधिकारी धनघटा उत्कर्ष श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर डा. सुनील कुमार, जिला विकास अधिकारी सुरेश चन्द्र केसरवानी, डीसी मनरेगा प्रभात द्विवेदी, पीडी संजय कुमार नायक, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर ब्रजेश सिंह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी चन्द्रशेखर यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक संदीप चौधरी, बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित सिंह, समाज कल्याण अधिकारी महेन्द्र कुमार, पूर्ति अधिकारी राजीव शुक्ल, अधिशाषी अधिकारी नलकूप लालचन्द, अधिशाषी अभियन्ता, जिला बचत अधिकारी उग्रसेन प्रताप सिंह, जिला आबकारी अधिकारी आर.पी. तिवारी, सहायक निर्वाचन अधिकारी ओम प्रकाश सहित सम्बंधित विभागों के तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### वैक्सीन की सुरक्षा के लिए कोल्ड चेन हैंडलर्स को मिला प्रशिक्षण

**बलरामपुर।** मंगलवार को नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत कोल्ड चेन हैंडलर्स का दो दिवसीय प्रशिक्षण मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में आयोजित हुआ। बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण रामबाण की तरह है। ऐसे में वैक्सीन की उचित तापमान पर रख-रखाव की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है। ग्रामीण क्षेत्रों में कोल्ड चेन की देखरेख के लिए कोल्ड चेन हैंडलर की तैनाती की गयी है। इन लोगों की जिम्मेदारी नियमित टीकाकरण के वैक्सीन की रख-रखाव की है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि नियमित टीकाकरण हेतु वैक्सीन का बेहतर रख-रखाव कोल्ड चेन के माध्यम से किया जाता है। कोल्ड चेन हैंडलर के माध्यम से ग्रामीण इलाकों में चलने वाले स्वास्थ्य केंद्रों पर स्थापित कोल्ड चेन के ग्रेडिंग में सुधार को लेकर कार्यशाला में सुझाव व सहयोग दिया गया। उन्होंने बताया कि इस वर्कशाप में मुख्य रूप से तीन विषयों पर विशेष जोर दिया गया। जिसमें नियमित टीकाकरण माइक्रोप्लान अपडेट करना, एवीडी प्लान बनाना व सुपरवाइजरी प्लान बनाने के साथ ही कोल्ड चेन के रख–रखाव शामिल है।

### बिजली व्यवस्था सुदृढ़ रखने को काटे जा रहे पेड़

**गैड़ास बुजुर्ग, बलरामपुर।** बिजली व्यवस्था दुरूस्थ रखने के लिए विभाग की ओर से लाइनों के सुधारीकरण और लाइन को छू रहे पेड़ों के कटान का कार्य मंगलवार को किया गया। जिस कारण घंटों तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही। हालांकि इस कार्य की जानकारी बिजली विभाग द्वारा व्हाट्सएप ग्रुप व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पहले ही उपभोक्ताओं को दिया गया था। ताकि उपभोक्ता बिजली संबंधी अपना कार्य समय से निपटा लें। जेई विजय रंजन यादव ने बताया कि उतरौला तहसील, आईपीडीएस, टाउन व देहात फीडर की लाइनों में सुधारीकरण और लाइनों को छू रहे पेड़ों की टहनियों का कटान का कार्य किया जा रहा है। इस कारण फीडर से जुड़े क्षेत्रों में 5 घंटे से अधिक समय तक बिजली गुल रह सकती है। यह कार्य बुधवार को भी जारी रह सकता है। इसके अलावा अन्य दिनों में प्रयास किया जाएगा कि यह कार्य रोसिंटग समय में निपटा लिया जाए। दरअसल गर्मी में बिजली व्यवस्था सुदृढ़ रखने के लिए बिजली लाइनों का सुधारीकरण और 33 केवी की लाइन के संपर्क में आ रहे पेड़ो के कटान कार्य किया जा रहा है। 33 केवी लाइन को छू रही पेड़ों की टहनियों का कटान व छटान कार्य के लिए शटडाउन लिया गया है।

### कन्या कंपोजिट विद्यालय तुलसीपुर में हुआ वार्षिकोत्सव

**बलरामपुर।** कन्या कंपोजिट विद्यालय तुलसीपुर में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा को प्रदर्शित किया। कार्यकर्म में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अदनान फिरोज बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में भाजपा जिला मंत्री विष्णु देव गुप्ता, उद्योग व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष अनिल, सभासद अब्दुल कुदूस व डायट अतिथियों के रूप मे डायट मेंटर अब्दूल वदूद, डायट प्रवक्ता पवन वर्मा व सुरेंद्र कुमार उपस्थिति रहे। कंपोजिट स्कूल कन्या तुलसीपुर की संकुल शिक्षिका कुसुम कुमारी ने कार्यकर्म का संचालन किया। कार्यक्रम मे बच्चों को उनके विभिन्न उपलब्धियों के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पद्मा वर्मा द्वारा विद्यालय की विकास योजना व निपुण योजना के से परिचित कराया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ प्रियंका गुप्ता, मेहरुन्निसा, पूनम त्रिपाठी, कमलेश विश्वकर्मा व नंदलाल शामिल रहे।

## परिषदीय विद्यालयों में मना वार्षिकोत्सव

**गैड़ास बुजुर्ग, बलरामपुर।** मंगलवार को उतरौला तहसील क्षेत्र के सभी परिषदीय विद्यालयों में वार्षिकोत्सव, अभिभावक अध्यापक गोष्ठी हुई। इस अवसर पर स्कूलों में रंगोली बनाई गई और स्कूलों को सजाया भी गया। साथ ही पीटीएम में अभिभावकों से सीधी बातचीत की गई और बच्चों की प्रगति रिपोर्ट के बारे में भी अभिभावकों से शिक्षक शिक्षिकाओं ने चर्चा की। इस अवसर पर अभिभावक अध्यापक बैठक में छात्रों की विद्यालय में उपस्थिति, परीक्षाफल, व्यवहार संबंधी रिपोर्ट, प्रगति व अन्य क्रिया-कलाप, शिक्षकों द्वारा गुणवत्तापरक शिक्षा में छात्रों के लर्निंग आउटकम व अध्यापन कार्य के लिए किए जा रहे प्रयास यथा दीक्षा एप, निपुण भारत मिशन, डीबीटी, आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए शारदा कार्यक्रम, दिव्यांग बच्चों के लिए समर्थ कार्यक्रम व स्वीप के माध्यम से वोट के अधिकार व महत्व पर चर्चा की गई। निपुण विद्यालय आंकलन के परीक्षा परिणाम के अनुसार निपुण बच्चों और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। प्राथमिक विद्यालय लालपुर जुनेद, कंपोजिट विद्यालय पिपरामा, अमया द्वितीय, बदलपुर, मधपुर, मस्जिदिया, हरनीडीह, बकसरिया, जोगीवीर सहित सभी विद्यालयों में दीप जलाकर वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया गया। अध्यापिका शहनाज़ बेगम, रेहना, अनीता, मोहम्मद फिरोज, आरती, असद फातिमा, अयूब, मुश्ताक, नंदलाल, नफीस, फातमा शाहिद सहित शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल रहीं।

# कुश्ती संघ के दोबारा प्रदेश उपाध्यक्ष बने डॉ. जेपी शर्मा


कुश्ती संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. जय प्रकाश शर्मा का स्वागत करते भाजपाई।

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** जिले के लोकप्रिय समाजसेवी डॉ. जय प्रकाश शर्मा को एक बार फिर कुस्ती संघ का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। मनोनयन की सूचना मिलते ही भाजपा नेताओं, जन प्रतिनिधियों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने विभिन्न माध्यमों से डा. शर्मा को शुभकामनाएं प्रेषित किया है।

बताते चलें कि जिले के लोकप्रिय समाजसेवी डॉ जय प्रकाश शर्मा अपने सेवा कार्यों की बदौलत गरीबों और बेसहारा लोगों के दिनों पर राज करने लगे हैं। गरीब लड़कियों की शादी हो या किसी गरीब की बीमारी, गरीब बच्चों की पढ़ाई हो या उनके रोजी रोजगार का प्रबंध हर मामले में समाजसेवी डॉ जय प्रकाश शर्मा बढ़-चढ़कर लोगों की मदद में जुटे हैं। आलम यह है कि गरीब जनता उन्हें अपना मसीहा मानने लगी है। सेवा कार्यों के बदले सरकार उन्हें भारत रत्न श्री सम्मान से अलंकृत कर चुकी है और वर्तमान समय में वे भारतीय कुश्ती संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष भी हैं।

# सफल छात्रों को गायत्री परिवार ने किया सम्मानित

**संतकबीरनगर।** मगहर स्थित स्वामी विवेकानंद ज्ञानपीठ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सम्पन्न हुई। गायत्री तीर्थ कुंज के तत्वाधान में आयोजित इस परीक्षा में सफल छात्र छात्राओं को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

विद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा गायत्री परिवार से आए माकण्डेय पाण्डेय, हरिराम मिश्र, डा. हरिश्चन्द्र चौधरी व डा.हरि गोविन्द की देख रेख में सम्पन्न हुई। इस परीक्षा में कक्षा प्रथम से आठवीं तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमे वैष्णवी त्रिपाठी प्रथम, सफीना शेख द्वितीय तथा सलोनी निषाद व सपना यादव ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन छात्रों का गायत्री परिवार के द्वारा विधि विधान से पूजन कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। प्रबंधक मंगल प्रसाद वर्मा ने कहा कि विद्यालय में छात्रों का भविष्य सुरक्षित है। बच्चों को बौद्धिक व संस्कारी रूप से मजबूत बनाने के लिए समय समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य निशा दूबे, सरोज, अंजू शुक्ला, सरफराज अंसारी, राहुल कुमार, शुभम, चांदनी, सृष्टि, निशु, फरहत आदि मौजूद रहे।

# ईओ के खिलाफ शिकायतों की हुई पुष्टि, कार्रवाई तय


संदीप कुमार सरोज, निवर्तमान ईओ मेंहदावल


- डीएम ने कार्रवाई के लिए नगर निकाय निदेशक को भेजा पत्र
- ईओ नहीं साबित कर पाए चेयरमैन प्रतिनिधि और सभासदों पर 10 लाख की चोरी का आरोप

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** नगर पंचायत मेंहदावल में पिछले दिनों पूर्व ईओ और चेयरमैन के बीच हुए विवाद और ईओ द्वारा गाली देने का मामला बेहद तूल पकड़ लिया था। ईओ द्वारा चेयरमैन प्रतिनिधि और कर्मचारी को गाली देने का आडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। बाद में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने एसडीएम मेंहदावल को मामले की जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। एसडीएम की जांच में पूर्व ईओ संदीप कुमार सरोज पर लगे आरोप सही पाए गए और ईओ द्वारा आवास से 10 लाख रुपए और जरुरी फाइलों को चुराने का आरोप झूठा पाया गया। जांच में ईओ संदीप कुमार सरोज कर्मचारी सेवा आचरण नियमावली के दोषी पाए गए। ईओ संदीप कुमार सरोज 10 लाख रुपए की आय का कोई सोर्स भी नहीं साबित कर सके। आवास का ताला तोड़े जाने के आरोपों की भी पुष्टि नहीं हो सकी। एसडीएम ने अपनी जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंप दिया। रिपोर्ट का अवलोकन करने के बाद जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने ईओ संदीप कुमार सरोज के खिलाफ कार्रवाई के लिए नगर निकाय निदेशक को पत्र भेज दिया है। ईओ संदीप कुमार सरोज के खिलाफ कभी भी विभागीय कार्रवाई हो सकती है।

# 595 करोड़ से कांशीराम स्पोर्ट्स स्टेडियम का होगा कायाकल्प

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में सोमवार की देर शाम खेल विभाग की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभागार में की गयी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार उपस्थित रहे। उप क्रीडाधिकारी दिलीप कुमार ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि माननीय कांशीराम स्पोर्ट्स स्टेडियम संतकबीरनगर के जीर्णोद्धार कार्य के लिए 594.74 लाख रुपए की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। जिसमें से 298.37 लाख रुपए पहली किस्त के रूप में कार्यदाई संस्था यूपी आरएनएसएस को मिल चुके हैं। कार्यदाई संस्था द्वारा टेंडर की प्रक्रिया शुरू करा दी गई है। जिलाधिकारी ने उप क्रीडाधिकारी को निर्देशित किया कि मा. कांशीराम स्पोर्ट्स स्टेडियम जीर्णोद्धार कार्य के लिए स्वीकृति के उपरान्त कार्यदायी संस्था से अविलम्ब कार्य प्रारम्भ कारा दिया जाय। कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए सभी कार्य मानक के अनुरूप हों इस बात का विशेष ख्याल रखा जाय। बैठक में विभिन्न विभागों के तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

# सीएचसी मेंहदावल में कुत्तों का बसेरा


सीएचसी मेंहदावल के वार्ड में आराम फरमाते कुत्ते। अमृत विचार

**मेंहदावल, संतकबीरनगर, अमृत विचार।** स्वास्थ महकमे के मुखिया ब्रजेश पाठक को आईना दिखाने वाली और हैरान कर देने वाली तश्वीर मेंहदावल से सामने आई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेंहदावल के मरीज भगवान भरोसे हैं। अस्पताल में इंसानों से ज्यादा कुत्तों का ख्याल रखा जा रहा है। अस्पताल परिसर में आवारा कुत्तों का बसेरा रहता है। मरीजों के साथ कुत्तों को भी खाना मुहैया कराया जाता है। ऐसे में अस्पताल के मरीजों को इंफेक्शन का खतरा लगातार बना हुआ है। गरीब और असहाय मरीजों की सुधि लेने वाला कोई नहीं है।

मेंहदावल में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहां के अस्पताल में मरीजों को इलाज नसीब नहीं हो पाता और यहां कुत्ते बेड और वार्ड में आराम फरमा रहे हैं। सरकारी अस्पताल के बेड के आस पास दो कुत्ते के आराम करने का फोटो अमृत विचार की पड़ताल में सामने आया। अस्पताल में कुत्तों की धमा-चौकड़ी मरीजों और परिजनों के लिए खतरा बनी हुई है। इस मामले में अब अधिकारियों ने कार्रवाई की बात कही है। यूपी के कई शहरों से आवारा कुत्तों के काटने के मामले सामने आ चुके हैं। जिससे मेंहदावल के सरकारी महकमा सबक नहीं ले रहा है। सोमवार की रात को अमृत विचार की पड़ताल में अस्पताल के जनरल वार्ड के बेड के बगल में एक कुत्ता बड़े आराम से सो रहा था।

**क्या बोले डीएम!**

पूरे मामले पर डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि अस्पताल के वार्डों में कुत्ते घूमें यह बड़ी लापरवाही है। इसके लिए सीएमओ से बात करुंगा। सभी सीएचसी और पीएचसी अधीक्षकों से बात कर तत्काल व्यवस्था सही कराई जाएगी। मरीजों की सेहत से खिलवाड़ और दायित्वों में लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# एमपीपी इंटर कॉलेज केंद्र पर होंगी संस्कृत बोर्ड परीक्षाएं

**बलरामपुर।** संस्कृत बोर्ड परीक्षा 2024 को लेकर डायट सभागार में केंद्र व्यवस्थापक व कालेज प्रधानाचार्य की बैठक आयोजित की गई। संस्कृत बोर्ड परीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम ने कहा कि जिले में चार संस्कृत विद्यालयों का परीक्षा केंद्र एमपीपी इंटर कॉलेज को बनाया गया है। विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश प्रताप सिंह व एमपीपी संस्कृत महाविद्यालय प्रधानाचार्य, आदर्श संस्कृत विद्यालय तुलसीपुर प्रधानाचार्य उमाकांत मिश्रा, आदर्श संस्कृत माध्यमिक विद्यालय भगवतीगंज प्रधानाचार्य अनुराग मिश्रा को बोर्ड परीक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश देते हुए उन्हें नकल विहीन शांतिपूर्ण परीक्षा आयोजन का निर्देश दिया। बोर्ड परीक्षा 2024 की परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू होगी।

## सार-संक्षेप

### मोदी ने महिलाओं को सशक्त करने का किया कार्य : पल्टूराम


समारोह में सम्मान पत्र देकर सम्मानित करते सदर विधायक पल्टूराम व अन्य।

**बलरामपुर।** सदर ब्लॉक परिसर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित नारी शक्ति अभियान के तहत नारी शक्ति सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक पल्टूराम ने सम्मिलित होकर मातृ शक्तियों का अभिनंदन और शक्ति वंदन सम्मान पत्र देकर सम्मानित कर सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति को अग्रिम पंक्ति में लाने का कार्य किया जा रहा है। महिलाओं को विधानसभा और लोकसभा के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण देने का कार्य किया गया है। जिससे आने वाले समय में महिलाओं को विधानसभा और लोकसभा में नेतृत्व करने का मौका मिलेगा। महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है। आज महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। जिससे वे अपने परिवार का भरण पोषण करने के साथ सशक्त हो रही है। सदर विधायक ने कहा कि देश नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए तैयार है। उनके नेतृत्व में सभी वर्गों का विकास किया जा रहा है। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी अनूप सिंह, एसडीएम संदीप त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख गोविंद सोनकर, एडीओ पंचायत प्रेम प्रकाश, जिला महामंत्री भाजपा वरुण सिंह मोनू, जिला उपाध्यक्ष आद्या सिंह, भाजपा नेत्री झूमा सिंह, जिला मंत्री सुनीता मिश्रा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ललिता तिवारी, सुधा पाण्डेय, सरला सिन्हा, नगर अध्यक्ष कृष्ण गोपाल गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष राकेश गुप्ता, भाजपा नेता आकाश पाण्डेय, जिला कार्य समिति सदस्य संदीप उपाध्याय, मण्डल अध्यक्ष शिव प्रताप सिंह व स्वयं सहायता समूह की बहने व कार्यकर्ताबन्धु उपस्थित रहे।

### सरकार ने गरीबों के कल्याण की योजना बनाई: राहुल राज


गांव चलो अभियान के तहत बूथ समिति व पन्ना प्रमुखों के साथ मौजूद जिला प्रभारी।

**बलरामपुर** गैसडी विधान सभा के ग्राम सूरत सिंह डीह में बूथ क्रमांक 139, 140 भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी ने गांव चलो अभियान के तहत बूथ पर जन सामान्य से योजनाओं की चर्चा करते हुए योजनाओं की जानकारी करते हुए जो छूटे है ऐसे लोगों का फार्म भरवाया गया व बूथ समिति पन्ना प्रमुख बनाया गया। गांव चलो अभियान के तहत गैसडी ग्राम बूथ समिति व पन्ना प्रमुखों को भाजपा जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा की डबल इन्जन की सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किये है। पांच सौ वर्षों के संघर्ष पर विराम लगाकर भगवान प्रभु राम का भव्य मंदिर का निर्माण कराया, धारा 370 समाप्त किया, ऐसे ही सैकड़ो ऐतिहासिक कार्य कराए गए हैं। गांव, गरीब, किसान, हर समाज हर वर्ग के हितों के लिए लाभकारी योजनाओं का सृजन कर जरूरतमंदों के जरूरत को पूरा किया। लाभार्थियों की समस्याओं को सुनकर त्वरित निस्तारण सभी विभाग के अधिकारियों के वार्ता कर समस्याओं का समाधान कराया। ग्राम निवासियो से संवाद कर समस्या व सरकार की कार्यकारी योजनाओं हेतु चाय पर चर्चा हुई व समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों से भी वार्ता की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष जुगुल किशोर पांडेय, संतराम व बूथ कमेटी सहित मंडल संयोजक, ग्राम प्रधान, शक्ति केंद्र के संयोजक, पन्ना प्रमुख व ग्राम संयोजक मयूर सिंह के साथ ग्राम निवासियों से संवाद कर फीड बैक लिया।

### रमवापुर सरकारी विद्यालय पर रोजगार मेले का आयोजन


अभ्यर्थी को प्रमाणपत्र सौंपते मुख्य अतिथि।

**सांथा, संतकबीरनगर।** सांथा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत रमवापुर सरकारी में राम नरेश चौधरी निजी आईटीआई रमवापुर सरकारी के प्रांगण में मंगलवार को रोजगार मेले का आयोजन हुआ। जिसमें दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत सांथा विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेला (द्वितीय चरण) का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि रामसुभग दुबे और राम नरेश चौधरी इंटर कालेज व कृषक विद्यामंदिर रमवापुर सरकारी के प्रधानाचार्य राकेश चौधरी मौजूद रहे। अतिथियों ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई दी। इस बीच प्रधानाचार्य राकेश चौधरी ने जिन अभ्यर्थियों का चयन नहीं हो सका उनका उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि निराश होने की ज़रूरत नहीं है। रोजगार मेले में नौ कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। रोजगार मेले में कुल 202 प्रशिक्षित अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। विभिन्न कम्पनियों द्वारा 45 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

## विचार विमर्श

### विकास कार्यों को लेकर जनप्रतिनिधि द्वारा दिए सुझावों को गंभीरता से लें अधिकारी, बेहतर तालमेल के साथ करें योजनाओं का क्रियान्वयन : डीएम

# अधिकारी व जनप्रतिनिधि बेहतर सामंजस्य के साथ करें कार्य : कीर्तिवर्धन



बैठक में शामिल गोंडा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह, डीएम अरविंद सिंह, सीडीओ संजीव कुमार मौर्य, समस्त विधायकगण व अन्य।

**बलरामपुर, अमृत विचार।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक गोंडा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह की अध्यक्षता व जिलाधिकारी अरविंद सिंह, श्रावस्ती सांसद राम शिरोमणि वर्मा, सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा की उपस्थिति में आयोजित हुई।

बैठक में गोंडा अध्यक्ष सांसद कीर्ति वर्धन सिंह द्वारा केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजना मनरेगा, स्वयं सहायता समूह आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, नई सड़कों का निर्माण, गड्ढा मुक्त सड़के, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, गन्ना भुगतान, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, परंपरागत कृषि विकास योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार, फसल बीमा योजना, कृषि अवसंरचना निधि योजना, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, स्वामित्व योजना, ग्राम स्वराज योजना, अमृत योजना, स्वच्छ भारत मिशन, विद्युतीकरण, नए नलकूपों को की स्थापना, सिंचाई आदि की प्रगति की समीक्षा की गई।

उन्होंने नई सड़कों के निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखते तेजी लाए जाने, अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराए जाने, संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाने साहित आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी एवं जन प्रतिनिधिगण बेहतर सामंजस्य के साथ जनता के लिए जनहित में कार्य करें। सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओ का लाभ पात्रों को मिले।

इस अवसर पर डीएम अरविंद सिंह ने कहा की जनप्रतिनिधिगण द्वारा विकास कार्यों को लेकर जो भी सुझाव व फीडबैक दिए गए हैं, अधिकारी गंभीरता से लें। अधिकारी जनप्रतिनिधीकरण से बेहतर तालमेल बनाए रखते हुए विकास कार्यों को और आगे ले जाएं। इस अवसर पर एसपी केशव कुमार, सीडीओ संजीव कुमार मौर्य, ब्लॉक प्रमुख, नगर पालिका अध्यक्ष, एडीएम प्रदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रमोद कुमार, डीएफओ व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### आज आएंगे भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रभारी पांडा

**अमृत विचार, लखनऊः** प्रदेश में भाजपा लोकसभा चुनाव संगठन का प्रदेश प्रभारी बनने के बाद बुधवार को पहली बार पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा लखनऊ आएंगे। सुबह 8 :45 बजे चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व प्रदेश महामंत्री ( संगठन) धर्मपाल सिंह सहित उनका स्वागत करेगें।

### जिलास्तर से रूर्बन मिशन कार्यों का होगा सत्यापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन योजना के कार्यों का सत्यापन मंडल व जिला स्तर से गठित कमेटी करेगी। ग्राम्य विकास आयुक्त ने जिलाधिकारी को मंडल व जिला स्तर की संयुक्त कमेटी बनाकर सत्यापन कराने के निर्देश दिए हैं।

# फर्जी शिक्षकों को बचाने में मदरसा बोर्ड के पूर्व रजिस्ट्रार निलंबित

## दो मदरसा शिक्षकों के फर्जी अंक पत्रों के सत्यापन में दी गलत रिपोर्ट, विधायक ने मुख्यमंत्री से की थी शिकायत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कुशीनगर के मदरसे में दो शिक्षकों ने नियुक्ति के लिए लगाए फर्जी अंक पत्र
- शैक्षिक अभिलेख फर्जी पाये जाने के बाद भी तत्कालीन रजिस्ट्रार ने नहीं की कार्रवाई

**अमृत विचार :** मदरसा शिक्षा परिषद के पूर्व रजिस्ट्रार जगमोहन सिंह को शासन ने निलंबित कर दिया है। उनके खिलाफ विभागीय जांच का भी आदेश दिया गया है। सोमवार देर शाम को यह कार्रवाई कुशीनगर के हाटा से भाजपा विधायक मोहन वर्मा की शिकायत पर की गई है। विधायक ने मुख्यमंत्री से दो शिक्षकों के फर्जी अंक पत्र के सत्यापन में गलत रिपोर्ट लगाने का आरोप लगाया था। इस मामले की जांच पूरी होने पर उनको बर्खास्त भी किया जा सकता है।

कुशीनगर जनपद के मदरसा तेगिया शरीफिया नुरूल उलूम शाहपुर के दो शिक्षक साबिर अली अंसारी एवं जाकिर हुसैन अंसारी ने फर्जी अंक पत्र के आधार पर नौकरी हासिल की। दोनों शिक्षकों के अंक पत्र का सत्यापन कराने की मांग मदरसा गौसिया फैजुल उलूम महियरवां, दुदहीं के लिपिक अनवर हुसैन द्वारा की गई। तत्कालीन रजिस्ट्रार जगमोहन सिंह ने अपने कार्यालय द्वारा जारी पत्र संख्या-916 में जाकिर हुसैन की कामिल वर्ष 2014 व साबिर अली की आलिम वर्ष 2014 के अंक पत्रों का मिलान मुख्य परीक्षा अभिलेख से कराया जो पूर्णतया असत्य एवं फर्जी पाया गया। इसके बाद भी इन शिक्षकों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।

**शासन को भटकाने का किया था प्रयास :** दोनों शिक्षकों के शैक्षिक अभिलेख फर्जी पाये जाने के बाद भी तत्कालीन रजिस्ट्रार जगमोहन सिंह ने कार्रवाई नहीं की। न ही दोनों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कराया। विधायक का आरोप है कि दोनों मदरसा शिक्षकों से मोटी रकम लेकर अपने कार्यकाल में 26 जुलाई 2022 को दस्तावेज को सही बता दिया गया। साथ ही शासन का ध्यान भटकाने के लिए बिना कोई कारण बताए अपने कार्यालय में तैनात लिपिक अरुण कुमार तिवारी और राकेश को 27 जुलाई 2022 को निलंबित कर दिया। मामला शांत होने के बाद रजिस्ट्रार ने दोनों को बहाल भी कर दिया था।

### हाटा के विधायक ने मुख्यमंत्री से की शिकायत

इसकी जानकारी होने पर कुशीनगर जनपद के हाटा से भाजपा विधायक मोहन वर्मा ने वर्ष 2023 मई में मुख्यमंत्री को पत्र लिखा। जिसमें पूर्व रजिस्ट्रार व इस मामले से संबंधित सभी तथ्यों की जांच एसआईटी से कराने और दोषियों पर कारर्वाई की मांग की। मुख्यमंत्री कार्यालय से जांच का आदेश जारी हुआ। शुरुआती जांच में पूर्व रजिस्ट्रार दोषी पाए गए। इस आधार पर तत्काल प्रभाव से उनको निलंबित कर दिया गया।

# मास्टर ट्रेनर्स ने दिया मतदान कराने का प्रशिक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मतदान प्रकिया के संचालन की प्रक्रिया को बताया

**अमृत विचारः** उप्र. के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों को मतदान कराने का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मतदान पार्टियों के प्रस्थान, मतदान प्रकिया के संचालन और इस प्रक्रिया की समाप्ति से लेकर ईवीएम मशीनों के जमा करने से संबंधित विभिन्न पहलुओं के संबंध में जानकारी दी गई। मंगलवार को सभी जिलों के दो-दो मास्टर ट्रेनर्स के लिए दीन दयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बख्शी का तालाब, लखनऊ में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रशिक्षित नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर एवं उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी अमित सिंह द्वारा यह प्रशिक्षण दिया गया। दरअसल, भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में मुख्य निर्वाचन उप्र. के नेतृत्व में आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारियों के मद्देनजर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी कुमार विनीत ने निर्विवाद निर्वाचन सम्पन्न कराने की अपील की।

# जया समेत सपा के तीनों प्रत्याशियों ने किया नामांकन

## अखिलेश और शिवपाल रहे मौजूद, सपा को अपना तीसरा प्रत्याशी जिताने को रहेगी एक वोट की आवश्यकता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** पार्टी के तीनों उम्मीदवारों जया बच्चन, रामजी लाल सुमन और आलोक रंजन ने मंगलवार को नामांकन किया। विधानभवन के कमरा नंबर 48 में इस दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव, पार्टी महासचिव शिवपाल यादव, समेत अन्य विधायक मौजूद रहे।

मंगलवार को विधानभवन में निर्वाचन अधिकारी ब्रजभूषण दुबे के समक्ष सपा के तीनों उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दस-दस प्रस्तावकों के हस्ताक्षर के साथ दाखिल किया। निर्वाचन अधिकारी व विधानसभा के विशेष सचिव ने बताया कि तीनों प्रत्याशियों ने दो-दो सेट में अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। सभी उम्मीदवारों ने दोपहर 12 बजे नामांकन दाखिल किये।

**तीनों उम्मीदवारों को जिता सकती है सपा :** सपा के वरिष्ठ प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने सपा ने राज्यसभा में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के लिए दलित नेता रामजी लाल सुमन पर भरोसा जताया है। चौधरी ने कहा कि रालोद के एनडीए में जाने से राज्यसभा चुनाव के नतीजे पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सपा गठबंधन के पास इतना संख्या बल है कि वह अपने तीनों उम्मीदवारों को जिता सकती है।

सपा के पास 108 विधायक हैं और विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) में उसकी सहयोगी कांग्रेस के पास दो विधायक हैं। राज्यसभा में एक उम्मीदवार की सीट सुरक्षित करने के लिए 37 प्रथम वरीयता वोटों की आवश्यकता होगी और इस तरह सपा तीन सदस्यों को राज्यसभा में भेज सकती है।

### आलोक रंजन व उनकी पत्नी के पास 12.50 करोड़ की संपत्ति

लखनऊ। पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन ने राज्यसभा के लिए जो नामांकन फार्म भरा उसके मुताबिक, उनके पास नकदी 20,000 रुपये की नकदी है। जबकि पत्नी के पास भी नकदी के रूप में इतने ही रुपये हैं। वहीं, विभिन्न बैंकों में कुल जमा राशि 1,42,77,924 .11 रुपये हैं। पत्नी के नाम बैंकों में जमा 27,27,752 .86 रुपये जमा हैं। पूर्व मुख्य सचिव का शेयर आदि में निवेश का मूल्य 2,67,26,526 .31 रुपये जबकि पत्नी द्वारा शेयर आदि में निवेश का मूल्य 1,09,70,670 .00 रुपये का है। आलोक रंजन के नाम से एक होण्डा सिटी और पत्नी के पास के महिन्द्रा केयूवी कार है। उनके स्वयं के पास ज्वेलरी है जिसकी कीमत करीब 4,00,000 रुपये है। पत्नी के पास करीब 46,88,250 कीमत के गहने हैं। 1976 बैच के एमबीए पूर्व आईएएस के पास 70 लाख कीमत की अस्थायी संपत्ति है जबकि 3 करोड़ 75 लाख की पत्नी के नाम है।



जया बच्चन का नामांकन पत्र दाखिल करते सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव साथ में अन्य। अमृत विचार

### पांच साल में छह गुना बढ़ी जया की संपत्ति

लखनऊ। सपा की ओर से एक बार फिर राज्यसभा जाने को तैयार जया बच्चन ने मंगलवार को जो नामांकन फार्म भरा उसके मुताबिक उनके पास कुल 1001 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति है। उनकी संपत्ति 5 साल में 6 गुना बढ़ गई है। इनकम टैक्स रिटर्न के मुताबिक, जया बच्चन ने वित्त वर्ष 2022-23 में 1,63,56,190 रुपये की कमाई की थी। जबकि पांच साल पहले यानी 2018-19 में उनकी कमाई 25,54,410 रुपये थी। जया बच्चन ने नामांकन पत्र में अपने पति और दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन की संपत्ति का ब्योरा भी दिया है। जिसके मुताबिक वित्तीय वर्ष 2022-23 में अमिताभ बच्चन की कमाई 273,74,96,590 रुपये, 2020-21 में 226,30,11,810 रुपये, 2019-20 में 152,19,16,340 रुपये और 2018-19 में 193,66,97,120 रुपये की थी। इसके अलावा जया बच्चन के पास 57,507 रुपये और अमिताभ बच्चन के पास 12,75,446 रुपये नकद हैं। जया बच्चन के पास 9,82,385 रुपये की मोटर व्हीकल है। वहीं अमिताभ बच्चन के नाम पर 17 करोड़ 66 लाख रुपये से ज्यादा की लग्जरी कारें हैं। इसके अलावा जया बच्चन के पास जहां 40 करोड़ 97 लाख रुपये से ज्यादा की ज्वैलरी है। वहीं अमिताभ बच्चन के पास 54 करोड़ 77 लाख रुपये की ज्वैलरी है।

### रामजी लाल सुमन के पास 60 हजार की नकदी

लखनऊ : सपा के राज्यसभा उम्मीदवारों में से एक रामजी लाल सुमन के नामांकन फार्म से संबद्ध हलफनामे के मुताबिक, उनके पास मात्र 60 हजार की नकदी है। जबकि उनके कोई आश्रित भी नहीं हैं। उनके पास बैंक में डिपॉजिट एलआईसी और तीन लाख की ज्वेलरी समेत कुल स्थायी संपत्ति 37,18 हजार 189 रुपये हैं। जबकि लॉ ग्रेजुएट सुमन के पास 1 करोड़ 85 लाख कीमत की संपत्ति है।

**नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख कलः** राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 15 फरवरी है। नामांकन पत्रों की समीक्षा 16 फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे से की जाएगी। मतदान 27 फरवरी को होगा और नतीजे उसी दिन घोषित किए जाएंगे।

राज्यसभा सदस्य चुने जाने के लिए 37 विधायकों के वोट चाहिए। सपा के वर्तमान में 108 विधायक हैं, उसे तीन सीटों पर जीत के लिए 111 विधायकों की जरूरत है। चूंकि विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए में सपा भी शामिल है, ऐसे में उसे कांग्रेस के दो विधायकों का समर्थन मिल जाएगा। उसे सिर्फ एक वोट की और जरूरत पड़ेगी।

# खजूर वाली मस्जिद समिति के अध्यक्ष व सचिव पर दर्ज होगी प्राथमिकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शिया वक्फ बोर्ड ने खजूर वाली मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष व सचिव पर लगे आरोपों की कराई थी जांच
- बोर्ड आरसी कटवाकर करेगा नुकसान की वसूली

**अमृत विचार :** शिया वक्फ बोर्ड की जांच में अयोध्या के खजूर वाली मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष व सचिव पर बिना अनुमति के दुकान निर्माण कराने व आवंटन कर धन उगाही का आरोप सही पाया गया है। इस मामले में जांच अधिकारी ने एफआईआर दर्ज करने व दुकानों को सील करने की संस्तुति की है। इस पर बोर्ड ने अयोध्या के एसएसपी और विकास प्राधिकरण के वीसी को पत्र लिखा है। वहीं, बोर्ड अध्यक्ष व सचिव के खिलाफ आरसी कटवाकर नुकसान की वसूली करेगा।

अयोध्या स्थित खजूर वाली मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष व सचिव पर बोर्ड की अनुमति के बिना ही वक्फ संपत्ति पर दुकान का निर्माण कराने और उसका आवंटन कर धन उगाही का आरोप लगा। चेयरमैन अली जैदी ने इस मामले में निरीक्षक को जांच सौंपी थी। निरीक्षक ने अपनी जांच रिपोर्ट बोर्ड को सौंप दी। बोर्ड ने जांच रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी अयोध्या व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर प्राथमिकी दर्ज कराने की सिफारिश की है। वहीं, अयोध्या विकास प्राधिकरण से दुकानों को सील करने को कहा है।

यूपी शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के मीडिया सेल से जारी पत्र के मुताबिक मस्जिद समिति के अध्यक्ष व सचिव पर सरकार से मिले मुआवजे का दुरुपयोग करने व बोर्ड के नाम पर अवैध वसूली करने की शिकायत भी सही पाई गई। कमेटी के अध्यक्ष और सचिव द्वारा अपने और अपने सगे संबंधियों के नाम दुकानों का आवंटन कर ख़ुद के बचत खातो में पैसा लेकर वक्फ एक्ट का उल्लंघन किया है।

# लखनऊ में होगा सहकारिता सम्मेलन, आएंगे अमित शाह

**अमृत विचार, लखनऊः** भारतीय जनता पार्टी सहकारिता प्रकोष्ठ की मंगलवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर हुई बैठक में सहकारिता सम्मेलन आयोजित करके लोकसभा चुनाव में सभी 80 सीटें जीतने की रणनीति बनाई गई। प्रदेश के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि फरवरी के अन्तिम सप्ताह में आयोजित होने वाले सहकारिता सम्मेलन को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह संबोधित करेंगे।

उन्होंने बताया कि सम्मेलन को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता को संबोधित करेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर ने कहा कि तैयारी बैठक में सम्मेलन के लिए जिम्मेदारियों के निर्धारण व अभूतपूर्व सम्मेलन के रोड मैप को अंतिम रूप दिया गया। बैठक को विधान परिषद सदस्य पवन चौहान, अवनीश कुमार सिंह, ओमप्रकाश सिंह, प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डीके शर्मा ने भी संबोधित किया।

# फूड पॉइजनिंग के शिकार हुए 41 लोग, अस्पताल में भर्ती

## तिलक समारोह का खाना खाने के बाद बिगड़ी हालत, हड़कंप

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जिले के महरी गांव में आयोजित तिलक समारोह में गांव के लोगों ने खाना खाया। दूसरे दिन मंगलवार शाम से लोगों की तबियत खराब होने लगी। एंबुलेंस से 41 लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों की टीम सभी का इलाज करने में लगी है।

राम गांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बौकहा के मजरा रिंकू पुत्र श्याम लाल का विवाह तय हुआ था। जिसमें सोमवार को जिले के गुदुवापुर से तिलक आई। वर और वधू पक्ष के लोगों ने खाना खाया। सोमवार रात और मंगलवार सुबह तक कुछ नहीं हुआ। वहीं रात आठ बजे से अचानक लोगों को उल्टी और दस्त शुरू हो गई। इससे पूरे गांव में अफरा तफरी मच गई। पुलिस को सूचना दी गई। प्रभारी निरीक्षक शशि राणा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फूड पॉइजनिंग के शिकार लोगों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। एंबुलेंस के जिला प्रबंधक सुधीर त्रिपाठी ने बताया कि 16 एंबुलेंस से लोगों को लाया गया। जिला अस्पताल में राधेश्याम पुत्र श्याम लाल, अभय पुत्र राधेश्याम, शुभम पुत्र प्रेम कुमार, सावित्री पुत्री राम लोटन, सुभाष चंद्र पुत्र राम लोटन, विकास पुत्र प्रेम नारायण, संध्या पुत्र प्रेम नारायण, अर्जुन पुत्र रमेश, सविता पुत्री मायाराम, पूनम पत्नी पिंटू, चमेला देवी पत्नी, श्यामलाल समेत 41 लोग बीमार हो गए। इनमें बच्चे और बूढ़े भी शामिल हैं। सभी का डॉक्टर शहीर खान की अगुवाई में टीम इलाज कर रही है। घटना की जानकारी होने पर जिलाधिकारी मोनिका रानी भी 9.45 बजे अस्पताल पहुंची। उन्होंने बीमार लोगों का हाल जाना। वर रिंकू की भाभी लज्जावती ने बताया टिक्की से फूड पॉइजनिंग की आशंका है।



भोजन की जांच करती टीम। अमृत विचार

### विभाग ने लिया सैंपल

फूड पॉइजनिंग की जानकारी होने पर प्रभारी निरीक्षक शशि राणा ने अधिकारियों को अवगत कराया। जिस पर खाद्य विभाग की टीम ने सैंपल लिया। अभिहित अधिकारी विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि जांच रिपोर्ट के बाद ही पता चल सकेगा।

# आपदा नियंत्रण को आईआईटी रुड़की से लेंगे मदद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर राहत आयुक्त और आईआईटी रुड़की के बीच जल्द साइन होगा एमओयू

**अमृत विचारः** राज्य सरकार प्रदेश में आपदाओं से निपटने के लिए आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञों का सहयोग लेगी। सरकार के निर्देश पर राहत आयुक्त कार्यालय और आईआईटी रुड़की के बीच जल्द ही एक एमओयू साइन किया जाएगा।

इसके तहत आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञ विभाग के कर्मचारियों को आपदा बचाव के उच्च प्रबंधन का प्रशिक्षण देने का मार्ग प्रशस्त करेंगे। साथ ही, आपदाओं पर शोध व आंकलन के जरिए प्रदेश में ऐसी स्थिति होने से पहले ही कार्य योजना के विकास व क्रियान्वयन का मार्ग सुनिश्चित करेंगे।

अपर मुख्य सचिव सुधीर गर्ग ने बताया कि देश के अन्य राज्यों की तुलना में आपदाओं की दृष्टि से उप्र संवेदनशील है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस विषय पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने हाल में ही आपदा प्रबंधन की समीक्षा बैठक में इससे निपटने और इसके कारणों पर अध्ययन करने के निर्देश दिये थे। इसी क्रम में, आईआईटी रुड़की से एमओयू को लेकर बातचीत चल रही है। एमओयू को लेकर आईआईटी रुड़की और राहत आयुक्त कार्यालय के बीच सहमति बन गई है जल्दी ही दोनों के बीच एमओयू साइन किया जाएगा। यह एमओयू पांच साल के लिए मान्य होगा। इसके तहत आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञ आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण देने के साथ इसके कारणों पर शोध करेंगे। इतना ही नहीं विशेषज्ञ उत्तर प्रदेश के जलवायु पैटर्न, प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली और जोखिम पर शोध करेंगे। इसके जरिये आपदाओं से निपटने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों व सटीक कार्यप्रणाली के विकास का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

### चकबंदी संबंधी कार्यों में भी करेगा सहयोग

राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञ आपदा प्रबंधन के साथ चकबंदी संबंधी मामलों में अपना सहयोग करेंगे। आईआईटी रुड़की चकबंदी के सर्वेक्षण और भूमि की नाप-जोख में तकनीकी सहयोग के माध्यम से मामलों के निपटारे में अहम भूमिका निभाएगा।

# कानपुर में मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनाएगा जेके सीमेंट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश में कई परियोजनाओं में करेंगे निवेश करने की तैयारी

**अमृत विचारः** जेके सीमेंट लिमिटेड के उप प्रबंध निदेशक व सीईओ माधवकृष्ण सिंघानिया ने प्रदेश में कंपनी के विकास के लिए दीर्घकालिक रोड मैप तैयार करने और रोजगार सृजन के अवसरों को रेखांकित करने के उद्देश्य से ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 में भाग लेंगे। इनका कहना है कि सीमेंट की कई इकाईयों के साथ कानपुर में मल्टी स्पेशेलिटी हॉस्पिटल स्थापित करने की तैयारी में है।

माधवकृष्ण सिंघानिया ने कहा कि जीबीसी के माध्यम से अलीगढ़ संयंत्र के लिए 300 करोड़ रुपये का शुरुआती निवेश करेंगे, इसी तरह हमीरपुर संयंत्र के लिए 400 करोड़ रुपये के साथ 500 करोड़ रुपये की लागत के साथ प्रयागराज इकाई के लिए नवीनतम निवेश में परिवर्तित होगा।

जेके सीमेंट लिमिटेड ने कानपुर में एक सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल 'यदुपति सिंघानिया मेमोरियल सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल' स्थापित करने के क्षेत्र में सहयोग करने के लिए आईआईटी कानपुर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए थे और 350 करोड़ रुपये के निवेश के साथ कानपुर में एक मल्टी स्पेशेलिटी हॉस्पिटल स्थापित करने का अवसर भी तलाश रहा है।

# पंचायत की जमीन पर कब्जा करने का आरोप

जगतपुर, रायबरेली

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के मेल्खा साहब गांव के रहने वाले गोलू पासी ने डीएम व एसपी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है, कि ग्राम समाज की जमीन पर गांव के ही दबंगों द्वारा जबरन कब्जा किया जा रहा था। समाधान दिवस के दिन लेखपाल व दो सिपाही मौके पर पहुंचे थे और पैमाइश शुरू कराई थी। इसी दौरान बिना लोगों को सूचना दिए ही जेसीबी के माध्यम से खुदाई शुरू हो गई।

बिना किसी आदेश के खुदाई करने का गांव वालों ने विरोध भी किया। जिसको लेकर नाराज स्थानीय लोगों ने वीडियो बनाना शुरू कर दिया। जिसके बाद सिपाहियों द्वारा वीडियो बना रहे हैं युवक की पिटाई कर दी और उसके मोबाइल से उसका वीडियो डिलीट करा दिया। गांव के ही दबंगों द्वारा सड़क किनारे बेस कीमती जमीन पर कब्जा करने के उद्देश्य से लगातार लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है।

लेकिन भारी विरोध देखते हुए पुलिस के भी हाथ पांव फूल गए। और मौके से हल्का लेखपाल भी गायब हो गए इसके बाद ग्रामीणों ने जमकर तांडव किया। नाराज ग्रामीणों ने डीएम और एसपी से मामले की शिकायत की जिसमें गांव निवासी गोलू पासी ने लिखित शिकायती पत्र देकर दबंगो पर कार्यवाही की मांग की है। जगतपुर की थानेदार व दो सिपाहियों को भी नामजद किया है। आरोप लगाया है कि इन्ही लोगों द्वारा मोटी रकम लेकर जबरन भूमि पर कब्जा करवाया जा रहा है।

# डीपीआरओ ने शौचालयों का किया निरीक्षण, दिखे संतुष्ट

सांथा, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** मंगलवार को डीपीआरओ अविनाश कुमार ने ग्राम पंचायत जंगल दशहरा और ग्राम पंचायत बुढी बेलहर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समुदायिक शौचालय, आरआरसी सेंटर, कायाकल्प से हो रहे कार्य व प्राथमिक विद्यालय जंगल दशहर मे चल रहे आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बुढी बेलहर ग्राम पंचायत में समुदायिक शौचालय, पंचायत भवन, इंटर लाकिंग का भी निरीक्षण किया। डीपीआरओ ने ग्राम विकास अधिकारी सुशील कुमार सिंह व एडीओ पंचायत सभाजीत यादव को निर्देशित किया कि जो भी काम अधूरे हैं उसे जल्द से जल्द पूर्ण करवाया जाय। डीपीआरओ अविनाश ने बताया कि ग्राम पंचायत जंगल दशहर व बुढी बेलहर मे सामुदायिक शौचालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण मे सामुदायिक शौचालयों मे केयर टेकर मौजूद मिले। मेरे द्वारा सख्त हिदायत देते हुए कहा गया है कि अगर किसी ग्राम पंचायत में कार्यों में लापरवाही की गई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कठोर करवाई की जाएगी। इस दौरान सुशील कुमार सिंह, सुनील कुमार पाण्डेय, ब्लॉक समन्वयक, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि भीम बहादुर सिंह, सदरे आलम, ग्राम प्रधान शायदा खातून, ई. आलोक रंजन यादव, संतोष कुमार यादव समेत तमाम लोग मौजूद रहे।



सामुदायिक शौचालयों का निरीक्षण करते डीपीआरओ। अमृत विचार

# लोकसभा चुनाव में पार्टी की जीत का उठाया बीड़ा

**रायबरेली।** भाजपा कार्यालय अटल भवन में विधानसभा मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। जिसके तहत जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी व ज्वाइनिंग कमेटी के अध्यक्ष पूर्व जिला महामंत्री विशाल पांडेय के नेतृत्व में पूर्व सभासद, रिटायर्ड कर्मचारी व समाजसेवियो के साथ सैकडो लोगो ने भाजपा का दामन थामा। समारोह के मुख्य अतिथि ज़िला प्रभारी पीयूष मिश्रा रहे। उन्होने कहा कि होने वाले लोकसभा चुनाव ने हम सब मिलकर प्रदेश की सभी सीटो पर कमल खिलायेंगे। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ने कहा कि सामाजिक एकता के मिशाल भारतीय जनता पार्टी में आज प्रत्येक वर्ग के प्रत्येक समाज के व्यक्तियों ने अपना समर्थन जताया है।

# इसरान और वंदना ने लगाई सबसे तेज दौड़

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के 46 वें वार्षिक क्रीड़ा समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. जय शंकर, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय, निहस्था द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

डॉ दीक्षा शर्मा के निर्देशन में सभी क्रीड़ा सदनों द्वारा सलामी मार्च कराया गया। पूर्व चैंपियन मो. खालिद व कुंकुम् मोदनवाल ने जलती मशाल लेकर ट्रैक की परिक्रमा की। कार्यक्रम का संचालन समारोहक द्वय डॉ लेखा मिर्जा व डॉ नीता सोनकर तथा संयोजन क्रीड़ा प्रभारी डॉ बालेन्द्र यादव ने किया। 100 मी०छात्र दौड़ में खालिद प्रथम , अहमद नूर दूसरे और सत्यम कुमार तीसरे स्थान पर रहे ।100 मी०छात्रा दौड़ में कुंकुम् मोदन वाल प्रथम ,रूपम मोदनवाल द्वतीय, कांति तृतीय स्थान पर रहे । 800 मी०छात्र दौड़ में इसरान प्रथम, सत्यम कुमार द्वातीय , प्रमोद कुमार तृतीय स्थान पर थे। 800 मी.छात्रा दौड़ में वंदना प्रथम, शिल्पी दूसरे और संध्या तीसरे स्थान पर थी । गोला (शॉटपुट) छात्र में सैफ रज़ा खां प्रथम , अभिषेक सरोज द्वातीय, सलिल मिश्रा तृतीय। गोला (शॉटपुट) छात्रा में रुचि विश्वकर्मा प्रथम, आरुषि साहू द्वतीय, गुंजा और प्रीति सयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर थी। चक्र पक्षेपण छात्र में क्रमशःअभिषेक सरोज, सैफ रज़ा खां, सलिल मिश्रा का स्थान रहा । चक्र पक्षेपण छात्रा में क्रमशःरुचि विश्वकर्मा, 48 फीट, गुंजा, सकीना हसन और शिरीन बानो पर रही।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 71,555.19 | 21,743.25 |
| बढ़त | 482.70 | 127.20 |
| प्रतिशत में | 0.68 | 0.59 |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 815 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1125 बोल्ड 1155 डीएमओ 900।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800। |

# चावल की कुछ किस्मों के लिए एचएसएन कोड विकसित करने पर विचार कर रही है सरकार

## वाणिज्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल ने दी जानकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार चावल की कुछ किस्मों के लिए नए एचएसएन कोड विकसित करने पर विचार कर रही है ताकि उन किस्मों का निर्यात किया जा सके जिनका पारंपरिक रूप से देश में लोग उपभोग नहीं करते हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

वर्तमान में गैर-बासमती सफेद चावल की सभी किस्मों के निर्यात पर प्रतिबंध है। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) की प्रस्तुति के अनुसार, लाल चावल, काले चावल और कालानमक चावल जैसी जीआई



(भौगोलिक संकेतक) दर्जे वाले चावल की किस्मों के लिए अलग-अलग एचएसएन कोड पर काम जारी है। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की भाषा में प्रत्येक उत्पाद को एचएसएन कोड (हारमोनाइज्ड सिस्टम ऑफ नोमेनक्लेचर) के तहत वर्गीकृत किया जाता है। यह दुनिया भर में वस्तुओं के व्यवस्थित वर्गीकरण में मदद करता है।

वाणिज्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि गैर-बासमती चावल की करीब 40-50 किस्में होती हैं। सरकार जब उसके निर्यात पर प्रतिबंध लगाती है, तो सोना मसूरी, गोविंद भोग, कालानमक या सामान्य सफेद गैर-बासमती चावल जैसी सभी किस्मों का निर्यात बंद हो जाता है। उन्होंने कहा कि चावल की कुछ अन्य किस्मों के लिए नया एचएसएन कोड उद्योग की मांग है, इसमें अंतर कैसे करें यह आंतरिक बहस का मुद्दा है। कहा-हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं ऐसा करने की जरूरत है या नहीं।

### संबंधित पक्षों से परामर्श के बाद निर्णय लेगा मंत्रालय

सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि इसमें संतुलन बनाने की जरूरत है और यह निर्णय मंत्रालय संबंधित पक्षों से परामर्श के बाद लेगा। वर्तमान में गैर-बासमती चावल के लिए छह एचएसएन कोड और बासमती चावल के लिए एक कोड है। चावल, चीनी और गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध के कारण कृषि-निर्यात में नौ प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एपीडा की पहल के बारे में उन्होंने कहा कि इससे निर्यात किए जाने वाले कृषि उत्पाद तथा उनके गंतव्यों का विस्तार हुआ है। भारत ने सिंघाड़े और मखाने जैसी वस्तुओं का निर्यात भी शुरू कर दिया है। अतिरिक्त सचिव ने कहा-यह कृषि क्षेत्र को काफी मजबूती देता है।

## गोल्ड ईटीएफ की चमक जारी, जनवरी में 657 करोड़ रुपये का निवेश

**नई दिल्ली।** सोने में निवेश को लेकर आकर्षण बना हुआ है। इसका पता इस बात से चलता है कि गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में जनवरी में 657 करोड़ रुपये निवेश किए गए, जो इससे पिछले महीने की तुलना में सात गुना है। उद्योग संगठन एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) ने यह जानकारी दी।

विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक स्तर पर जारी तनाव और अमेरिका में उच्च मुद्रास्फीति के बीच निवेश के लिए सोना एक सुरक्षित विकल्प है। उद्योग संगठन के आंकड़ों से पता चलता है कि इस निवेश के साथ जनवरी के अंत तक गोल्ड फंड की प्रबंधन के तहत संपत्ति (एयूएम) 1.6 प्रतिशत बढ़कर 27,778 करोड़ रुपये हो गई। यह राशि दिसंबर 2023 के अंत में 27,336 करोड़ रुपये थी।

# शेयर बाजारों में रौनक लौटी सेंसेक्स 483 अंक उछला

**मुंबई, एजेंसी**

- निफ्टी भी 127 अंक बढ़कर 21,743.25 अंक पर बंद



वैश्विक बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच बैंक, वित्तीय सेवाओं और आईटी क्षेत्र के शेयरों में खरीदारी से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में रौनक लौट आई और बीएसई सेंसेक्स 482 अंक से अधिक बढ़त में रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 482.70 अंक यानी 0.68 प्रतिशत बढ़कर 71,555.19 अंक पर बंद हुआ। उतार-चढ़ाव से कारोबार के दौरान सेंसेक्स 71,662.74 अंक के ऊपरी और 70,924.30 अंक के निचले स्तर तक भी गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 127.20 अंक यानी 0.59 प्रतिशत बढ़कर 21,743.25 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 में से 25 शेयर बढ़त लेने में सफल रहे जबकि निफ्टी के 50 में से 11 को छोड़कर बाकी सभी शेयरों में तेजी दर्ज की गई। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से आईसीआईसीआई बैंक में सर्वाधिक 2.46 प्रतिशत की तेजी रही। एक्सिस बैंक, विप्रो, कोटक महिंद्रा बैंक और एनटीपीसी भी प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-घरेलू बाजार काफी हद तक पिछले सत्र की गिरावट से उबर गए। इसके पीछे बैंकिंग क्षेत्र के प्रदर्शन की अहम भूमिका रही। जनवरी में कारोबारी धारणा को बल मिला है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,100 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,100 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,800-48,000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,200 |
| चांदी तैयार | 74,300 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,000 |
| चांदी पक्की | 720(अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,150 |
| चांदी आभूषण | 73,200। |

## एनसीएलटी ने गो फर्स्ट के दिवाला प्रक्रिया की समय सीमा बढ़ाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बंद पड़ी एयरलाइन गो फर्स्ट के समाधान की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए समय सीमा 60 दिनों के लिए बढ़ा दी गई है। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने मंगलवार को यह फैसला किया।

एनसीएलटी की दिल्ली स्थित दो सदस्यीय पीठ ने गो फर्स्ट के समाधान पेशेवर (आरपी) की याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) को पूरा करने के लिए समयसीमा बढ़ाने की मांग की गई थी। समाधान पेशेवर की ओर से पेश दिवाकर माहेश्वरी ने तर्क दिया कि अब तक तीन पक्षों ने गो फर्स्ट के लिए अपनी रुचि दिखाई है और बयाना राशि जमा की है। इन कंपनियों से गो फर्स्ट के लिए समाधान योजनाएं मिलने की उम्मीद है। कंपनी 10 मई, 2023 से समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है। एनसीएलटी ने इससे पहले पिछले साल 23 नवंबर को 90 दिनों का विस्तार दिया था, जो 4 फरवरी को खत्म हो गया। वहीं स्पाइसजेट, शारजाह स्थित स्काई वन और अफ्रीकी महाद्वीप में केंद्रित कंपनी सैफ्रिक इन्वेस्टमेंट्स ने गो फर्स्ट को खरीदने में रुचि दिखाई है।

## भारत का कोयला आयात दिसंबर में 27 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारत का कोयला आयात दिसंबर 2023 में सालाना आधार पर 27.2 प्रतिशत बढ़कर 2.335 करोड़ टन हो गया। कोयला मंत्रालय वित्त वर्ष 2026 तक शून्य तापीय कोयला आयात का लक्ष्य लेकर चल रहा है। बी2बी (कंपनियों के बीच) ई-वाणिज्य कंपनी एमजंक्शन सर्विसेज के आंकड़ों के अनुसार, देश का कोयला आयात दिसंबर 2022 में एक करोड़ 83.5 लाख टन था। एमजंक्शन सर्विसेज के अनुसार-दिसंबर 2023 में कोयले का आयात करीब 2.335 करोड़ टन था... दिसंबर 2022 की तुलना में 27.25 प्रतिशत अधिक रहा।

# विकसित देश बनने के लिए 7-8% की वृद्धि दर जरूरी

**हैदराबाद, एजेंसी**

- आरबीआई के पूर्व गवर्नर सी रंगराजन ने कही बात



भारत को 2047 तक 13,000 अमेरिकी डॉलर की प्रति व्यक्ति आय के साथ विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सालाना सात से आठ प्रतिशत की वृद्धि दर जरूरी है। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर सी रंगराजन ने मंगलवार को यह बात कही।

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के पूर्व चेयरमैन ने यह भी कहा कि असमानता या गरीबी को कम करने के लिए नवाचार एकमात्र समाधान नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि तेज वृद्धि के अलावा, देश को नकदी और न्यूनतम आय जैसी सब्सिडी के रूप में सामाजिक सुरक्षा जाल की भी जरूरत हो सकती है। रंगराजन ने कहा-मेरे हिसाब से 7-8 प्रतिशत के बीच की वास्तविक वृद्धि इसे विकसित अर्थव्यवस्था के करीब ले जाएगी। विकसित अर्थव्यवस्था की परिभाषा के अनुसार प्रति व्यक्ति आय 13,000 अमेरिकी डॉलर या उससे अधिक है। भारत की प्रति व्यक्ति आय इस वक्त 2700 अमेरिकी डॉलर है। इसका मतलब है कि प्रति व्यक्ति आय बढ़ाकर पांच गुनी करनी होगी। रंगराजन ने कहा कि इसलिए भारतीय अर्थव्यवस्था की डॉलर के मूल्य में गणना वास्तविक वृद्धि, मुद्रास्फीति के स्तर और विनिमय दर पर निर्भर करती है। वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के पूर्व महानिदेशक रघुनाथ अनंत माशेलकर ने आज आईसीएफएआई के 13वें स्थापना दिवस पर व्याख्यान दिया। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति रंगराजन ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए जुड़कर समारोह की अध्यक्षता की।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### हिंदू विरोधी टिप्पणी के लिए शिक्षिका बर्खास्त

**मंगलुरु (कर्नाटक)।** मंगलुरु के एक निजी स्कूल में छात्रों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में एक शिक्षिका को बर्खास्त कर दिया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सेंट गेरोसा हायर प्राइमरी स्कूल के प्रबंधन ने सातवीं कक्षा के छात्र के माता-पिता की शिकायत और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं के हंगामे के बाद यह कार्रवाई की। छात्र के माता-पिता ने सोमवार को मंगलुरु दक्षिण पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई कि शिक्षिका ने 'कार्य ही पूजा है' विषय पर कक्षा के दौरान हिंदू देवताओं के बारे में कथित रूप से आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया।

#### दिल्ली में ट्रेन के डिब्बे में अचानक लगी आग

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली के पटेल नगर रेलवे स्टेशन पर खड़ी एक खाली यात्री ट्रेन के एक डिब्बे में मंगलवार को दोपहर में अचानक आग लग गई। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि विभाग को दोपहर एक बजकर 33 मिनट पर सूचना मिली और दमकल की पांच गाड़ियों को वहां भेजा गया। हालांकि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग (डीएफएस) के एक अधिकारी ने कहा कि आग पर दोपहर दो बजकर 25 मिनट पर काबू पा लिया गया।

# कोर्ट की जमीन पर 'आप' का दफ्तर हटाने का निर्देश

## न्यायालय की जमीन पर सियासी दफ्तर होने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राउज़ एवेन्यू स्थित आम आदमी पार्टी के दफ्तर की जमीन पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर हैरानी जताते हुए कहा कि हैरानी की बात है कि दिल्ली हाईकोर्ट की जमीन पर एक राजनीतिक दल का दफ्तर चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी का कार्यालय बनाए जाने को संज्ञान में लेते हुए मंगलवार को नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि सत्ताधारी पार्टी को अपना कार्यालय यहां से हटाना होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दिल्ली हाईकोर्ट को ये जमीन लौटाई जाए. दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव, पीडब्ल्यूडी सचिव और वित्त सचिव अगली तारीख से पहले हाईकोर्ट



के रजिस्ट्रार जनरल के साथ एक बैठक हो और मामले का समाधान निकले। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि कोई भी कानून अपने हाथ में नहीं ले सकता है. कोई राजनीतिक दल उस पर कैसे बैठ सकता है? हाईकोर्ट को कब्जा दिया जाना चाहिए। हाईकोर्ट इसका उपयोग केवल जनता और नागरिकों के लिए करेगा। हम निर्देश देते हैं कि दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव, पीडब्ल्यूडी सचिव और वित्त सचिव अगली तारीख से पहले हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल के साथ एक बैठक बुलाएं। ताकि सभी मुद्दों का समाधान सुनिश्चित हो सके। सभी अतिक्रमण हटाए जाएंगे इस मामले को आगे के निर्देशों के लिए सोमवार को सुनवाई करेंगे।

**क्या है पूरा मामला:** दरअसल एमिकस क्यूरी के परमेश्वर ने बेंच को सूचित किया कि सरकार को एक पार्टी से कब्ज़ा लेना था और इसे हमें देना था। अधिकारी कब्जा लेने गए तो उन्हें बताया गया कि यह कब्जा आम आदमी पार्टी के हाथ में है। अदालत ने देश भर में न्यायिक बुनियादी ढांचे से संबंधित एक मामले से निपटने के दौरान इस मुद्दे पर ध्यान दिया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ को एमिकस क्यूरी के परमेश्वर ने सूचित किया कि एक राजनीतिक दल का कार्यालय वहां बनाया गया है और वे जमीन वापस नहीं ले सके।

### मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने दी चेतावनी

उच्चतम न्यायालय के नाराज मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने आप के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार की ओर से पेश वकील को चेतावनी दी कि जमीन उच्च न्यायालय को वापस कर दी जानी चाहिए। पिछली सुनवाई में, शीर्ष अदालत ने दिल्ली जिला न्यायपालिका में बुनियादी ढांचे के लिए धन उपलब्ध कराने के प्रति उदासीन रवैये के लिए दिल्ली सरकार की आलोचना की थी। उस समय, सीजेआई ने कहा था कि मार्च 2021 तक चार में से तीन परियोजनाओं के लिए मंजूरी दे दी गई थी। हालांकि, इन परियोजनाओं के लिए धन जारी किया जाना बाकी था।

## आप ने दिल्ली में कांग्रेस के लिए एक लोकसभा सीट की पेशकश की

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को कहा कि वह 2024 के लोकसभा चुनाव में दिल्ली में छह सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है और कांग्रेस को सिर्फ एक सीट देने की इच्छुक है। पार्टी ने दावा किया विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में उसकी वरिष्ठ सहयोगी कांग्रेस राष्ट्रीय राजधानी में पिछले चुनावों में अपने प्रदर्शन को देखते हुए एक सीट की भी हकदार नहीं है।

आम आदमी पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक के बाद यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) संदीप पाठक ने कहा कि वे दिल्ली के लिए सीट बंटवारे पर बातचीत फिर से शुरू होने के वास्ते एक महीने से अधिक समय से इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अभीत तक कोई संवाद नहीं हुआ है।

# उत्तर प्रदेश में केजरीवाल के खिलाफ कार्यवाही पर रोक की अवधि बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### भाजपा-कांग्रेस पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का मामला



उच्चतम न्यायालय ने 2014 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान उत्तर प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस पर कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कार्यवाही पर अंतरिम रोक की अवधि मंगलवार को बढ़ा दी।

केजरीवाल ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के उस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया है, जिसने सुलतानपुर की एक अधीनस्थ अदालत के समक्ष लंबित आपराधिक मामले में उन्हें आरोप मुक्त करने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की पीठ केजरीवाल द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के लिए राजी हो गई। पीठ ने कहा-अंतरिम आदेश बरकरार रहने दीजिए। यह सब क्या है? ये सभी अप्रासंगिक मामले हैं। यह ऐसा मामला नहीं है जिस पर हम गौर करें। केजरीवाल पर जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 125 के तहत चुनावों के संबंध में वर्गों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गया है। केजरीवाल ने दो मई 2014 को प्रचार अभियान में कहा था, जो कांग्रेस को वोट देगा, .देश के साथ गद्दारी होगी... जो भाजपा को वोट देगा उसे खुदा भी माफ नहीं करेगा।

## मणिपुर में फिर गोलीबारी, एक ग्रामीण की मौत

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले में दो समुदायों के बीच मंगलवार को हुई गोलीबारी में 25 वर्षीय ग्रामीण की मौत हो गयी जबकि दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी की यह घटना कांगपोकपी जिले की सीमा से लगे पुखाओ शांतिपुर में हुई। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान सगोलसेम लोया के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि उसे इंफाल के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। रविवार रात से पुखाओ और आसपास के पहाड़ी इलाकों में रुक-रुक कर गोलीबारी की घटनाएं सामने आ रही हैं। मणिपुर में पिछले साल तीन मई से कुकी और मेइती समुदाय के बीच भिड़की हिंसा में अब तक 180 लोगों की जान जा चुकी है।

## मेरे राजनीतिक जीवन की नई शुरुआत : अशोक चव्हाण

**मुंबई, एजेंसी**



- भाजपा में शामिल होने के बाद महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री बोले

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण कांग्रेस छोड़ने के एक दिन बाद मंगलवार को सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हो गए।

चव्हाण (65) को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले, पार्टी की मुंबई इकाई के प्रमुख आशीष शेलार और कैबिनेट मंत्री गिरीश महाजन समेत कई नेताओं की उपस्थिति में मुंबई स्थित पार्टी कार्यालय में भाजपा में शामिल किया गया। कांग्रेस में लगभग चार दशक बिताने वाले चव्हाण ने नए चरण के बारे में कहा कि आज का दिन उनकी नई राजनीतिक यात्रा की शुरुआत का प्रतीक है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री एस बी चव्हाण के बेटे अशोक चव्हाण ऐसे समय में भाजपा में शामिल हुए हैं जब ये अटकलें लगाई जा रही हैं कि उन्हें राज्यसभा का नामांकन दिया जा सकता है।

## सेंथिल बालाजी ने मंत्री पद से इस्तीफा दिया

**चेन्नई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद कई महीनों तक बिना विभाग के मंत्री रहे वी. सेंथिल बालाजी ने एम. के. स्टालिन के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। राजभवन की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्यपाल आर. एन. रवि ने इस संबंध में स्टालिन की सिफारिश स्वीकार कर ली है। राज्यपाल ने पहले बालाजी के मंत्रिमंडल में बने रहने का विरोध किया था। विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्य मंत्रिमंडल से सेंथिल बालाजी के इस्तीफे को स्वीकार करने की सिफारिश से संबंधित मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन के 12 फरवरी के एक पत्र के आधार पर राज्यपाल आर. एन. रवि ने इसे मंजूरी दे दी। करूर से द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के वरिष्ठ नेता बालाजी को 14 जून, 2023 को ईडी ने नौकरी के बदले नकदी घोटाले में गिरफ्तार किया था।

# भाजपा समर्थकों और पुलिस के बीच झड़प

### संदेशखालि मामला

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल के बशीरहाट में संदेशखालि ब्लॉक में महिलाओं द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए जाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदर्शन से पहले बशीरहाट के पुलिस अधीक्षक कार्यालय के आसपास लागू निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने का प्रयास करने वाले भाजपा समर्थकों और पुलिस के बीच झड़प हुई।

अधिकारियों ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक निषेधाज्ञा



यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए जाने को लेकर भाजपा के प्रदर्शन के दौरान पुलिस के अधिकारी लोगों से बातचीत करते हुए। • एजेंसी

लागू की गई है। उन्होंने बताया कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए बशीरहाट में एसपी कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। संदेशखालि, बशीरहाट पुलिस जिले के दायरे में आता है। भाजपा की प्रदेश इकाई ने घोषणा की थी कि उसके नेता उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि की स्थिति के विरोध में मंगलवार को एसपी कार्यालय का घेराव करेंगे।

## समीर वानखेड़े के खिलाफ जारी जांच दिल्ली स्थानांतरित

**मुंबई।** ईडी ने मंगलवार को बंबई उच्च न्यायालय को सूचित किया कि उसने स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के मुंबई जोन के पूर्व निदेशक समीर वानखेड़े के खिलाफ धनशोधन के मामले में जांच अपने दिल्ली कार्यालय को स्थानांतरित कर दी है। ईडी ने कहा कि वानखेड़े को उनके खिलाफ मामले को रद्द कराने के लिये बंबई उच्च न्यायालय की जगह दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख करना चाहिए। अपने खिलाफ मामले को रद्द कराने के लिये पिछले हफ्ते बंबई उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने वाले वानखेड़े ने अपनी याचिका पर फैसला होने तक जांच पर अस्थायी रोक लगाने और दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा की मांग की है।

# ईडी ने कोलकाता में कई स्थानों पर छापे मारे

**कोलकाता, एजेंसी**

- राशन घोटाले की जांच के संबंध में हुई कार्रवाई



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के राशन घोटाले की जांच के सिलसिले में मंगलवार को सुबह कोलकाता में कई स्थानों पर छापेमारी शुरू की। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय बलों के साथ आए ईडी के दलों ने सॉल्ट लेक, कइखाली, मिर्जा गालिब स्ट्रीट, हावड़ा और कुछ अन्य स्थानों पर छापे मारे। उन्होंने बताया कि जिन लोगों से पूछताछ की जा रही है उनमें कारोबारी और घोटाले में पहले गिरफ्तार किए गए आरोपियों के करीबी लोग शामिल हैं।

ईडी के एक अधिकारी ने कहा-ये छापे राशन वितरण घोटाले से जुड़े हैं। हमें मामले में पहले ही गिरफ्तार हुए लोगों से पूछताछ करने के बाद इन लोगों की संलिप्तता के बारे में जानकारी मिली है। उन्होंने बताया कि उत्तर 24 परगना जिले के एक विदेशी मुद्रा कारोबारी समेत तीन लोगों के परिसरों पर तलाशी ली जा रही है। उन्होंने बताया-इस घोटाले में पैसा विदेश में अलग-अलग खातों में भेजा गया। यह कारोबारी बनगांव से है और गिरफ्तार टीएमसी नेता शंकर आध्या से उसके अच्छे संबंध हैं।

आध्या बनगांव नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष हैं और केंद्रीय जांच एजेंसी ने पहले दावा किया था कि वह अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर पंजीकृत कम से कम 90 विदेशी मुद्रा व्यापार कंपनियों के मालिक हैं। अधिकारी ने बताया कि कारोबारी के सॉल्ट लेक के सेक्टर 5 में स्थित कार्यालय और ईएम बाईपास पर उसके दो फ्लैट में तलाशी ली जा रही है।

### कर्नाटक, आंध्र प्रदेश में 31 लाख रुपये नकद जब्त

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि उसने एक धनशोधन मामले के सिलसिले में कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में कई स्थानों पर तलाशी के दौरान 31 लाख रुपये की 'बेहिसाब' नकदी जब्त की है। ईडी ने एक बयान में कहा कि सूर्य नारायण रेड्डी और भरत रेड्डी नामक दो व्यक्तियों के खिलाफ धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था। बयान के अनुसार, धनशोधन का यह मामला कर्नाटक के बेल्लारी में दर्ज एक प्राथमिकी से उत्पन्न हुआ है और तलाशी 10 फरवरी को ली गई थी। इसमें कहा गया है कि एजेंसी को 'आपत्तिजनक साक्ष्य' मिले हैं, जो दर्शाते हैं कि भरत रेड्डी ने कथित तौर पर विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कुछ ही महीनों में लगभग 42 करोड़ रुपये नकद जुटाए और इस धन का इस्तेमाल 'गैरकानूनी लेनदेन' के लिए किया।

